

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 मुझे खुद को साबित करने की जरूरत थी : उमेश यादव

संजय राउत का इशारों -इशारों में राज ठाकरे पर निशाना 12

वर्ष : 12 | अंक : 336 | नई दिल्ली, रविवार, 17 अप्रैल, 2022 | चैत्र शुक्ल, प्रतिपदा, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 38.0°C

न्यूनतम तापमान 26.0°C

पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, पश्चिमी यूपी और दिल्ली के हिस्सों में लू चलने की संभावना है।

**पोल**

**उपचुनाव में बीजेपी की हार से क्या 2024 लोकसभा चुनाव पर असर पड़ेगा?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 20% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 54,805 |
| चांदी | 70,000 |
| सेंसेक्स | 58,338 |
| निफ्टी | 17,475 |

# दिल्ली में हनुमान जयंती शोभायात्रा के दौरान उपद्रव, सब इंस्पेक्टर घायल

- अरविंद केजरीवाल ने कहा शांति बनाए रखें
- अमित शाह ने की दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकाली जा रही शोभा यात्रा के दौरान पथराव हो गया। इस पथराव के बाद कुछ समय के लिए वहां पर अफरातफरी मच गई। इस हादसे में सब इंस्पेक्टर मदालाल जख्मी हो गए हैं वहीं एक अन्य पुलिसकर्मी भी घायल हैं। उग्र लोगों की भीड़ ने दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया है। दो पक्षों में झड़प के बाद हालात को काबू में करने के लिए जहांगीरपुरी में काफी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि शोभा यात्रा जब जहांगीरपुरी स्थित संप्रदाय विशेष के एक धार्मिक स्थल के पास से गुजर रही थी, तभी शोभा यात्रा पर पथराव शुरू कर दिया गया। इसके बाद भगदड़ की स्थिति पैदा हो गई और हिंसा भड़क गई। इसी दौरान कुछ लोगों ने वहां खड़ी एक ई-रिक्शा में आग लगा दी। आसपास तोड़फोड़ भी शुरू कर दी। फिलहाल बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी व आला अधिकारी स्थिति को नियंत्रण करने में जुट गए हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के जहांगीर पुरी में शोभायात्रा में पथराव की घटना बेहद निंदनीय है। जो भी दोषी हों उन पर सख़्त कार्रवाई होनी चाहिए। सभी लोगों से अपील- एक दूसरे का हाथ पकड़कर शांति बनाए रखें। बता दें कि इससे पहले भी रामनवमी पर जुलूस में राजस्थान एमपी सहित कई अन्य जगहों पर पथराव हो चुका है। इसको लेकर पहले से राजनीति हो रही है। अब इस मामले में भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने ट्वीट किया है। कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली के जहाँगीरपुरी में हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ पथराव आतंकी हरकत है।

### कांग्रेस का मिशन 2024...

# बड़े नेताओं के साथ सोनिया का मंथन

- मीटिंग में प्रशांत किशोर ने इस बात पर भी जोर दिया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को करीब 370 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



दिल्ली में कांग्रेस ने शनिवार को अचानक एक हाईलेवल बैठक बुलाई। 10 जनपथ में हुई इस मीटिंग में पार्टी के बड़े नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चा की गई। बैठक में प्रशांत किशोर की मौजूदगी ने सभी का ध्यान खींचा। सूत्रों के मुताबिक प्रशांत किशोर ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। जानकारी के मुताबिक मीटिंग में प्रशांत किशोर ने 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस नेताओं के सामने विस्तृत प्रिजेंटेशन दिया है। साथ ही 2024 की तैयारियों को लेकर रोडमैप भी बताया है। इस दौरान ग्रुप डिस्कशन के साथ ही व्यक्तिगत चर्चा भी हुई। हालांकि राहुल गांधी अभी भी 10 जनपथ में मौजूद रहे। मीटिंग से पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि सोनिया गांधी ने अर्जेंट मीटिंग बुलाई। मैं बैंगलुरु में था। मुझे इस बारे में जानकारी दी गई। साथ ही मीटिंग में शामिल होने के लिए कहा गया। कांग्रेस नेता अंबिका सोनी, दिग्विजय सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे और अजय माकन पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के आवास पर मीटिंग में शामिल हुए। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल भी बैठक में मौजूद रहे। बता दें कि 10 जनपथ पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक दोपहर करीब 3 बजे खत्म हो गई। बैठक में प्रशांत किशोर को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपना रुख एकदम स्पष्ट कर दिया है। पार्टी इस बार प्रशांत किशोर को बतौर चुनावी एक्सपर्ट या रणनीतिकार पार्टी में शामिल नहीं करना चाहती है। कांग्रेस चाहती है कि इस बार प्रशांत किशोर पार्टी की सदस्यता लें और फिर एक कार्यकर्ता की तरह काम करें। मीटिंग में प्रशांत किशोर ने इस बात पर भी जोर दिया है कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को करीब 370 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने चाहिए। उनकी माने तो ये वो सीटें हैं जहां पर पार्टी ज्यादा मजबूत है। बाकी सीटों पर गठबंधन के साथियों को उम्मीदवार उतारने का मौका दिया जाए। इस सब के अलावा प्रशांत ने ये भी सलाह दी है कि पार्टी को इस बार ज्यादा फोकस उन राज्यों पर करना चाहिए जहां पर पहले से उसकी स्थिति मजबूत है।

# बिहार में आरजेडी, महाराष्ट्र में कांग्रेस और बंगाल में टीएमसी का जादू, उपचुनाव में बीजेपी पस्त

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**





देश की एक लोकसभा और चार विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों के रिजल्ट आ गए हैं। बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट पर टीएमसी के शत्रुघ्न सिन्हा, जबकि बालीगंज विधानसभा सीट पर टीएमसी के ही बाबुल सुप्रियो ने बड़ी जीत हासिल की है। उधर, बिहार के बोचहां विधानसभा सीट पर राजद के अमर पासवान विजयी हुए हैं।

महाराष्ट्र के कोल्हापुर नॉर्थ सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार जयश्री जाधव ने BJP के सत्यजीत कदम को करीब 19,000 वोटों से करारी शिकस्त दी। छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ विधानसभा सीट पर भी कांग्रेस की यशोदा वर्मा 20 हजार 167 वोटों से जीत गई हैं। भाजपा खाली हाथ रही।

**बंगाल में TMC की बंपर जीत**

आसनसोल लोकसभा सीट पर शत्रुघ्न सिन्हा जीते। उन्होंने BJP की अग्निमित्रा पॉल को 2 लाख 64 हजार 913 वोट से हराया। ये सीट पिछले साल बाबुल सुप्रियो के इस्तीफे के बाद खाली हुई थी। सुप्रियो BJP छोड़कर TMC में शामिल हो गए थे। बालीगंज विधानसभा सीट से बाबुल सुप्रियो 20 हजार 228 वोट से जीते हैं। उन्होंने BJP की केया घोष और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की सायरा शाह को हराया। यह सीट पर पूर्व विधायक और राज्य के मंत्री रहे सुब्रत मुखर्जी के निधन के बाद खाली हुई थी।

**बोचहां विधानसभा सीट पर राजद की जीत**

बिहार के बोचहां विधानसभा सीट पर राजद के अमर पासवान विजयी हुए। इन्होंने भाजपा की बेबी कुमारी को 36,653 वोटों से हराया। यह सीट विधायक मुसाफिर पासवान के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर 13 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इनमें तीन महिलाएं थीं।

**महाराष्ट्र में कांग्रेस जीती**

महाराष्ट्र की कोल्हापुर उत्तर विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जीत हुई। कांग्रेस की जयश्री जाधव ने BJP के सत्यजीत कदम को करीब 19 हजार वोटों से करारी शिकस्त दी। ये सीट भी दिसंबर 2021 में कोविड-19 से कांग्रेस विधायक चंद्रकांत जाधव के निधन के बाद से खाली हुई थी। इस कारण यहां उपचुनाव हुए। इस सीट पर 15 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे थे।

छत्तीसगढ़ की खैरागढ़ विधानसभा सीट पर कांग्रेस की यशोदा वर्मा ने 20 हजार 167 वोटों से जीत हासिल की है। यह सीट जनता कांग्रेस के विधायक देवव्रत सिंह के निधन के बाद खाली हुई थी। इस सीट पर 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

बालीगंज विधानसभा चुनाव में जीत के बाद टीएमसी प्रत्याशी बाबुल सुप्रियो ने कहा कि दीदी (ममता बनर्जी) ने जमीन पर काम करने के लिए हमारा मार्गदर्शन किया। हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कोने-कोने में मेहनत की। उन्होंने बीजेपी की हार के लिए ईंधन की कीमतों को भी जिम्मेदार बताया। बाबुल ने कहा कि आज जनता ने भाजपा के अहंकार को नष्ट कर दिया है। भाजपा की नीतियां देश विरोधी है। जीत का श्रेय ममता बनर्जी को जाता है।

## संक्षिप्त खबर

### देश में सक्रिय मामलों में 175 की गिरावट

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के सक्रिय मरीजों में 175 की गिरावट दर्ज की गयी है और इसी के साथ देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 366 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। इस दौरान 975 नये मामले सामने आये हैं, जिन्हें शामिल करते हुये कुल संक्रमितों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 40 हजार 947 हो गयी है और दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत है।
भारत में शुक्रवार को कोरोना से चार लोगों की मौत हुयी है, जिसके साथ ही संक्रमण से मरने वालों की संख्या कुल पांच लाख 21 हजार 747 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक देश में 186 करोड़ 38 लाख 31 हजार 723 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

### कश्मीर में सुरक्षा बलों की आतंकवादियों संग मुठभेड़

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनंतनाग जिले के वतनार कोकरनाग इलाके में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान मुठभेड़ हुई, जिसे संयुक्त बलों की टीम ने शुरू किया था। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान पर पहुंची, वैसे ही छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस के एक ट्वीट में कहा गया कि पुलिस और सुरक्षा बल आतंकवादियों की तलाश में जुटी हुए हैं। स्थानीय लोगों, अल्पसंख्यक समुदाय और पंचायत सदस्यों पर लक्षित हमलों की कई घटनाएं हो चुकी हैं।

# गोपाल राय छत्तीसगढ़ को दौरे पर, करेंगे रोड शो

- इस दौरान गोपाल राय 18 अप्रैल को एक व्यावसायिक केंद्र और व्यापार केंद्र बिलासपुर में एक रोड शो में भाग लेंगे

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

आम आदमी पार्टी (आप) के चुनावी रणनीतिकार गोपाल राय शनिवार से छत्तीसगढ़ के चार दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वो पार्टी के अन्य नेताओं के साथ रोड शो भी करेंगे। पंजाब में जीत और सरकार बनाने के बाद से आम आदमी पार्टी के हौसले बुलंद हैं।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय कांग्रेस शासित राज्य में आप के विस्तार के लिए और कुछ प्रमुख लोगों को पार्टी में शामिल करने के लिए शनिवार से छत्तीसगढ़ के चार दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान गोपाल राय 18 अप्रैल को एक व्यावसायिक केंद्र और व्यापार केंद्र बिलासपुर में एक रोड शो में भाग लेंगे। इस रोड शो में गोपाल राय के साथ आम आदमी पार्टी के चुनावी रणनीतिकार और नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक और पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रभारी और दिल्ली से बुराड़ी विधायक संजीव झा शामिल होंगे। इस दौरे के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कई प्रमुख लोग 17 अप्रैल को पार्टी में शामिल होंगे।

# स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का कर सकते हैं निर्माण : मंडाविया

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, देश स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'टोकन समाधान' से हटकर 'संपूर्ण समाधान' की ओर बढ़ा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शनिवार को टेलीकंसल्टेशन सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने का हवाला देते हुए कहा कि भारत स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 'टोकन समाधान से कुल समाधान' की ओर बढ़ गया है। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार सेवा ई-संजीवनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल्पना के अनुसार विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रही है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि 1,17,400 आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) को कार्यात्मक बनाया गया है। सरकार ने कहा कि वह दिसंबर 2022 तक 1,50,000 ऐसे केंद्र स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। ई-संजीवनी एचडब्ल्यूसी के पोर्टल पर एक लाख से अधिक ने सफलतापूर्वक पंजीकरण कराया है। कई राज्यों में लोग ई-संजीवनी के लाभों को ले रहे हैं और इससे स्वास्थ्य सेवाओं की मांग के इस डिजिटल तरीके को व्यापक रूप से तेजी से अपनाने की एक उत्साहजनक प्रवृत्ति हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने एक वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) की चौथी वर्षगांठ समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मरीज स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश के लिए इस अभिनव डिजिटल माध्यम का उपयोग करके दैनिक आधार पर डाक्टरों और विशेषज्ञों से परामर्श करते हैं। मंत्री ने कहा कि कुछ एचडब्ल्यूसी कुछ गंभीर बीमारियों जैसे मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के लिए स्क्रीनिंग सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। इससे न केवल जल्दी पता लगाने में मदद मिलती है बल्कि मरीज को जल्दी इलाज भी उपलब्ध होता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं और स्वस्थ समाज से स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण होता है। एबी-एचडब्ल्यूसी इस दृष्टि की ओर एक कदम हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों के लिए दूर-परामर्श सेवाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को सभी के लिए सुलभ बनाने में सहायक हैं। मंत्री ने जोर देकर कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी हितधारकों को स्पोक पर सेवाएं प्रदान करने और उन्हें हब से कुशलता से जोड़ने के लिए जुटना चाहिए। उन्होंने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को एबी-एचडब्ल्यूसी स्वास्थ्य मेलों के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है। जो सभी एचडब्ल्यूसी में 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले योग सत्रों के अलावा 18-22 अप्रैल तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आयोजित किए जाएंगे।

# राज्यसभा से मिलने वाला वेतन किसानों की बेटियों की शिक्षा पर खर्च करेंगे हरभजन सिंह

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

क्रिकेट के मैदान से निकल सियासी पिच पर अपनी पारी शुरू करने वाले हरभजन सिंह ने बतौर राज्यसभा सदस्य अपना वेतन किसानों की बेटियों के कल्याण के लिए देने का ऐलान किया है। सिंह ने शनिवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर कहा, एक राज्यसभा सदस्य के रूप में मैं अपना वेतन किसानों की बेटियों की शिक्षा और कल्याण के लिए देना चाहता हूं। मैं अपने राष्ट्र की बेहतरी में योगदान करने के लिए राजनीति में आया हूं और मैं वह सब कुछ करूंगा जो मैं कर सकता हूं। जय हिन्द। उल्लेखनीय है कि हरभजन सिंह हाल ही में पंजाब से राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

**सौगात** दिल्ली सरकार ने पहले से वहां मुफ्त बिजली की सुविधा दी हुई है : मान

# पंजाब में एक जुलाई से मुफ्त बिजली की घोषणा

- पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड को शुभकामनाएं भी दी हैं, जिसे अपना अस्तित्व बचाने के लिए इस सबसे जूझना होगा

**चंडीगढ़, एजेंसी**



पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने शनिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली एक जुलाई से देने की घोषणा की जबकि विपक्षी कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं ने घोषणा पर सवाल खड़े किये। यह घोषणा सरकार के कार्यकाल का एक महीना पूरा होने पर आज प्रमुख दैनिकों में एक महीने के रिपोर्ट कार्ड के पूर्ण पृष्ठ के मुखपृष्ठ विज्ञापन के रूप में की गई। मुफ्त बिजली आप का मुख्य चुनावी वायदा था और दो दिन पहले दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि 16 अप्रैल को वह अच्छी खबर सुनाएंगे।

मान ने पंजाब प्रदेश पारेषण निगम लिमिटेड के प्रत्याशियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए और फिर मुख्यमंत्री कार्यालय से वीडियो संदेश में स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों और स्वतंत्रता सेनानियों आदि की श्रेणियों को, जिन्हें 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली मिलती थी, 300 यूनिट मुफ्त यूनिट बिजली मिलती रहेगी और बिल (जो दो महीने पर आता है) केवल दो महीने में 600 यूनिट से अधिक खर्च की गई बिजली पर ही आयेगा। उदाहरण, किसी घर की 640 यूनिट बिजली खपत है तो बिल केवल 40 यूनिट का आयेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सामान्य श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिजली खपत यदि प्रति दो माह 600 यूनिट से ज्यादा रही तो उन्हें पूरा बिल जायेगा।मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उद्योगों और कृषि के लिए सस्ती बिजली आपूर्ति (सब्सिडी) जैसे थी, जारी रहेगी। इनकी दर में कोई वृद्धि नहीं होगी। मान ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले से वहां मुफ्त बिजली की सुविधा दी हुई है और उनसे सीखकर ही पंजाब में यह योजना लागू की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि अपने अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिए वह कहीं भी और फिर-फिर भेजेंगे। पिछले दिनों पंजाब के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें मुख्य सचिव और पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड के अधिकारी शामिल थे, की दिल्ली में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से श्री मान की गैरमौजूदगी में बैठक पर विपक्ष ने बवाल काटा था और श्री मान पर रबर स्टांप और सरकार पर केजरीवाल के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली सरकार होने का आरोप लगाया था। मान ने इसके जवाब में कहा था कि अपने अधिकारियों को उन्होंने प्रशिक्षण के लिए भेजा था और जरूरत पड़ी तो कहीं भी (इजराइल का नाम लिया था) भेजेंगे। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को संबोधित करते हुए ट्वीट किया और कहा कि 300 यूनिट मुफ्त बिजली की हकीकत तब सामने आयेगी जब विवरण और शर्तें सामने आएंगी। उन्होंने पंजाब प्रदेश विद्युत निगम लिमिटेड को शुभकामनाएं भी दी हैं, जिसे अपना अस्तित्व बचाने के लिए इस सबसे जूझना होगा। भोलथ से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खेहरा ने श्री मान की घोषणा का स्वागत करते हुए सवाल किया कि एक जुलाई से क्यों? क्या वित्तीय प्रबंधन की कोई समस्या है? उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि यदि खपत 301 यूनिट बिजली की हुई तो क्या उपभोक्ताओं से पूरा बिल वसूला जाएगा? इसके साथ ही श्री खेहरा ने यह भी जानना चाहा कि क्या ट्यूबवेल सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी? कांग्रेस विधायक दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि विपक्ष होने के नाते वह योजना का विवरण देखेंगे कि कहीं कोई न दिख रहा एजेंडा तो नहीं है और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नयी नीति के तहत पुरानी सब्सिडी नहीं जाएगी।

# केरल में आरएसएस वर्कर की हत्या

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

शनिवार को केरल के पलक्कड़ में आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। हमलावर बाइक पर आए थे और शख्स पर धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। घटना के बाद इलाके में बवाल की आशंका के मद्देनजर पुलिस महकमा अलर्ट हो गया है। केरल पुलिस के हवाले से बताया कि पलक्कड़ में आज आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आरएसएस के पूर्व शारिरिक शिक्षण प्रमुख श्रीनिवासन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने हमलावरों की संख्या पांच बताई है, जो बाइक पर श्रीनिवासन की दुकान पर आए थे। इससे पहले कि श्रीनिवासन कुछ समझ पाते, हमलावरों ने धारदार हथियार से 20 बार हमला किया। जिससे श्रीनिवासन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस महकमा घटनाक्रम के बाद इलाके में अलर्ट हो गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# भारत के अडिग रहने में सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका: मोदी

- मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फुट ऊंची प्रतिमा अनावरण किया

**मोरबी, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत के अडिग रहने में इसकी सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका है। मोदी ने हनुमान जयंती के अवसर पर आज गुजरात के मोरबी में हनुमान जी की 108 फुट ऊंची प्रतिमा का वीडियो कांफ्रेंसिंग से अनावरण करते हुए कहा, हजारों वर्षों से बदलती स्थितियों के बावजूद भारत के अटल और अडिग रहने में हमारी सभ्यता और संस्कृति की बड़ी भूमिका रही है। हमारी आस्था और संस्कृति की धारा सद्भाव, समभाव, समावेश की है। प्रधानमंत्री ने कहा, इसलिए जब बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने की बात आई तो प्रभु राम ने सक्षम होते हुए भी खुद से सब कुछ करने का सामर्थ्य होने के बावजूद सबको जोड़ने का, समाज के हर तबके के लोगों को जोड़ने का, उनकी मदद लेने का काम किया और सबको जोड़कर उन्होंने इस काम को संपन्न किया। यही तो है सबका साथ-सबका प्रयास। सबका साथ, सबका प्रयास का उत्तम प्रमाण प्रभु राम की जीवन लीला भी है। जिसके हनुमानजी बहुत अहम सूत्र रहे हैं। सबका प्रयास की इसी भावना से आजादी के अमृत काल को हमें उज्ज्वल करना है। राष्ट्रीय संकल्पों की सिद्धि के लिए जुटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजराती भाषा में कहा, आजे मोरबी मां केशवानंद बापू नी आ तपोभूमि पर आप सौ ना दर्शन करवानो मौको मण्यो छे (आज मोरबी में केशवानंद बापू की इस तपोभूमि पर आप सब के दर्शन करने का मौका मिला है। हम सौराष्ट्र में दिन में 25 बार सुनते हैं कि अपनी यह सौराष्ट्र की धरती संत, सुरा की और दाता की धरती है। संत, सुरा और दाता की यह भूमि काठियावाड़, गुजरात और अपने भारत की पहचान भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुडुचेरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के 15 घंटे बाद मुंबई की उपनगरीय ट्रेन सेवाएं बहाल

मुंबई। मुंबई में माटुंगा स्टेशन के पास पुडुचेरी एक्सप्रेस के पटरी से उतरने के 15 घंटे बाद मध्य रेलवे ने शहर के उपनगरीय रेल नेटवर्क पर यातायात बहाल करने का काम पूरा कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हालांकि, यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि मध्य रेलवे की मुख्य लाइन पर लोकल ट्रेन का परिचालन प्रभावित रहा, जो छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कल्याण, खोपोली और कसारा तक चलती है। उल्लेखनीय है कि माटुंगा स्टेशन पर शुक्रवार रात लगभग पौने 10 बजे दादर-पुडुचेरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 11005) के तीन डिब्बे उस समय पटरी से उतर गए, जब सीएसएमटी-गडग एक्सप्रेस के इंजन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार ने बताया कि डाउन फास्ट लाइनपर यातायात शनिवार दोपहर 1.10 बजे बहाल कर दिया गया और इस मार्ग से गुजरने वाली पहली ट्रेन सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस थी।

# भगवान परशुराम शोभायात्रा के संयोजक बने सौरभ भूषण

रुड़की, प्रात: किरण संवाददाता

ब्राह्मण समाज की एक आवश्यक बैठक साकेत कालोनी में सौरव भूषण शर्मा के निवास स्थान पर संपन्न हुई। बैठक में भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव के उपलक्ष में भगवान परशुराम शोभायात्रा के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय ब्राह्मण समाज के संरक्षक जेपी शर्मा ने की। बैठक का संचालन पंडित राजकुमार शर्मा ने किया।

बैठक में जनपदीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र शर्मा संरक्षक पंडित रामानंद शर्मा, पंडित सतीश शर्मा, पंडित ललित शर्मा, पंडित अरुण शर्मा, पंडित राहुल शर्मा, पंडित सचिन शर्मा, पंडित विजय भार्गव, भारतीय ब्राह्मण समाज के संरक्षक पंडित जेपी शर्मा, नगर महामंत्री अरुण कुमार शर्मा नगर उपाध्यक्ष पंडित अमरीश शर्मा, पंडित सतीश शर्मा पंडित राजकुमार शर्मा, पुरोहित समाज के अध्यक्ष आचार्य पंडित रमेश



सेमवाल, पंडित रोहित शर्मा, महिला ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दीपा कौशिक आदि सभी ने पंडित सौरव भूषण शर्मा को कार्यक्रम संयोजक की जिम्मेदारी दी। पंडित राहुल शर्मा एवं पंडित अरुण शर्मा को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भगवान परशुराम शोभायात्रा 15 मई को 3 बजे दुर्गा चैक से आरंभ होकर आर्य कन्या स्कूल से नगर निगम पुल, अनाज मंडी होते हुए पुरानी तहसील से सब्जी मंडी चैक होते हुए बीटी गंज बाजार में भव्य समापन कार्यक्रम के बाद समाप्त होगी।

शोभायात्रा के मुख्य आकर्षण का केंद्र इसमें शामिल झांकियां रहेंगी। बैठक में जेपी शर्मा ने कहा कि रुड़की में पिछले कई वर्षों से ब्राहमण समाज भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष में उनकी शोभा यात्रा का आयोजन करता रहा है और यह शोभा यात्रा एक भव्य रूप लेती जा रहा है। बैठक में जनपदीय ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने कहा कि रुड़की में सभी ब्राह्मण समाज संयुक्त रूप से भगवान परशुराम शोभायात्रा में प्रतिभाग करते आ रहे है यह गर्व की बात है के संपूर्ण ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता है। कार्यक्रम संयोजक सौरव भूषण शर्मा जी ने कहा कि भगवान परशुराम केवल ब्राह्मणों की ही भगवान नहीं है अपितु वह सभी सनातन धर्मयों के भगवान हैं इसीलिए भगवान परशुराम शोभायात्रा में सभी सनातन धर्म के मानने वालों को प्रतिभाग करना चाहिए। भारतीय ब्राह्मण समाज के नगर महामंत्री अरुण कुमार शर्मा एवं नगर उपाध्यक्ष अमरीश शर्मा ने कहा कि हम अपनी इकाई द्वारा भगवान परशुराम शोभायात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे औरों को भी शोभायात्रा में आने के लिए प्रेरित करेंगे। सह संयोजक राहुल शर्मा ने कहा कि शोभायात्रा में रुड़की के ही नहीं बल्कि रुड़की के बाहर से भी बैंड वालों को बुलाया जाएगा जो शोभायात्रा को और भव्य बनाने में कारगर साबित होंगे।

# लब्धप्रतिष्ठित शिक्षाविद के निधन से बेंगलुरु तथा बिहार में शोक की लहर

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

**शोक**

- डॉ. पाठक ने बिहार तथा कर्नाटक के बेंगलुरु में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में भी अपनी सेवाएं दीं

लब्धप्रतिष्ठित शिक्षाविद डॉ. दीनबंधु पाठक के असामयिक निधन से बेंगलुरु तथा बिहार के शिक्षक तथा छात्र शोक-संतप्त हैं। डॉ. पाठक ने बिहार के विभिन्न+2 विद्यालयों के अतिरिक्त बिहार तथा कर्नाटक के बेंगलुरु में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में भी अपनी सेवाएं दीं। बिहार के एक छोटे से कस्बे बक्सर से बेंगलुरु के केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य तक कि उनकी यात्रा उनके संघर्ष तथा उन संघर्षों से सहजता से निकलने की कथा है। यह सहजता और स्वभाव की सरलता उनके ऐसे गुण हैं जिन्हें उनके नहीं रहने के बाद भी उनके सहकर्मी, छात्र तथा उन्हें निकट या दूर से जानने वाले लोग कभी भुला नहीं पाएंगे।

बक्सर के मल्टीपरपस हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डॉ. पाठक ने मगध विश्वविद्यालय, बोधगया (बिहार) से रसायन विज्ञान मेंस्नातक तथा स्नातकोत्तर की परीक्षा पास की और



शीघ्र ही डॉक्टरेट की उपाधि भी हासिल कर ली। अपने पठन-पाठन के काल में ही कनिष्ठ छात्रों की पढ़ाई में मदद करने के कारण आरंभ से ही वे काफी लोकप्रिय थे। परंतु अपने कार्यकारी जीवन में तो उन्होंने सबके हृदय में स्थान बना लिया था। 1990 में बिक्रमगंज हाई स्कूल से +2 लेक्चरर के रूप में उन्होंने अपने कार्यकारी जीवन की शुरूआत की।इसके बाद उन्होंने रांची (झारखंड) में डायट मेंअपनी सेवाएं दीं। लगभग बीस वर्षों तक बिहार तथा झारखंड के शिक्षण संस्थानों में सेवा देने के बाद 2010 में वे केंद्र सरकार की सेवा में चले गए और अपनी प्रथम नियुक्ति के रूप में जहानाबाद केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य बने। इस दौरान उन्होंने तीन केंद्रीय विद्यालयों को खोलने तथा तीनविद्यालयों को पुनर्जीवित करने का सफल प्रयास किया। 2016 मेंवे बेंगलुरु के आई.आई.एस.सी.केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य बने। 2019 से 2021 तक एम.जी. रेलवे केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य रहे और वही से जून 2021 में सेवानिवृत्त हुए।

दीनबंधु पाठक ने बिहार, झारखंड तथा कर्नाटक के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कार्य करते हुए शिक्षा जगत में अपना एक अलग स्थान बनाया था। उनके असामयिक अवसान से इन तीनों प्रदेशों के शिक्षक, छात्र और शिक्षाविद मर्माहत हैं।

# नाश्ते में अधिक नमक होने से नाराज, पति ने की पत्नी की हत्या

ठाणे, एजेंसी

**घटना**

- पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की भायंदर टाउनशिप में एक व्यक्ति ने अपनी 40 वर्षीय पत्नी की कथित तौर इसलिए हत्या कर दी क्योंकि उसे परोसे गये नाश्ते में नमक अधिक था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना शुक्रवार सुबह भायंदर पूर्व के फाटक रोड इलाके में हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति की पहचान 46 वर्षीय नीलेश घाघ के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने नाश्ता करने के बाद सुबह करीब नौ बजकर 30 मिनट पर अपनी पत्नी निर्मला की गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पत्नी द्वारा परोसी गई खिचड़ी में नमक अधिक होने से नाराज था। पुलिस ने कहा आरोपी ने कपड़े गला घोंटकर पत्नी की हत्या की है। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय सरकारी अस्पताल भेजा।

भायंदर के नवघर पुलिस थाना में आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि इसी तरह की एक घटना बृहस्पतिवार को हुई थी जहां समय पर चाय के साथ नाश्ता नहीं परोसने से नाराज ससुर ने बहु की कथित तौर पर गोली मार दी थी। पुलिस ने कहा कि राबोडी इलाके की रहने वाली 42 वर्षीय महिला के पेट में गोली लगी और शुक्रवार सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# पुलिस दबाव में नहीं करे कोई काम : गहलोत

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस की पीड़ित के साथ न्याय करना पहली जिम्मेदार बताते हुए कहा है कि वह किसी भी दबाव में काम नहीं करे और बड़े से बड़े व्यक्ति की सिफारिश पर भी कोई गलत काम नहीं करे। गहलोत आज यहां पुलिस स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रह थे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन किसी के साथ नाइंसाफी नहीं करे और वह कानून एवं संविधान का राज स्थापित करे। चाहे किसी भी की सिफारिश आये पीड़ित के साथ न्याय करे, यह उसकी पहली जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस दबाव में काम नहीं करे, बड़े से बड़े व्यक्ति के सिफारिश पर भी अन्याय नहीं करे।

उन्होंने कहा कि राज्य की पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था नियंत्रित रही है और वह जनता का दिल जीतने में कामयाब रही है और वह कमजोर की सेवा एवं सभी नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रही है। उसने दिन रात चौकस रहकर आमजन में विश्वास



एवं अपराधियों में भय को साकार किया है। उन्होंने बताया कि करौली में अपनी जान की बाजी लगाकर चार लोगों की जान बचाने वाले कांस्टेबल एवं एक अन्य मामले में बेहतर काम करने वाले एक अन्य कांस्टेबल सहित इन दोनों कांस्टेबलों को पदोन्त कर हैड कांस्टेबल बनाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस थानों में कार्यशैली मजबूत की गई है और पुलिस ने उसे सरकार की मंशा के अनुसार निभाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने कोरोनाकाल में भी शानदार काम किया। कोरोना की पहली लहर में राज्य सरकार की मंशा कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोये, तभी पुलिस ने अपनी महत्ती भूमिका निभाई और लॉकडाउन में घर घर खाना और दवाइयां पहुंचाई जो पुलिस का यह

**प्रशंसा**

- पुलिस ने कोरोनाकाल में भी शानदार काम किया: गहलोत

मानवीय चेहरा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्ष में कई प्रयास किए गए जिनमें पुलिस थानों में भी लोगों को सुविधा मिले और समस्या के निराकरण शीघ्र हो के प्रयास किए गए और इसके लिए थानों में स्वागत कक्ष बनाने का फैसला किया गया और अब तक 731 थानों में स्वागत कक्ष बनकर तैयार हो चुके है।

गहलोत ने पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर की मांग पर पुलिस खेल बजट को 50 लाख रुपए से बढ़ाकर दो करोड़ रुपए करने की घोषणा की। इसी तरह उन्होंने उत्सव फंड को 25 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ करने का ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि जो मांग की गई है पुलिस को उससे अधिक ही दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की यह राज्य की पहली सरकार है जो मांग से अधिक दिया है, चाहे विकास की बात हो। उन्होंने कहा कि पुलिस में पदोन्नति समस्या का भी निराकरण किया गया है।

# देहरादून: गन्ना मंत्री से मिलकर बताई समस्याएं



देहरादून, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तराखंड के गन्ना चीनी उद्योग पशुपालन प्रोटोकॉल एवं मत्स्य पालन के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के आवास पर नेपाल सिंह कश्यप पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त एवं अध्यक्ष जिला सहकारी मत्स्य विकास एवं विपणन फेडरेशन लिमिटेड हरिद्वार द्वारा उनके आवास पर एक शिष्टाचार भेंट की गई।

नेपाल सिंह एवं बहादराबाद समिति अध्यक्ष कपिल कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देखकर उनको उत्तराखंड राज्य के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

कैबिनेट मंत्री को उत्तराखंड राज्य में मत्स्य पालन क्षेत्र में आ रही समस्या एवं उनके समाधान की बातों पर चर्चा की गई जिससे कि उत्तराखंड मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन सके और पहाड़ पर पलायन को रोका जा सके वही जनपद हरिद्वार और उधम सिंह नगर में भी और बेहतर तरीके से मछली पालन विषय पर चर्चा की गई।

### लाउडस्पीकर के खिलाफ राज ठाकरे का बयान जल्द औवैसी को प्रकरण में खींच लाएगा : पाटिल

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने शनिवार को कहा कि मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर को लेकर राज ठाकरे द्वारा दिए गए बयान से उत्पन्न शोर-शराबा जल्द ही इस प्रकरण में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी को भी खींच लाएगा और इससे महाराष्ट्र में सांप्रदायिक तनाव पैदा होगा। राकांपा की परिवार संवाद यात्रा को संबोधित करते हुए पाटिल ने कहा कि उनकी पार्टी हनुमान जयंती के अवसर पर आरती और पूजा अर्चन आयोजित करने के साथ-साथ रमजान के मद्देनजर इफ्तार आयोजित कर रही है क्योंकि उनकी पार्टी सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां ईंधन, सीमेंट और इस्पात की कीमतों में हुई वृद्धि के मुद्दे को उठाने के बजाय हनुमान चालीसा पर चर्चा कर रही हैं। राकांपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष ने कहा,ईश्वर का इस्तेमाल राजनीतिक उद्देश्य के लिए किया जा रहा है।

# सिवनी में भीषण हादसा, ट्रक के पीछे जा घुसी कार, महाराष्ट्र वर्धा निवासी दो की मौत

सिवनी, एजेंसी

राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जिले के लखनादौन थाना अंतर्गत शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में महाराष्ट्र वर्धा निवासी ड्रायवर सहित 2 लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि कार में सवार दो अन्य घायल है, जिनमें एक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक और एक पीएचडी कर रहा छात्र शामिल है।

जानकारी के अनुसार दरभंगा (बिहार) में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होकर चारों कार वाहन क्रमांक एमएच 15 डीएम 6763 से वापस महाराष्ट्र वर्धा लौट रहे थे। इसी दरम्यान जबलपुर-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 44 में लखनादौन से करीब 4 किमी पहले खैरेशिकारा गांव के नजदीक सामने जा रहे ट्रक क्र. एमएच 40 वाय 8090 से साइड



लेने के प्रयास में ट्रक के पीछे जा घुसे। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सिविल अस्पताल लखनादौन पहुंचाया। वहीं पंचनामा कार्रवाई के बाद मृतकों के शवों का पोस्ट मार्टम कराया जा रहा हैं।

पुलिस के मुताबिक करीब डेढ़ घंटे तक कार में ड्राइवर का शव फसा रहा, जिसे कटर की मदद से कार के अगले हिस्से को काट कर निकाला जा सका। लखनादौन थाना प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि, मृतकों की पहचान ड्रायवर मयूर पुत्र मोरेश्वर चंदनखेडे (25) संत ज्ञानेश्वर नगर वर्धा, प्रशांत पुत्र प्रकाश राव भगत (50) रामनगर वर्धा निवासी के रूप में हुई है। वहीं घायलों में महाराष्ट्र सतारा स्थित महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक संदीप पुत्र बड़गू पाटिल और विश्वविद्यालय में पीएचडी रहे पिंटू कुमार पुत्र बद्री नारायण यादव (38) वर्धा निवासी शामिल है।पुलिस के मुताबिक चारों कार्यालय स्टाफ के पिता के त्रयोदशी कार्यक्रम में होने कार से दरभंगा बिहार गए थे। कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थेः पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होकर चारों वापस वर्धा महाराष्ट्र लौट रहे थे। इसी दरम्यान तेज रफ्तार कार वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण हादसे का शिकार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही लखनादौन पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फसे लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं।

# धधक रहे उत्तराखंड के जंगल



देहरादून, एजेंसी

उत्तराखंड के जंगलों में आग धधक रहे हैं। आग को बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियों को लगाया गया है।इसी बीच खबर है कि उत्तराखंड के श्रीनगर की पहाड़ियों में भी भीषण आग लगी हुई है और दमकलकर्मी आग को बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि अभी तक किसी के भी हताहत होने की खबर नहीं है।

कनखल पुलिस स्टेशन के एसएचओ हरिओम चौहान ने बताया कि आग जंगल में एक जगह पर लगी, जहां पर लकड़ियों से संबंधित कुछ काम चल रहा था। दमकल विभाग की एक टीम मौके पर पहुंच गई है और आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है। भीषण गर्मी के बीच उत्तराखंड के 45 स्थानों पर जंगलों में आग लगी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कुमाऊं मंल आग की 27 घटनाएं हुई हैं।

वन अधिकारियों के मुताबिक आग की घटनाओं में प्रदेश ने लगभग 38 हेक्टेयर वन क्षेत्र खो दिया है। जबकि गढ़वाल क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश के चलते जंगल के कुछ हिस्सों की आग भी बुझ गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी के मध्य से प्रदेश में जंगल में 501 आग की घटनाएं हुई, जिसमें 663.94 हेक्टेयर हरित जमीन नष्ट हो गई। इसके अतिरिक्त आग की वजह से सरकार को 19.7 लाख रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ है।

# मणिपुर : मुख्यमंत्री ने किया मंत्रिमंडल का विस्तार 6 और मंत्रियों को शामिल किया

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने शनिवार को यहां छह और मंत्रियों को शामिल कर अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया है। राज्यपाल ला गणेशन ने राजभवन में एक समारोह के दौरान नए मंत्रियों - एच. डिंगो सिंह, लेतपाओ हाओकिप, डॉ. सपम रंजन सिंह, बसंत सिंह और एल सुसिंड्रो मीतेओ को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई, सभी भाजपा से और खासीम वासुम नागा पीपुल्स फ्रंट से, जो भगवा पार्टी की सहयोगी है।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और वरिष्ठ नागरिक एवं सुरक्षा अधिकारी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अधिकारीमयुम शारदा देवी मौजूद थे। बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार, (जिन्होंने 21 मार्च को लगातार दूसरी बार सत्ता संभाली) ने

**मंत्रिमंडल विस्तार**

- 12 सदस्यीय मंत्रिपरिषद में अब भाजपा के पास 10 और उसके सहयोगी एनपीएफ के दो मंत्री

शनिवार को अपना पहला कैबिनेट विस्तार किया, जिसमें छह नए मंत्रियों को शामिल किया गया। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के मंत्रिमंडल में 12 मंत्रियों की पूरी ताकत शामिल थी।

12 सदस्यीय मंत्रिपरिषद में अब भाजपा के पास 10 और उसके सहयोगी एनपीएफ के दो मंत्री हैं। फरवरी-मार्च विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 60 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 32 सीटों का मामूली बहुमत हासिल किया, जिसके परिणाम 10 मार्च को घोषित किए गए। इससे पहले 21 मार्च को मुख्यमंत्री के अलावा भाजपा के चार विधायक थोंगम बिस्वजीत सिंह, युमनाम खेमचंद सिंह, गोविंददास कोंथौजम, नेमचा किपगेन और एनपीएफ के अवांगबो न्यूमई ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। पूर्व मंत्री नेमचा किपजेन बीरेन सिंह मंत्रिपरिषद में एकमात्र महिला मंत्री हैं। एनपीएफ, (जिसने भाजपा के साथ बिना किसी चुनाव पूर्व गठबंधन के अलग से विधानसभा चुनाव लड़ा था) ने पांच सीटें हासिल की थीं। हाल के चुनावों में भाजपा की पूर्ववर्ती सहयोगी नेशनल पीपुल्स पार्टी ने सात सीटें हासिल कीं, जबकि जनता दल (यूनाइटेड) ने छह सीटें जीतीं और कांग्रेस और नगा पीपुल्स फ्रंट को पांच-पांच सीटें मिलीं। कूकी पीपुल्स एलायंस, एक नवगठित आदिवासी आधारित पार्टी, दो सीटों पर कामयाब रही, जबकि तीन निर्दलीय उम्मीदवार भी विधानसभा के लिए चुने गए। एनपीएफ, जद (यू) और दो निर्दलीय सदस्यों ने भाजपा सरकार को अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

### उचित मूल्यु की दुकान पर ओटीपी के आधार पर मिलेगा राशन

**भोपाल।** अब जल्द ही उचित मूल्य की दुकानों पर हितग्राहियों को राशन देने की नई व्यवस्था लागू होगी। थम्ब इम्प्रेशन नहीं मिलने पर अब हितग्राहियों के मोबाइल नंबर को आधार के साथ लिंक किया जाएगा। इसके बाद उनके मोबाइल पर आने वाले ओटीपी से उन्हें राशन दिया जाएगा। इसे शुरू करने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव फैज अहमद किदवई ने बताया कि पात्र हितग्राही, जिनका बायोमेट्रिक सत्यापन सफल नहीं हो पाता है, उन्हें नॉमिनी के माध्यम से राशन का वितरण किया जा रहा है। पात्र हितग्राही, जिनके अँगूठे या उँगली के निशान घिस गए हैं, उनका एक से अधिक उगली के निशान से मेच कर बायोमेट्रिक सत्यापन उपरांत राशन का वितरण किया जा रहा है। पात्र हितग्राही की बायोमेट्रिक सत्यापन के अतिरिक्त पात्र हितग्राही की पहचान आधार नंबर पर दर्ज मोबाइल पर ओटीपी देखकर सत्यापन की व्यवस्था भी शीघ्र लागू की जा रही है।

# पंजाब में एक जुलाई से 300 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा, विपक्ष ने खड़े किये सवाल

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने शनिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली एक जुलाई से देने की घोषणा की जबकि विपक्षी कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल नेताओं ने घोषणा पर सवाल खड़े किये। यह घोषणा सरकार के कार्यकाल का एक महीना पूरा होने पर आज प्रमुख दैनिकों में एक महीने के रिपोर्ट कार्ड के पूर्ण पृष्ठ के मुखपृष्ठ विज्ञापन के रूप में की गई। मुफ्त बिजली आप का मुख्य चुनावी वायदा था और दो दिन पहले दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा था कि 16 अप्रैल को वह अच्छी खबर सुनाएंगे।

मान ने पंजाब प्रदेश पारेषण निगम लिमिटेड के प्रत्याशियों को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए और फिर मुख्यमंत्री कार्यालय



से वीडियो संदेश में स्पष्ट किया कि अनुसूचित जाति, गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों और स्वतंत्रता सेनानियों आदि की श्रेणियों को, जिन्हें 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली मिलती थी, 300 यूनिट मुफ्त यूनिट बिजली मिलती रहेगी और बिल (जो दो महीने पर आता है) केवल दो महीने में 600 यूनिट से अधिक खर्च की गई बिजली पर ही आयेगा। उदाहरण, किसी घर की 640 यूनिट बिजली खपत है तो बिल केवल 40 यूनिट का आयेगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सामान्य श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिजली खपत यदि प्रति दो माह 600 यूनिट से ज्यादा रही तो उन्हें पूरा बिल जायेगा।मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि उद्योगों और कृषि के लिए सस्ती बिजली आपूर्ति (सब्सिडी) जैसे थी, जारी रहेगी। इनकी दर में कोई वृद्धि नहीं होगी।

भोलथ से कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खेहरा ने श्री मान की घोषणा का स्वागत करते हुए सवाल किया कि एक जुलाई से क्यों? क्या वित्तीय प्रबंधन की कोई समस्या है? उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि यदि खपत 301 यूनिट बिजली की हुई तो क्या उपभोक्ताओं से पूरा बिल वसूला जाएगा? इसके साथ ही खेहरा ने यह भी जानना चाहा कि क्या ट्यूबवेल सब्सिडी समाप्त कर दी जाएगी? कांग्रेस विधायक दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि विपक्ष होने के नाते वह योजना का विवरण देखेंगे कि कहीं कोई न दिख रहा एजेंडा तो नहीं है और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नयी नीति के तहत पुरानी सब्सिडी नहीं जाएगी। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) की युवा इकाई के अध्यक्ष एवं पार्टी प्रवक्ता परमबंस सिंह रोमाना ने तंज कसते हुए कहा कि एलानजीत (पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह) गया, एलानवंत (मुख्यमंत्री भगवंत मान) आया। रोमाना ने आप सरकार की विज्ञापनबाजी पर भी सवाल उठाया है।

# दंगाइयों से की जाएगी नुकसान की भरपाई: मुख्यमंत्री शिवराज

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को दावा किया कि खरगोन में शांति है। दंगाइयों द्वारा की गई तोड़फोड़ में 10 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। ऐसे में सरकारी सहयोग से इन घरों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। दरअसल, रामनवमी के जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर खरगोन में कर्फ्यू लगा दिया गया और फिर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपितों की दुकानें और मकान पर बुलडोजर चलाया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दंगाइयों द्वारा की गई तोड़फोड़ में 10 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। जिन्हें सरकारी सहयोग ने बनाया जाएगा। जबकि 70 घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी मरम्मत कराई जाएगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा कि जख्मियों का इलाज मुफ्त होगा। मुख्यमंत्री शिवराज ने बताया कि हम

**कार्रवाई**

- दंगाइयों द्वारा की गई तोड़फोड़ में 10 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए

16 लोगों की आजीविका के स्रोत का पुनर्निर्माण करेंगे, जिन्हें पूरी तरह से नुकसान हुआ। नुकसान की पूरी भरपाई की जाएगी। अभी सरकार मदद करेगी और फिर दंगाइयों से वसूला जाएगा। संकट की इस घड़ी में किसी को अकेला नहीं छोड़ेंगे। सरकार उनके साथ खड़ी है। इसी के साथ ही उन्होंने ह्यमुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनाह्ण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल से हम फिर से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना शुरू कर रहे हैं। 21 अप्रैल को पहला कार्यक्रम सीहोर ज़िले से शुरू होगा। मैं खुद उसमें जाऊंगा। 38,000 रुपए की सामाग्री दी जाएगी। 11,000 का चेक, 6,000 अन्य व्यवस्थाओं पर खर्च करने के लिए देंगे।

### गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मिले अक्षय कुमार, दो हफ्ते में दूसरी मुलाकात

**भोपाल।** बालीवुड के मिस्टफर खिलाड़ी यानी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्मद सेल्फी् की शूटिंग के सिलसिले में भोपाल में हैं। यहां उनका प्रदेश के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकातों का सिलसिला जारी है। शनिवार को उन्होंटने प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्त म मिश्रा के निवास पर पहुंचकर उनसे सौजन्यु भेंट की। दोनों के बीच दो हफ्ते के भीतर यह दूसरी मुलाकात है। इससे पहले 05 अप्रैल को नरोत्ताम मिश्रा होटल नूर-उस-सबाह में जाकर अक्षय कुमार से मिले थे। उस मुलाकात के बाद दोनों के बीच ट्विटर पर दिलचस्पो संवाद भी चला था। उसी दौरान अक्षय कुमार ने जो प्रतिक्रिया दी थी, उसने भोपालवासियों को लाजवाब कर दिया था। तब अक्षय कुमार ने कहा था कि भोपाल जितना खूबसूरत शहर है, उतने ही अच्छे दिलवाले यहां के लोग हैं। इसके अलावा उन्हों ने भोपाल के व्यंजजनों की भी खासतौर पर तारीफ की और कहा कि यहां का भोजन भी कमाल है, जिसने मेरी डाइटिंग के सब प्लान हवा में उड़ चुके हैं। वहीं दो दिन पहले अक्षय कुमार ने सीएम आवास पहुंचकर मुख्यलमंत्री शिवराज सिंह से भी मुलाकात की थी।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन

नई दिल्ली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हो गया है। शनिवार को कॉन्स्टिट्यूशनल क्लब में आयोजित संगठन के महाधिवेशन में सर्वसम्मति से कुंवर अजय सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। इसके साथ ही 18 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, 11 महामंत्री और 15 राष्ट्रीय संगठन मंत्री भी चुने गए। कुंवर अजय सिंह ने बताया कि 23 राज्यों के प्रांत अध्यक्षों को भी चुन लिया गया है। सीमा सिंह परिहार को राष्ट्रीय वीरांगना प्रमुख बनाया है। अब हमारा लक्ष्य क्षत्रिय उत्थान आयोग का गठन कराने का है। उन्होंने कहा कि समाज से जुड़े तमाम मुद्दे लंबित हैं। संगठन के माध्यम से उन सभी मुद्दों को उठाया जाएगा। मौके पर भारत देशम पार्टी (राष्ट्रीय) की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

### दाखिले में दिक्कत को दूर करने की है तैयारी : डीयू

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले को लेकर परेशानी न हो इस संबंध में दाखिला शाखा ने डीयू समस्त कॉलेजों के प्रिंसिपल के साथ बैठक की है। एक कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि डीयू ने यह स्पष्ट किया कि दाखिला प्रक्रिया नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के माध्यम से भले हो रहा है लेकिन छात्रों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े इसको लेकर पूरी तैयारी है। कॉलेज अपने स्तर पर भी दाखिला संबंधी दुविधा को दूर करने के लिए ओपन डेज कराएंगे। हालांकि डीयू ने अपने यहां किसी तरह के ओपन डेज कराने की तिथि की घोषणा अभी नहीं की है। इससे पूर्व में डीयू ने यह स्पष्ट किया है कि हर साल की भांति इस बार भी ओपन डेज आयोजित होगा। यह ओपन डेज फिजिकल और ऑनलाइन दोनों माध्यमों में हो सकता है। डीयू के एक कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि अभी तक स्पोर्ट्स और ईसीए दाखिला को लेकर स्पष्ट नीति सामने नहीं आई है।

### जीएसटी चोरी के आरोपी को जमानत

नई दिल्ली। फर्जी कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेने के मामले में उच्च न्यायालय ने आरोपी को जमानत दे दी है। न्यायालय ने कहा है कि ह्यआरोपी को जमानत मिले या नहीं, यह सिर्फ सिर्फ अपराध की गंभीरता से ही तय नहीं होता है। जस्टिस प्रतीक जालान ने यह टिप्पणी करते हुए पिछले नौ माह से जेल में बंद आरोपी पुलकित को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय में पेश मामले में सीजीएसटी अधिनियम के तहत धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर सरकारी खजाने को करीब 9.97 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में याचिकाकर्ता पुलकित को आरोपी बनाया गया है। यह मामला 2018 में दर्ज किया गया था।

### आप के 38 विधायकों पर 100 से अधिक संगीन मामले : कुलजीत चहल

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि भाजपा के किसी भी कार्यकर्ता को हिंदुत्व की लड़ाई लड़ने के लिए आप नेता या विधायक के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। कुलजीत चहल ने शनिवार को प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी की ओर से भाजपा के नेताओं पर मनगढ़ंत आरोप लगाए गए, लेकिन आज उन्हें यह भी जान लेना चाहिए कि उनके 38 विधायकों एवं नेताओं पर 100 से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं। कुलजीत चहल ने कहा कि खुद मुख्यमंत्री पर मामले हैं। अमानतुल्लाह खान पर 12 संगीन आरोप है। इस फेहरिस्त में सत्येंद्र जैन, सोमनाथ भारती सहित एक लंबी लिस्ट है, जिसमें अलग-अलग मामलों में केस दर्ज किए गए हैं।

### जेल में शिक्षकों की ड्यूटी पर जताया विरोध

नई दिल्ली। लोकतांत्रिक अध्यापक मंच दिल्ली के अध्यक्ष कृष्ण कुमार फोगाट ने विरोध जताते हुए जेल में शिक्षण कार्य के लिए शिक्षकों की ड्यूटी नहीं लगाने की मांग की है। इस संबंध में शिक्षा निदेशक को पत्र भी लिखा गया है। जिसमें कहा गया है कि वर्तमान में स्कूलों में परीक्षाओं का दौर चल रहा है। इसके साथ मिशन बुनियाद आदि कार्यक्रम भी हो रहे हैं। विद्यालय शिक्षकों की कमी को झेल रहे हैं। ऐसे में विद्यालयों से हटाकर शिक्षकों को दूसरी जगह भेजना न्याय संगत नहीं है' राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ एवं लोकतांत्रिक अध्यापक मंच इस प्रकार से शिक्षकों को जेल में शिक्षण कार्य के लिए लगाए जाने के आदेश का विरोध करता है।

# अमेरिका में कोई गुंडागर्दी करता है तो वो जेल जाता है, भारत में कोई गुंडागर्दी करता है तो वो भाजपा में जाता है

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




राष्ट्रीय राजधानी में ग्रेटर कैलाश से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक व दिल्ली जल बोर्ड का उपाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस कर देश के बिगड़ते हुए माहौल पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर हमला करने वाले लोगों को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा के राष्ट्रीय नेता सम्मानित करते और फूल मालाएं पहना रहे थे। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास को देखकर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि भाजपा पूरी दुनिया में इकलौती ऐसी राजनीतिक पार्टी है जिसने बलात्कारियों के समर्थन में तिरंगा यात्रा निकाली थी। 2018 में जम्मू और कश्मीर राज्य के कठुआ जिले में छह दरिंदों ने एक 8 साल की बच्ची का बलात्कार किया था। उन बलात्कारी आरोपियों के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं और भाजपा के दो मंत्रियों ने तिरंगा यात्रा निकाली थी। यह हैरानी की बात है कि देश में सरकार चला रहा एक राजनीतिक दल बलात्कारियों के पक्ष में समर्थन यात्रा निकाल रहा है। ग्रेटर कैलाश से आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा, साल 2017 में उन्नाव में भाजपा के विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने एक लड़की का बलात्कार किया था। मासूम लड़की की मौत हो गई। बेटी को इंसाफ दिलवाने और बलात्कार के आरोपियों को पकड़वाने के लिए उसका पिता दर-दर भटकता रहा और पुलिस कस्टडी के अंदर उसकी हत्या कुलदीप सिंह सेंगर ने करवाई। भाजपा के सभी मंत्री, पूरा सिस्टम, पूरी सरकार अपने बलात्कारी हत्यारे विधायक के पक्ष में खड़े रहे। कठुआ और उन्नाव को दोनों ही मामलों में जिन बलात्कारियों के साथ भाजपा खड़ी थी, उन दोनों मामलों में सजा दी गई। कोर्ट ने भी यह माना कि दोनों ही मामलों में बच्चियों का बलात्कार और हत्या भी की गई। तीसरा मामला यूपी के हाथरस का है। 2020 में योगी आदित्यनाथ सहित पूरी भाजपा की सरकार और कार्यकर्ता बलात्कारियों के समर्थन में उतर आए थे। यह भी कहने लगे कि पूरा मामला ही झूठा है। लेकिन सीबीआई जांच और कोर्ट मॉनिटर इन्वेस्टिगेशन में पता चला कि मामला सही था। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इतिहास से साफ है कि अगर अमेरिका में कोई व्यक्ति गुंडागर्दी करता है तो उसे जेल भेज दिया जाता है। लेकिन अगर हमारे देश में कोई गुंडागर्दी करता है तो वो भाजपा में जाता है। यूरोप में बलात्कारी का पूरी तरह बहिष्कार कर जेल भेज दिया है। हमारे देश में कोई बलात्कारी है तो वह सोचता है कि चलो भाजपा जाया जाए। क्योंकि भाजपा गलत कार्यों को सपोर्ट करती है। साथ ही उनके सहयोग में खड़ी होती है। आज देश में गुंडागर्दी और लफंगागिरी करने वालों के सपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी मौजूद है। भाजपा देश में कभी भी शिक्षा पर जोर नहीं देती, क्योंकि अगर देश शिक्षित हो जाएगा तो हजारों-लाखों अनपढ़ लफंगे भाजपा को कहां से मिलेंगे। यही वजह है कि भाजपा कभी इस देश के अंदर स्कूल और कॉलेज नहीं बनाएंगी। भाजपा के राज में बेरोजगारी बढ़ने की एक वजह यह है कि भाजपा को हजारों-लाखों अनपढ़ों की एक ऐसी फौज चाहिए, जो देश में दंगे कराए और गुंडागर्दी करें। माताओं-बहनों-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल कर दें और हमेशा डर का माहौल बना कर रखें। भाजपा कभी नहीं चाहेगी कि ऐसे गुंडागर्दी करने वाले लोगों की नौकरी लगे। क्योंकि अगर वो बेरोजगार रहेंगे तभी तो काम आएंगे। रोजगार मिलने पर अपना घर-परिवार चलाएंगे और भाजपा के किसी काम नहीं आएंगे। सौरभ भारद्वाज ने कहा, आज हमें तय करना है कि हमें किस से कंपटीशन करना है। आज से कुछ साल पहले जहां युवा बीपीओ, कॉल सेंटर, आईटी सॉफ्टवेयर और बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी को लेकर बैठकर चर्चा करते थे कि आज कौन सी बड़ी कंपनी आई और कहां बड़ी नौकरियां निकली। हम अफ्रीका, यूरोप, जापान से अपनी तुलना करते थे। आज हम अपनी तुलना पाकिस्तान और श्रीलंका से करते हैं।

## बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



रोहिणी जिला पुलिस की रोहिणी साइबर थाना पुलिस ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी दिलाने का ढांसा दे लोगों को ठगने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान उत्तम नगर के जीवन पार्क के आयुष राजपूत व जनकपुरी के चाणक्य पैलेस के सिद्धार्थ कार्की के रूप में हुई है। आरोपितों के पास से तीन लैपटाप, नौ सिम कार्ड, नौ मोबाइल, 23 डेबिट कार्ड, 47 हजार नकदी व अन्य सामान बरामद किया है। आरोपित स्वयं को एचआर अधिकारी बताते थे व आनलाइन ही उनका साक्षात्कार लेते थे।आरोपित अभी तक सैकड़ों लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त प्रणव तायल ने बताया कि अप्रैल की शुरूआत में एक युवक ने बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी होने से संबंधित शिकायत दर्ज करवाई थी। उसकी शिकायत पर मामला दर्ज कर एसएचओ अजय दलाल के नेतृत्व में एक टीम बनाई। टीम ने तकनीकी जांच कर दोनों आरोपितों सिद्धार्थ कार्की और आयुष राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपितों ने बताया कि वह दोनों एक दुसरे से जिम में मिले थे। इसके बाद वह दोस्त बन गए।उन्होंने बताया कि वह एक वर्ष पहले एक काल सेंटर में काम करते थे। इस दौरान उन्हें पता लगा कि काल सेंटर का मालिक नौकरी दिलाने के नाम पर भोले-भाले लोगों को ठग रहा है। काल सेंटर में काम करते हुए उन्हें लोगों को ठगने की जानकारी हासिल की व नौकरी छोड़कर खुद भी लोगों को नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने लगे। यहां से खरीदते थे डेटाः आरोपित लिंक्डइन, नौकरी डाट काम, हिरिस्ट डाट कॉम, फ्रेशरवर्ल्ड डाट काम और मान्स्टर डाट काम से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों का डेटा खरीदते थे।इसके बाद अपनी योग्यता और अनुभव के आधार पर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी की पेशकश करके नौकरी के इच्छुक लोगों को ठगते थे।आरोपित गूगल मीट एप के माध्यम से फोन पर फर्जी टेली-इंटरव्यू कर पीड़ितों को उनके ईमेल पर फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजते थे।

## वक्फ अधिनियम के कई प्रविधानों को दिल्ली हाई कोर्ट में दी गई चुनौती

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




वक्फ अधिनियम के कई प्रविधानों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के वकील और भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने इसमें अन्य धर्मों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए वक्फ कानून 1995 के प्रविधानों को चुनौती दी है। अश्वनी उपाध्याय ने मांग की है कि कोर्ट घोषित करे कि संसद को वक्फ और वक्फ संपत्ति के लिए वक्फ कानून 1995 बनाने का अधिकार ही नहीं है। अश्वनी उपाध्याय ने कोर्ट से यह भी आदेश देने की मांग की है कि वक्फ एक्ट 1995 के तहत जारी कोई भी नियम, अधिसूचना, आदेश अथवा निर्देश हिंदू अथवा अन्य गैर इस्लामी समुदायों की संपत्तियों पर लागू नहीं होगा। उपाध्याय ने कहा है कि इनमें वक्फ की संपत्ति को विशेष दर्जा दिया गया है जबकि ट्रस्ट, मठ और अखाड़े की संपत्तियों को वैसा दर्जा प्राप्त नहीं है। याचिका में मांग है कि कोर्ट घोषित करे कि दो धार्मिक समुदायों के बीच के संपत्ति विवाद को ट्रिब्युनल या अर्ध न्यायिक मंच (क्वासी ज्युडिशियल फोरम) तय नहीं कर सकते। ऐसे विवाद सिर्फ अदालत द्वारा ही निपटाए जाएंगे। याचिका में वक्फ कानून की धारा 4, 5, 8, 9 (1) (2) (ए), 28, 29, 36, 40, 52, 54, 55, 89, 90, 101 और 107 को असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है। कहा गया है कि ये धाराएं संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 25, 26, 27 और 300ए का उल्लंघन करती हैं। इसके अलावा वक्फ कानून की धारा 6, 7, 83 को भी निरस्त करने की मांग की गई है।

## तोड़फोड़ करने वालों को सम्मानित कर भाजपा ने अपना असली चेहरा दिखा दियाः आतिशी

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) और भाजपा कार्यकताओं को अपराधी कहने का भाजपा ने विरोध किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि पीड़ित कश्मीरी हिंदूओं का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप के अन्य नेता मजाक उड़ाते हैं। फिल्म द कश्मीर फाइल्स में कश्मीरी हिंदुओं की प्रताड़ना का सच सामने लाया गया है। इसे आप नेता झूठ बता रहे हैं। इन नेताओं के व्यवहार से लोगों में नाराजगी है। भाजयुमो कार्यकताओं ने इसी के विरोध में मुख्यमंत्री आवास के बाहर शांतिपूर्वक प्रदर्शन किया था। कुछ असामाजिक तत्व वहां पहुंच गए और तोड़फोड़-हंगामा किया तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करे। भाजपा और भाजयुमो के कार्यकर्ता आप सरकार के हिंदू और देश विरोधी नीति का विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप नेता टुकड़े-टुकड़े गैंग को समर्थन देने के साथ ही दिल्ली दंगे के आरोपितों को बचाते रहे हैं। आप नेताओं पर भ्रष्टाचार और अपराध के गंभीर आरोप हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद मनोज तिवारी पर आप विधायक अमानतुल्ला खां ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी किसी के साथ अन्याय हुआ है तो उसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर 31 मार्च को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या के नेतृत्व में हमला कर तोड़फोड़ करने वालों को सम्मानित कर भाजपा ने अपना असली चेहरा दिखा दिया और लोगों को बता दिया कि वह किस तरह की पार्टी है। इस सम्मान समारोह ने भाजपा को बेनकाब कर दिया। ये बातें आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और विधायक आतिशी ने शुक्रवार शाम पत्रकार वार्ता में कहीं। आतिशी ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने प्रदेश कार्यालय में हमलावरों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनकी तारीफ की है। ऐसा करके भाजपा ने अपने कार्यकताओं को संकेत दिया है कि ऐसा करने पर ही पार्टी उन्हें आगे बढ़ाएगी। भाजपा सांसद और कार्यकताओं की गुंडागर्दी को देखकर पूरा देश दंग रह गया कि अगर ये एक मुख्यमंत्री के आवास पर धावा बोलकर उन्हें और उनके परिवार पर हमला करने की कोशिश कर सकते हैं तो एक आम आदमी कैसे सुरक्षित रहेगा। हाई कोर्ट ने भी इस मामले पर सख्त टिप्पणी की। कई दिन तक आरोपितों को जमानत नहीं मिली। जब जमानत मिली तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कार्यालय में उन्हें सम्मानित किया।

## नाबालिग बेटी की तलाश में निकली थी मां, दंरिदों ने मदद के बहाने खेला गंदा खेल

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




पंजाबी बाग थाना क्षेत्र में नशीला पदार्थ पिलाकर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता अपनी नाबालिग बेटी को ढूंढने निकली थी। इस दौरान चार लोगों ने मदद के बहाने वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया केस पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपित नवीन सिंह भंडारी, विश्वमोहन आचार्य व अक्षय तनेजा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चौथे आरोपित की तलाश में जुटी है। नाबालिग बेटी बिन बताए घर से निकली मूलरूप से नेपाल की रहने वाली महिला पति व बच्चों के साथ पंजाबी बाग इलाके में रहती है। उनके पति नौकरी करते हैं।

बृहस्पतिवार रात को अचानक महिला की नाबालिग बेटी बिना कुछ बताए घर से निकल गई। महिला बेटी को ढूंढने के लिए घर से निकली। इस दौरान महिला को एक रेस्तरां के बाहर आरोपित मिले। उन्होंने महिला से देर रात घूमने का कारण पूछा। महिला ने बेटी के बारे में बताया तो आरोपित उनकी मदद की बात करने लगे। आरोपित महिला के साथ इधर-उधर लड़की की तलाश करते रहे। इसके बाद में बहाने से महिला को मादीपुर के एक मकान में ले गए। नशीला पदार्थ देकर महिला को किया था बेसुध वहां महिला को पेय पदार्थ में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर दिया गया। इसके बाद महिला बेसुध हो गई। महिला के बेसुध होते ही आरोपितों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता को जब होश आया तो उन्होंने मादीपुर पुलिस चौकी को सूचना दी। पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाया और मामला दर्ज कर लिया। चौथे आरोपित को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम बनाई गई है।

## खाने में जहरीला पदार्थ देकर शख्स ने पत्नी व बच्चे को मौत के घाट उतारा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



- मृतक की पहचान बवाना जेजे कालोनी के गुड्डू के रूप में हुई है
- जहांगीरपुरी इलाके में बदमाशों ने युवक को चाकू से वार कर घायल कर दिया

गीता कालोनी इलाके में खाने में जहरीला पदार्थ देकर शख्स ने पत्नी व बच्चे को मौत के घाट उतारा। वारदात के बाद आरोपित फरार हो गया। मृतकों की पहचान कंचन व ध्रुव के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपित सचिन की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। आरोपित घर के पास ही किराना की दुकान चलाता था। हत्या की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। वहीं, बवाना हनुमान मंदिर के पास मूनक नहर में गुरुवार दोपहर स्नान करते समय तीन युवक बह गए। इनमें से दो को तो बचा लिया गया, लेकिन तीसरे युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बवाना जेजे कालोनी के गुड्डू के रूप में हुई है। 21 वर्षीय गुड्डू पांच दोस्तों के साथ बवाना नहर में नहाने गया था। इस दौरान अचानक गुड्डू व उसके दो दोस्त बहने लगे। गुड्डू के साथियों की चीख पुकार सुनकर नहर के किनारे खड़े होकर वीडियो बना रहे जाहिद, सोनू, कल्लू और दीपू ने नहर में छलांग लगा दी। जाहिद ने बताया कि दो युवकों को तो बचा लिया गया, लेकिन गुड्डू डूब गया। गोताखोरों ने नहर से गुड्डू को निकाला। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से क्षेत्र में गम का माहौल है। जहांगीरपुरी इलाके में बदमाशों ने युवक को चाकू से वार कर घायल कर दिया। घायल को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। इस बाबत पुलिस मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार हनी लकी पार्क में रहता है। वह बीती रात जे -ब्लाक में टहल रहा था। तभी विशाल अपने साथियों के साथ घूम रहा था। उसने हनी को दबोच लिया और चाकू से सीने में छह वार किए। इसके बाद सभी वहां से फरार हो गए। घायल हनी को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। हनी का विशाल से शराब पीने के दौरान विवाद हो गया था। इस पर हनी ने विशाल को तीन-चार थप्पड़ मार दिए। ऐसे में विशाल ने उससे बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया।

### यमुना में बढ़ा अमोनिया का स्तर, हरियाणा से गुहार लगाई

नई दिल्ली। राजधानी में यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर एक बार फिर से बढ़ गया है। इसके चलते चंद्रावल और वजीराबाद जल शोधन संयंत्र में पानी के उत्पादन पर भी असर पड़ा है। दिल्ली की ओर से इस संबंध में हरियाणा को पत्र लिखकर यमुना में प्रदूषण रोकने और ज्यादा पानी छोड़ने की मांग की गई है।

दिल्ली जल बोर्ड द्वारा लिखे पत्र में कहा गया है कि शनिवार को दिल्ली में यमुना के पानी में अमोनिया का स्तर 7.5 पीपीएम (पार्ट पर मिलियन) के स्तर तक पहुंच गया है। इस स्तर के अमोनिया वाले पानी का शोधन भी मुश्किल है। यमुना के पानी में बढ़े प्रदूषण के चलते चंद्रावल और वजीराबाद में पानी के शोधन पर असर पड़ा है। जिसके चलते दिल्ली के लोगों को जलापूर्ति में बाधा का भी सामना करना पड़ सकता है। इस समय रमजान और हनुमान जयंती जैसे त्योहारों के चलते लोगों को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। पत्र में हरियाणा से प्रदूषण की रोकथाम करने और नदी में ज्यादा पानी छोड़ने की मांग की गई है।

## केजरीवाल सरकार ने स्कूलों से जरूरत पड़ने पर खास हिस्सा बंद करने को कहा

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में और भी स्कूली छात्रों के शुक्रवार को संक्रमित होने के बाद अभिभावकों में चिंता बढ़ गई। इस बीच, दिल्ली सरकार ने स्कूल प्रशासन को जरूरत पड़ने पर खास हिस्सा या कक्षाओं को बंद करने को कहा है। अंबेडकर जयंती, गुड फ्राइडे के बाद वीकेंड पड़ने के चलते दिल्ली के स्कूलों में चार दिनों का अवकाश है। दिल्ली के दो बड़े स्कूलों ने इस बात की पुष्टि की है कि उनमें से प्रत्येक को अभिभावकों से यह सूचना मिली है कि उनके बच्चों की कोविड-19 जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शुक्रवार को कहा कि स्कूलों या कक्षाओं के जिस हिस्से में कोविड-19 के मामले सामने आएं, उसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि विशेष परिस्थितियों में ही पूरे स्कूल को बंद किया जाना चाहिए। राजधानी में कोविड की स्थिति की समीक्षा के लिए दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 20 अप्रैल को एक बैठक बुलाई गई है। दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज स्थित एक बड़े निजी स्कूल के कम से कम पांच छात्र और अध्यापक पिछले हफ्ते कोराना वायरस से संक्रमित हो गए, जिससे अभिभावकों में अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। साथ ही, स्कूलों के फिर से बंद होने की संभावना भी बढ़ गई है। कोविड महामारी के चलते दो साल के अंतराल के बाद ऑफलाइन क्लास पूरी तरह से फिर से शुरू होने के कुछ ही हफ्तों के अंदर स्कूलों में संक्रमण के मामले बढ़ने की खबरों ने चिंता बढ़ा दी है। पड़ोसी नोएडा और गाजियाबाद के स्कूलों में कोविड के नए मामले आने के बाद राजधानी दिल्ली के निजी स्कूलों में भी संक्रमण के नए मामले सामने आए हैं। सिसोदिया ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि हमने उनसे स्कूलों को बंद करने को नहीं कहा है। हमारे दिशानिर्देश कहते हैं कि किसी खास हिस्से या कक्षा को अस्थायी रूप से बंद किया जाना चाहिए, जहां कोई व्यक्ति कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया हो। स्कूल उन विशेष परिस्थितियों में पूरे परिसर को बंद करने का फैसला ले सकते हैं जिनमें संक्रमित विद्यार्थी या अध्यापक स्कूल के कई हिस्सों से हों. हमने इसे विकेंद्रीकृत कर दिया है। शिक्षा निदेशालय ने 13 अप्रैल को कोविड पर राजधानी में स्कूलों को एक नई एडवाइजरी जारी कर उन्हें निर्देश दिया कि यदि किसी छात्र या टीचर के संक्रमित होने की पुष्टि होती है तो पूरे परिसर या खास हिस्से को बंद कर दिया जाए। निदेशालय ने यह भी कहा कि छात्र और टीचर मास्क पहनें और आपस में यथासंभव दूरी बनाए रखें।

**सूचना** बलात्कारियों, गुंडों, लोगों पर हमला करने वाले बदमाशों, लड़कियों को छेड़ने वाले लफंगों को ही अपना नेता बनाती है भाजपा : मनीष सिसोदिया

## यदि भारत को विश्वगुरु बनाना है तो गुंडागर्दी, लफंगई करने वाली पार्टियों का करना होगा बहिष्कार

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता




भाजपा ने जिस तरह से अरविंद केजरीवाल जी के घर हमला करने वाले गुंडों को अपने दफ्तर में बुलवाकर उन्हें अपने वरिष्ठ नेताओं द्वारा हीरो की तरह सम्मानित करवाया ये भाजपा के चरित्र को उजागर करता है कि वो लुच्चों-लफंगों, गुंडों, बलात्कारियों की पार्टी है आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को एक प्रेस-कांफ्रेंस के दौरान भाजपा के चरित्र का पदार्फाश करते हुए ये बातें कही उन्होंने कहा कि भाजपा आज पूरे देश में ये संदेश दे रही है कि यदि आप सड़क पर लफंगई करते है, लुच्चे-बदमाश है, महिलाओं को छेड़ते है बलात्कार करते है तो आपका भाजपा में स्वागत है भाजपा गुंडई-लफंगई करने वालों का न सिर्फ संरक्षण करती है बल्कि अपने दफ्तर में बुलाकर उनका किसी हीरो की तरह सम्मान भी करती है आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका में कोई गुंडागर्दी करता है तो वो जेल जाता है भारत में वो उस पार्टी में जाता है यूरोप में अगर कोई लडकी छेड़ता है तो जेल जाता है लेकिन भारत में भाजपा में जाता है भाजपा कभी अच्छे स्कूल नहीं बनायेंगे क्योंकि इन्हें अपनी राजनीति के लिए लाखों अनपढ़ गुंडे,लफंगे और बेरोजगार चाहिऐ उन्होंने कहा कि यदि विश्वगुरु बनना है तो गुंडागर्दी, लफंगई करने वाली पार्टियों का बहिष्कार करना होगा उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शरीफ, ईमानदार, देशभक्तों, पढ़े लिखों की पार्टी है। आप का साथ दीजिए। हमें अपने बच्चों और नौजवानों को अच्छी शिक्षा और अच्छे रोजगार देकर पश्चिमी देशों से कम्पटीशन के लिए तैयार करना है श्री सिसोदिया ने कहा कि कल जिस तरह से भाजपा ने अरविंद केजरीवाल जी के घर पर हमला करने वालों को सम्मानित किया उससे साफ है कि भाजपा के नायक हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी, देशभक्त शहीद व पढ़े-लिखे लोग नहीं बल्कि लोगों पर हमला करने वाले लुच्चे व बदमाश है उन्होंने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब भाजपा अपने इस चरित्र को उजागर कर रही है लुच्चे-बदमाशों, बलात्कारियों की पार्टी भाजपा का चरित्र उजागर करते कुछ घटनाक्रम।

### पीएनबी के लाखों ग्राहकों के लिए गुड न्यूज, घर बैठे ले सकेंगे कई सेवाओं का लाभ

नई दिल्ली। अगर आप पंजाब नेशनल बैंक के उपभोक्ता हैं तो ये खबर आपके काम की है। अब आपको बैंकिंग से जुड़ी जो भी परेशानी आएगी वह कुछ ही मिनटों में दूर हो जाएगी, वो भी घर बैठे। दरअसल, पीएनबी की तरफ से तीन ऐसे टोल फ्री नंबर जारी किए गए हैं जिन पर दिल्ली-एनसीआर के बैंक उपभोक्ता भी एक फोन काल करके कई सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। इस संबंध में पीएनबी की ओर से ट्वीट कर जानकारी दी गई है। पंजाब नेशनल बैंक ने ट्वीट पर लिखा है कि जब भी आपको कोई भी डाउट हो तो आप हमारे कस्टमर केयर सपोर्ट से संपर्क कर सकते हैं। यहां आपकी हर परेशानी को साल्व किया जाएगा। पंजाब नेशनल बैंक की ओर से ग्राहकों के लिए तीन कस्टमर केयर नंबर जारी किए गए हैं। जिन पर काल करके आप अपनी समस्या बता सकते हैं। पीएनबी के टोल फ्री नंबर- 1800-103-2222, 1800-180-2222, 0120-249-0000 हैं।

## फ्लाईओवर से 20 फुट नीचे गिरा मोटरसाइकिल सवार युवक, मौत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

मानसरोवर पार्क इलाके में एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक मोटरसाइकिल के साथ काफी दूर तक घसीटता चला गया और डिवाइडर से टकराकर मोटरसाइकिल कई बार पलटी खा गई। युवक उछलकर फ्लाईओवर से 20 फुट नीचे जा गिरा, जबकि मोटरसाइकिल फ्लाईओवर पर ही रह गई। राहगीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में युवक को जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान विकास के रूप में हुई है। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजन को सौंप दिया है। पुलिस केस दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है। साथ ही वाहन की पहचान के लिए फ्लाईओवर पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार विकास अपने परिवार के साथ वेलकम में रहते थे। परिवार में मां पवित्रा, बड़ा भाई अनुज कुमार के अलावा चार शादीशुदा बहने हैं। विकास की शादी नहीं हुई थी। वह शादी समारोह में वेटर का काम करते थे। उनकी मां ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात तीन बजे विकास अपने बड़े भाई की मोटरसाइकिल लेकर काम पर जाने के लिए घर से निकले थे। वह मोटरसाइकिल पर वेलकम से शाहदरा फ्लाईओवर होते हुए सीमापुरी की ओर जा रहे थे, जब वह मानसरोवर पार्क मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे, तभी उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह मोटरसाइकिल के साथ काफी दूर तक घसीटते हुए चले गए, डिवाइडर से टकराकर उनकी मोटरसाइकिल कई बार पलटी खाकर रुक गई और वह उछलकर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरे। फ्लाईओवर से गुजर रहे एक वाहन चालक ने फ्लाईओवर पर मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हालत में देखी तो वह रुक गए, उन्होंने देखा कि मोटरसाइकिल सवार फ्लाईओवर के नीचे खून से लथपथ पड़ा है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, रविवार, 17 अप्रैल, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### गर्लफ्रेंड को गिफ्ट देने के लिए झपटमारी करता था, धरा

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस ने गर्लफ्रेंड को महंगे तोहफे देने के लिए झपटमारी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बुध विहार निवासी 26 वर्षीय हिमांशु मिश्रा के रूप में हुई है। आरोपी कुछ दिनों पूर्व ही जेल से बाहर आया था। पूछताछ में उसने बताया कि वह दोस्त से स्कूटी लेकर वारदात को अंजाम देता था। डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी ने आठ अप्रैल को महिला टीचर समेत दो महिलाओं से चेन झपटी थी। उसके पास से दोनों चेन बरामद भी हो गई हैं। पुलिस के मुताबिक, हिमांशु दस वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने वारदात इस्तेमाल स्कूटी भी पंजाबी बाग से बरामद कर ली है। जांच के दौरान पता चला कि हिमांशु समयपुर बादली इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया गया। झपटमारी के माल में दोस्त कमीशन लेता था। आरोपी ने दोस्त के कहने पर ही वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी पंजाबी बाग में लावारिस खड़ी कर दी थी।

### रोडरेज में युवक की गर्दन पर ब्लेड मारा

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर में शुक्रवार को रोडरेज में बाइक सवार ने एक युवक की गर्दन पर ब्लेड मार दिया। घायल 21 वर्षीय रिंकू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। पीड़ित रिंकू न्यू उस्मानपुर के गामड़ी गांव में रहता है। वह आइसक्रीम बेचता है। शुक्रवार को न्यू उस्मानपुर में चौथा पुश्ता पर वह आइसक्रीम बेच रहा था। तभी एक बाइक सवार ने उसकी ठेली में टक्कर मार दी। रिंकू ने विरोध किया तो बाइक सवार गाली-गलौज करने लगा और बाद में उसकी पिटाई कर दी। उस समय आसपास के लोगों ने मामले को शांत करा दिया। थोड़ी देर बाद बाइक सवार दोबारा आया और जेब से ब्लेड निकालकर रिंकू की गर्दन पर मारकर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जग प्रवेश अस्पताल ले गई, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### 31 अगस्त तक पूरा होगा आश्रम एक्सटेंशन फ्लाईओवर

नई दिल्ली। नोएडा से एयरपोर्ट और दिल्ली-नोएडा के बीच डीएनडी फ्लाईओवर से सफर करने वाले यात्रियों को जाम से मुक्ति के लिए अगस्त तक इंतजार करना होगा। आश्रम फ्लाईओवर के एक्सटेंशन का काम 31 अगस्त तक खत्म करने की योजना के तहत लोक निर्माण विभाग काम कर रहा है। बता दें कि दिसंबर 2019 में इस परियोजना पर काम शुरू हुआ था, जिसके इस वर्ष पूरा होने की उम्मीद है। 128.95 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना को तैयार किया जा रहा है। योजना के तहत रिंग रोड पर आश्रम फ्लाईओवर का डीएनडी फ्लाई-वे तक विस्तार दिया जा रहा है। यह पूरा कॉरिडोर छह लेन का होगा। वहीं, आश्रम फ्लाईओवर से सराय काले खां जाने के लिए तीन लेन का एक रैंप भी बनेगा। आईटीओ से आश्रम जाने वाला कैरिज-वे पर एक लूप भी फ्लाईओवर से जुड़ जाएगा।

### आकार पटेल को राहत, एलओसी वापसी का आदेश बरकरार

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें सीबीआई को एमनेस्टी इंटरनेशनल इंडिया बोर्ड के अध्यक्ष आकार पटेल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) वापस लेने को कहा गया था। हालांकि, विशेष न्यायाधीश संतोष स्नेही मान ने उस निर्देश को खारिज कर दिया, जिसमें पटेल के खिलाफ एजेंसी की कार्रवाई के लिए सीबीआई निदेशक को पटेल से लिखित माफी मांगने के लिए कहा गया था। एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 7 अप्रैल को जांच एजेंसी को तुरंत एलओसी वापस लेने व पटेल से माफी मांगने को कहा था। 30 अप्रैल तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी थी। मालूम हो कि पटेल ने आरोप लगाया था कि उन्हें बेंगलुरु हवाई अड्डे पर अमेरिका जाने से रोक दिया गया। पटेल ने दावा किया था कि आव्रजन अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सीबीआई ने उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया है। इसके बाद उन्होंने अदालत का रुख किया था। उन्होंने दावा किया था कि गुजरात की एक अदालत ने उन्हें विदेश यात्रा की अनुमति दी थी, इसके बावजूद कार्रवाई की गई।

# भाजपा कभी भी अच्छे स्कूल, कॉलेज नहीं बनाएगी क्योंकि उनको अनपढ़ गुंडों की फौज चाहिएः राघव चड्ढा

### भाजपा के लोगों को हमारा संदेश है कि आप गुंडागर्दी कीजिए, केजरीवाल स्कूल, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघव चड्ढा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करने वाले गुंडों को सम्मानित करने के बाद साबित हो गया है कि बीजेपी का मतलब भारत की जाहिल पार्टी है। अमेरिका- यूरोप में कोई गुंडागर्दी करता है तो वह जेल में जाता है, भारत में गुंडागर्दी करता है तो वह बीजेपी में जाता है। भाजपा कभी भी अच्छे स्कूल, कॉलेज नहीं बनाएगी क्योंकि उनको अनपढ़ गुंडों की फौज चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को हमारा संदेश साफ है कि आप गुंडागर्दी कीजिए, वहीं अरविंद केजरीवाल स्कूल, अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक बनाएंगे। भारतीय जनता पार्टी और उसके गुंडे सबसे ज्यादा अरविंद केजरीवाल और उनके शिक्षा मॉडल से डरते हैं। हम देशभक्त लोग हैं, बीजेपी की गुंडागर्दी से डर कर भागने वाले नहीं हैं। देश में दो स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स हैं, अरविंद केजरीवाल स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स में दाखिले के लिए ईमानदारी, समर्पण और देश भक्ति चाहिए। दूसरी तरफ भाजपा स्कूल ऑफ पॉलिटिक्स में दाखिले के लिए लफंगई और गुंडागर्दी में कीर्तिमान स्थापित करना होता है। राघव चड्ढा ने कहा कि देशवासियों को तय करना होगा कि हम भारत को पाकिस्तान- श्रीलंका जैसा देश बनाना चाहते हैं या फिर अमेरिका, जापान, यूरोप जैसे विकसित देशों की तरफ लेकर जाना चाहते हैं। भारत सही मायने में एक शिक्षित और विकसित देश तभी बन पाएगा, जब भारत के लोग ऐसे गुंडों की भारतीय जनता पार्टी को गद्दार कहेंगे। राघव चड्ढा ने लोगों से भारतीय जनता पार्टी का सार्वजनिक बहिष्कार करने की अपील की है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने आज पार्टी मुख्यालय पर एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। राघव चड्ढा ने कहा कि बीजेपी का मतलब भारत की जाहिल पार्टी है, इस देश में अब यह सत्य हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सही मायनों में गुंडों, लुच्चों और लफंगों की पार्टी बन गई है। भारतीय जनता पार्टी के लफंगे, गुंडे आम आदमी पार्टी के लोगों पर हमला करते हैं। आईआईटी से पढ़े हुए और इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी करने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर हमला करते हैं। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी उन्हें बुलाकर सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले कुछ समय में लगातार अपनी गुंडागर्दी और लफंगई का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर पर हमला किया। इससे पहले 10 दिसंबर 2020 को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर पर तोड़फोड़ की। उनके दफ्तर में घुस कर वहां पर शीशा तोड़ा और उनके परिवार वालों को धमकाया। इसके अलावा पिछले दिनों दिल्ली जल बोर्ड के सोनिया विहार स्थित पर बीजेपी के गुंडों ने हमला करने की कोशिश की। वहां अंदर घुसकर पानी से छेड़छाड़ करना चाहते थे और जहर डालना चाहते थे। इस यूजीआर से दिल्ली के बड़े इलाकों में पानी की आपूर्ति होती है। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में भीड़ दिल्ली जल बोर्ड के कार्यालय में आई और पूरा ऑफिस तोड़ दिया। जल बोर्ड के उपाध्यक्ष के नाते जहां बैठता था वहां पर प्रिंटर, अरविंद केजरीवाल की फोटो, डेस्क, गमले सहित सब तोड़ दिया। भारतीय जनता पार्टी ने अपने पिछले कुछ दिनों के व्यवहार से साबित किया है कि वह वास्तव में गुंडों की पार्टी है। अगर अमेरिका में कोई गुंडागर्दी करता है तो उसे पुलिस जेल में डाल देती है। भारत में अगर कोई गुंडागर्दी करता है तो वह बीजेपी में जाता है। यूरोप के देशों में अगर कोई बहन-बेटी को छेड़ता है तो वह जेल में जाता है, लेकिन हिंदुस्तान में अगर बहन बेटी को छेड़ता है तो वह भाजपा में जाता है। भाजपा कभी भी आपके लिए अच्छे स्कूल, कॉलेज नहीं बनाएगी उन्होंने कहा कि ऐसे देश तरक्की नहीं कर सकता है। भाजपा कभी भी आपके लिए अच्छे स्कूल, कॉलेज नहीं बनाएगी क्योंकि गुंडों की फौज भाजपा को चाहिए। अगर लोग पढ़ लिख गए तो अनपढ़ गुंडे भाजपा को कहां मिलेंगे।

# दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर के 6 करोड़ पीएफ कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

बढ़ती महंगाई और कम होती कमाई के बीच निजी संस्थानों में कार्यरत देशभर के 6 करोड़ पीएफ कर्मचारियों को नरेंद्र मोदी सरकार अगले कुछ महीनों ने अच्छी खबर देने जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर के 6 करोड़ निजी संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों के पीएम खातों में ब्याज का पैसा डालने वाली है। इससे महंगाई और बढ़ती खाने-पीने की चाजों से जूझ रहे संबंधित कर्मचारियों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। जमा रकम पर 8.1 प्रतिशत की दर से मिलेगा ब्याज यहां पर बता दें कि पिछले दिनों ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने 2021-22 के लिए पीएफ जमा पर 8.10 प्रतिशत ब्याज दर के रूप में मंजूरी दी है। यह अलग बात है कि यह चार दशकों में सबसे कम है। वर्ष 1977-78 में ईपीएफओ ने ब्याज दर के रूप में 8.0 प्रतिशत जमा किया था। ऐसे में इस साल पीएफ कर्मचारियों को जमा रकम पर सबसे कम दर से ब्याज मिलेगा। बावजूद इसके 8.10 प्रतिशत से जमा पीएए की रकम पर ब्याज मिलने से करीब 6 करोड़ लोगों को फायदा होगा। 30 जून तक खाते में आ सकती है ब्याज की रकम ईपीएफओ के सूत्रों के अनुसार, ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा ब्याज का ऐलान होने के साथ ही 30 जून तक ब्याज का पैसा खाते में आ जाएगा। हालांकि, इस बाबत संबंधित केंद्रीय मंत्रालय अथवा ईपीएफओ की ओर से कोई आधिकारिक ऐलान अभी नहीं किया गया है। रकम आने पर ऐसे चेक करें बकाया ईपीएफओ अपने खाताधारकों को कई तरह की सुविधाएं और सहूलियतें मुहैया कर रहा है, जिससे उसके 6 करोड़ कर्मचारियों को दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। अगर आप भी पीएफ में जमा रकम का बकाया जानना चाहते हैं तो पीएफ अकाउंट से लिंक रजिस्टर नंबर से 011-22901406 पर मिस्ड-काल दें। इसके कुछ सेकंड्स में पीएफ खाते में जमा रकम की जानकारी एसएमएस के जरिये मिल जाएगी।

# दिल्ली-एनसीआर में तेजी से पैर पसार रहा कोरोना, कहीं कड़े प्रतिबंध लगाने की स्थिति न आ जाए !

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



कोरोना वायरस का ओमीक्रोन इअ2 वैरिएंट पड़ोसी देश चीन में कहर बरपा रहा है। कोरोना की चपेट में आए 29 राज्यों के करोड़ों लोग लाकडाउन के घेरे में आकर अपने-अपने घरों में कैद हैं। इस बीच ओमिक्रोन ए वैरिएंट के मामले गुजरात और महाराष्ट्र में भी मिले हैं, जिसके बाद केंद्र सरकार ओर से दिल्ली समेत सभी राज्य सरकारों को एडवायजरी जारी करते हुए सतर्कता बरतने के साथ टेस्टिंग बढ़ाने की अपील की गई है। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ओमिक्रोन स्ट्रेन के स्पाइक प्रोटीन में 30 से भी अधिक म्यूटेशन हैं, जो अब तक किसी भी वैरिएंट में नहीं थे। ऐसे में यह खतरनाक भी हो सकता है, हालांकि सुखद बात यह है कि अब तक इस वायरस से पीड़ित किसी शख्स की मौत नहीं हुई है।

**ये हैं ओमक्रोन के नए वैरिएंट के लक्षण**

- थकान
- गले में में चुभन
- हल्का बुखार
- शरीर में दर्द
- रात को सोने के दौरान पसीना आना
- लगातार सुस्ती
- सूखी खांसी

दिल्ली में पाजिटिविटी दर में तेजी से इजाफा दिल्ली-एनसीआर में पिछले 10 दिनों के दौरान बड़ी तेजी से कोरोना वायरस पैर पसार रहा है। आलम यह है दिल्ली-एनसीआर में कोरोना के केस कई गुना बढ़ गए हैं। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो कोरोना के नए मामले लगातार बढ़ रहे हैं। संक्रमण दर में भी बढ़ोतरी जारी है। अप्रैल-मई, 2021 जैसी स्थिति न आ जाए यही हालात रहे तो दिल्ली सरकार कठोर कदम उठाने की कड़ी में कई तरह के प्रतिबंध लगा सकती है, क्योंकि दिल्ली की आबादी बेहद सघन है। कोरोना के मामले दिल्ली में बड़ी तेजी से बढ़ते हैं। अप्रैल-मई, 2021 में डेल्टा ने कहर बरपाया था। हालात खराब हो गए थे, लोग आक्सीजन और वेंटिलेटर के अभाव में जान गंवा बैठे थे। यह स्थिति देशभर में थी।

दिल्ली में शुक्रवार को संक्रमण दर 2.39 प्रतिशत से बढ़कर 3.95 प्रतिशत हो गई। इस वजह से कोरोना के 366 नए मरीज मिले। हालांकि, पिछले 24 घंटे में किसी मरीज की मौत नहीं हुई। इसके साथ ही 209 मरीज ठीक हुए। ऐसा 71 दिन बाद हुआ जब संक्रमण दर चार प्रतिशत के करीब पहुंची है।

कोरोना के केस बढ़े, लेकिन घट गई कंटेनमेंट जोन की संख्या

इससे पहले तीन फरवरी को संक्रमण दर 4.3 प्रतिशत थी। 24 घंटे में 9 हजार 275 सैंपल की जांच हुई। सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर एक हजार के पार पहुंच गई है। 1072 सक्रिय मरीजों में से 21 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें से 11 मरीज आक्सीजन सपोर्ट पर हैं। 685 मरीज होम आइसोलेशन में हैं। कंटेनमेंट जोन की संख्या घटकर 683 रह गई है।

### बिटक्वॉइन में निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाला दबोचा

नई दिल्ली। पूर्वी जिला पुलिस ने बिटक्वॉइन में निवेश पर अधिक लाभ का झांसा देकर ठगने वाले एक आरोपी को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी 43 वर्षीय राहुल अहलूवालिया और उसकी पत्नी के संयुक्त खाते में 7.68 लाख रुपये फ्रीज कराए हैं। पुलिस आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर दिल्ली आई है, जिससे पूछताछ की जा रही है। पूर्वी जिले की डीसीपी प्रियंका कश्यप ने बताया कि पिछले साल नजफगढ़ निवासी अमित कुमार यादव ने पांडव नगर थाने में ठगी की शिकायत दी थी। अमित ने बताया था कि कुछ समय पहले पांडव नगर में रहने वाले राहुल अहलूवालिया से उनकी मुलाकात हुई थी। राहुल ने उन्हें बिटक्वॉइन में निवेश करने को कहा। उसने बताया और कहा कि कुछ ही दिनों में रकम दोगुनी हो जाएगी। अमित राहुल के झांसे में आ गए और उसे 12.58 लाख रुपये दे दिए। लेकिन राहुल रुपये लेकर फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस को पता चला कि आरोपी पश्चिम बंगाल में बैठकर वारदात को अंजाम दे रहा है।

# मुख्यमंत्री आय बढ़ोतरी योजना से दिल्ली देहात के किसानों को होगा मुनाफा

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



- गौरतलब है कि यहां एक एकड़ क्षेत्र के आधे हिस्से में जमीन के ऊपर सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के लिए सौर पैनल लगाए गए हैं

सौर ऊर्जा के साथ बहुस्तरीय कृषि प्रणाली की मदद से दिल्ली देहात के किसानों की तकदीर संवारने की कवायद चल रही है। किसानों के लिए मुख्यमंत्री आय बढ़ोतरी योजना के तहत उजवा स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में पायलट परियोजना के तौर पर आधा एकड़ खेत में बना माडल अब किसानों का ध्यान खींच रहा है। कुछ समय पहले यहां दिल्ली सरकार में प्रधान सचिव मनीषा सक्सेना व विशेष सचिव बीएस जगलान माडल को देखने पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने इस माडल से जुड़ी विभिन्न बातों को समझा। गौरतलब है कि यहां एक एकड़ क्षेत्र के आधे हिस्से में जमीन के ऊपर सौर ऊर्जा से बिजली बनाने के लिए सौर पैनल लगाए गए हैं, वहीं शेष बचे आधा एकड़ जमीन को खुला छोड़ दिया गया है। यहां विज्ञानियों ने सौर पैनल के नीचे बहुस्तरीय कृषि प्रणाली का इस्तेमाल कर खेती शुरू की। इस हिस्से में सौर पैनल के सबसे नीचे जमीन पर पालक, मेथी व धनिया की फसल लगाई गई। इसके ऊपर दो मंजिला मचान बनाया गया। दो मंजिला मचान पर बेल वाली सब्जियों में घीया, तोरी व करेला लगाई गई। विज्ञानियों के मुताबिक इस बहुस्तरीय माडल में हुए उत्पादन का जब वर्ष के अंत में हिसाब किताब किया गया तो मुनाफे के तौर पर करीब 35 हजार की आमदनी दर्ज की गई। वहीं शेष बचे आधे एकड़ में जिसके ऊपर सौर पैनल नहीं थे, वहां जमीन पर टमाटर, प्याज व बैंगन की खेती की गई। उस हिस्से में फरवरी से दिसंबर के बीच में 40 हजार रुपये की शुद्ध आय हुई, लेकिन जिस हिस्से में सोलर पैनल लगे थे, वहां बेशक सब्जियों से हुई खुले क्षेत्र के मुकाबले थोड़ी कम हुई लेकिन वहां बिजली का जो उत्पादन हुआ, वह अतिरिक्त आय है। फरवरी से दिसंबर के मध्य सौर ऊर्जा से आधे एकड़ में करीब 1.30 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। यानी सौर उर्जा संयंत्र लगाने से आपकी खेतीबाड़ी प्रभावित नहीं हो रही है और बिजली उत्पादन से एक शानदार आमदनी का सृजन हो रहा है। ये है बहुस्तरीय कृषि प्रणालीः जिस तरह यदि जमीन पर सिर्फ भूतल बनाया जाएगा तो इस्तेमाल के लिए जितनी जगह उपलब्ध होगी, वह उसके ऊपर बनाई जाने वाली हर मंजिल के साथ उतनी ही गुना बढ़ती जाती है। इसी तरह यदि किसी खेत में एक वक्त में एक फसल की खेती होगी तो जितनी आमदनी होगी, वह उसी जमीन पर एक साथ कई फसलें उपजाने पर उसी अनुपात में बढ़ जाएगी जिस अनुपात में फसलों की संख्या होगी।

### आठवीं मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में शनिवार को निमार्णाधीन भवन की आठवीं मंजिल से एक मजदूर नीचे गिर गया। घायल 24 वर्षीय हरदेश को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मृतक हरदेश यूपी के कासगंज स्थित बहरोजपुर गांव का रहने वाला था। वह मजदूरी करता था। पिछले कुछ दिनों से वह लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के निमार्णाधीन भवन में काम कर रहा था। शनिवार को निमार्णाधीन भवन की आठवीं मंजिल पर काम चल रहा था। दोपहर में काम के दौरान अचानक वह नीचे गिर गया। साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी यमुनापार की पहली थानाध्यक्ष पूनम

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आंखों में हजारों सपने लिए दिल्ली के एक सरकारी स्कूल में पढ़ी पूनम पारीक के कंधों पर आज अपराध को रोकने की बड़ी जिम्मेदारी है। पूनम यमुनापार की पहली महिला थानाध्यक्ष हैं। वह विवेक विहार थाने में तैनात हैं। यमुनापार का नाम आते ही लोगों के जहन में अपराध की तस्वीर झट से उभर जाती है। राजस्थान मूल की रहने वाली पूनम का जन्म दक्षिणी दिल्ली में हुआ था। शुरूआती पढ़ाई सरकारी स्कूल से हुई और स्नातक दिल्ली विश्वविद्यालय से किया। पिता एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे, बड़ी बहन के कहने पर पूनम ने दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल का फार्म भरा। पहली बारी में ही कामयाबी मिल गई, लेकिन अपनी पढ़ाई और जज्बे के चलते कांस्टेबल का प्रशिक्षण लेते हुए उन्होंने हेड कांस्टेबल का फार्म भरकर उसकी परीक्षा पास कर ली। कुछ दिन बाद एसआइ की भर्ती निकली और कठिन परिश्रम कर वह एसआइ बन गई। मौजूदा वक्त में वह इंस्पेक्टर हैं। थानाध्यक्ष के तौर पर जब पूनम गश्त पर निकलती हैं तो महिलाएं उन्हें देखकर खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं। बेहिचक होकर उनके सामने अपनी शिकायत रखती हैं। पूनम का कहना है सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली छात्र भी अच्छे पद पर पहुंच सकती है, बस वह अपनी मेहनत पर भरोसा रखे। पुलिस आयुक्त ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसे अच्छे ने निभा रही हैं। तीन पूर्व प्रधानमंत्री की सुरक्षा में रह चुकी हैं पूनम : दिल्ली पुलिस में रहते हुए पूनम 1998 में विशेष सुरक्षा दल में चली गई थी, यहां उन्होंने 2004 तक अपनी सेवाएं दी। इस बीच वह तीन पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी और डा. मनमोहन सिंह की सुरक्षा में तैनात रहीं। एसपीजी कमांडो रहते हुए उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला, उनका कहना है कि एसपीजी का अलग ही अनुभव रहा। ड्यूटी के दौरान हर एक पर चील की तरह निगाह रखनी पड़ती थी। 2014 में गृहमंत्रलय ने उन्हें बेहतर कार्य के लिए अवार्ड भी दिया था। महिलाएं ही संभाल सकती हैं दोहरी जिम्मेदारी : पूनम का कहना है कि भगवान ने महिलाओं को ऐसी शक्ति दी है कि घर के साथ ही आफिस की दोहरी जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकती हैं। वह कर्म करने में विश्वास रखती हैं, इंसान अपने कर्म से बड़ा बनता है। वह महिलाओं को जागरूक करती हैं कि वह पढ़ाई करें और इससे वे अपने अधिकारों को जानेंगी और खुद को साबित कर सकेंगी।

# कम हरियाली वाली सड़कों की सूची तैयार होगी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

राजधानी की सड़कों को ज्यादा हरा-भरा बनाने की कवायद शुरू की गई है। दिल्ली के पर्यावरण विभाग ने लोक निर्माण विभाग को ऐसी सड़कों की सूची तैयार करने को कहा है जिनके किनारे हरियाली बढ़ाने की जरूरत है। ताकि, इन सड़कों के किनारे सघन वृक्षारोपण किया जा सके। यूं तो देश के महानगरों की तुलना में दिल्ली में प्रति व्यक्ति हरियाली का औसत सबसे ज्यादा है। लेकिन, हरित क्षेत्र का हिस्सा दिल्ली के कुछ जिलों तक ही सीमित है। यहां पर नई दिल्ली जैसे जिले हैं जहां पर हरित क्षेत्र कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 47 फीसदी तक है। तो कुछ जिले ऐसे भी हैं जहां पर कुल भौगोलिक क्षेत्र का पांच फीसदी हिस्सा भी हरित क्षेत्र नहीं है। इसी प्रकार, जहां लुटियन दिल्ली और दिल्ली छावनी परिषद की सड़कें सबसे ज्यादा हरी-भरी और छायादार हैं। वहीं, घनी बस्ती से गुजरने वाली कई सड़के ऐसी हैं जहां पर दूर-दूर तक पेड़ नजर नहीं आते हैं। इस असमानता को दूर करने के लिए अब पर्यावरण विभाग ने कवायद शुरू की है। पर्यावरण विभाग ने दिल्ली के प्रदूषण को दूर करने के लिए बनाए गए चौदह सूत्रीय कार्ययोजना में इसे प्रमुखता से शामिल किया है। पहचान की जा रही इस क्रम में ऐसी सड़कों की पहचान की जा रही है जहां पर सड़क के किनारे हरियाली का स्तर कम है और जहां पर पेड़ लगाए जाने की जरूरत है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को कहा गया है कि ऐसी सड़कों और ऐसी जगहों की सूची तैयार करने के लिए विशेष कार्यबल का गठन किया जाना चाहिए।

**सूचना** हमने पाई-पाई जोड़कर पैसा बचाया और एक महीने के अंदर आपके लिए 300 यूनिट फ्री बिजली देने का एलान कर दिया

# पंजाब में हमने अपना पहला वादा पूरा किया, हम जो कहते हैं, वो करते हैं :अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री देने के एलान पर आप सरकार को बधाई देते हुए कहा कि पंजाब में हमने अपना पहला वादा पूरा किया। हम जो कहते हैं, वो करते हैं। दूसरी पार्टियों की तरह झूठे वादे नहीं करते। अब साफ नीयत वाली ईमानदार, देशभक्त सरकार आ गई है। भ्रष्टाचार खत्म करके पैसे बचाएंगे और पंजाब की तरक्की में पैसे की कमी नहीं होने देंगे। जब हमने चुनाव के दौरान गारंटी दी थी, तब सारी पार्टियां कहती थीं कि खजाना खाली है। यह हो ही नहीं सकता है, लेकिन हमने करके दिखा दिया। अब लोगों को इस महंगाई के जमाने में थोड़ी सी सहूलियत मिलेगी। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोगों को यकीन नहीं हो रहा है कि राजनीति में ऐसा भी हो सकता है कि चुनाव में जो वादे किए जाएं, वो वादे पूरे होते हैं। आजतक 75 साल की राजनीति में चुनाव के पहले जितने वादे किए गए, किसी पार्टी ने कभी कोई वादा पूरा नहीं किया। विपक्षी पार्टियां कभी नहीं चाहतीं कि यह भ्रष्ट सिस्टम बदले, लेकिन आप इस पूरे भ्रष्ट सिस्टम को बदलने जा रही है। यह विरोधी हमारा खूब विरोध करेंगे, इसकी हमें कोई परवाह नहीं है, क्योंकि हम देश के लिए काम कर रहे हैं। पंजाब की आप सरकार ने जब से 300 यूनिट फ्री बिजली देने का एलान किया है, लोग बहुत खुश हैं- अरविंद केजरीवाल पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों को 300 यूनिट बिजली फ्री देने का अपना पहला चुनावी वादा आज पूरा कर दिया। पंजाब की आप सरकार ने आगामी एक जुलाई 2022 से सभी परिवारों को 300 यूनिट फ्री बिजली देने का एलान किया है। इस एलान के बाद आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने डिजिटल प्रेस वार्ता कर कहा कि आज पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान साहब ने एक शानदार एलान किया है। जैसे दिल्ली में फ्री बिजली मिलती है, ऐसे ही एक जुलाई 2022 से पंजाब के लोगों को भी 300 यूनिट फ्री बिजली मिलनी चालू हो जाएगी। आज सुबह, जब से सीएम भगवंत मान साहब ने यह एलान किया है, तब से पंजाब के लोग बहुत ही खुश हैं। मेरे पास पंजाब से बहुत सारे लोगों के फोन आ चुके हैं। लोगों को यकीन नहीं हो रहा था। मैं आप सभी को यकीन दिलाता हूं कि हम एक-एक करके अपने सारे वादे पूरे करेंगे- अरविंद केजरीवाल

# हिंदुओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय जिहादी षडयंत्र, रासुका के तहत हो कार्रवाई : डॉ. सुरेन्द्र जैन

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेन्द्र कुमार जैन ने कहा है कि रामनवमी के पावन कार्यक्रमों पर हिंसक हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। उड़ीसा, गोवा अपेक्षाकृत शांत प्रदेश माने जाते हैं। वहां भी रामोत्सव पर हमला घोर चिंता का विषय है। पिछले दिनों खठव समेत 20 से अधिक स्थानों पर रामनवमी के आयोजनों पर हिंसक हमले किए गए। घरों की छतों से पत्थर, ईंटें, पेट्रोल बम, तेजाब की बोतलें आदि फेंकी गये। अवैध हथियार लहराते हुए जिहादियों की भीड़ ने हमले किए। महिलाओं की इज्जत लूटने का प्रयास किया गया, मंदिरों को तोड़ा गया तथा पुलिसकर्मियों पर भी जान लेवा हमले किए गए। हमला करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हो कार्रवाई विहिप का मानना है कि ये हमले आतंकवादी कार्रवाई हैं। हर हमलावर और उसको शह देने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत कार्रवाई होनी चाहिए । भारत के एक आतंकी संगठन पीएफआई की भूमिका अब स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। इन हिंसक हमलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के भारत विरोधी टूल किट गैंग का आर्थिक, बौद्धिक व राजनीतिक समर्थन मिल रहा है। कांग्रेस की नीति पर किया हमला उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि पार्टी इन हमलावरों के साथ खड़ी हो गई है। टीवी स्टूडियो से लेकर सड़क और अदालत तक हर जगह यह टूल किट गैंग इन जिहादियों की रक्षा में लामबंद हो गया है। वहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर चल रही गलत और फर्जी सूचनाओं के बार में भी कहा कि भड़काने वाले प्रयास विदेशों में रहने वाले कई धनवान जेहादी कर रहे हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक बड़ी सक्रियता इन जिहादी तत्वों के द्वारा दिखाई दी थी। भारत विरोधी वातावरण बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।

### आहार मेले में स्टार्टअप को भी मौका मिलेगा

नई दिल्ली। प्रगति मैदान में होने वाले 36वें आहार मेले को लेकर तैयारियां चल रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर के फूड व हॉस्पिटैलिटी (आहार) मेले में फूड एंड बेवरेज से जुड़ी 700 से अधिक प्रदर्शनी लगने की संभावना है। 26 से 30 अप्रैल के बीच होने वाले मेले में स्टार्टअप को भी मौका दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस बार बड़ी संख्या में स्टार्ट कंपनियां भी अपने उत्पाद रखेंगी। व्यापारी से व्यापारी (बी2बी) श्रेणी के इस मेले में कंपनियां व स्टार्टअप सीधे अपने उत्पाद व्यापारियों को बेच पाएंगे। एक तरह से यह मेला कंपनियों, फर्मों, स्टार्टअप व अन्य संस्थाओं को कारोबार बढ़ाने और नए व्यापारिक सहयोगी तलाशने में मदद करता है। यहां पर उत्पाद खरीदने के लिए कंपनियों और कारोबारियों के बीच सीधे समझौते भी होते हैं। इस बार मेले में करीब एक दर्जन से अधिक विदेशी कंपनियां भी हिस्सा ले रही हैं। मेले का आयोजन प्रगति मैदान में नए एग्जिबिशन सेंटर के हॉल नंबर 2, 3, 4 और 5 में होगा। प्रथम तल के हॉल नंबर 7, 8, 9 और 10 को भी मेले के लिए आरक्षित किया गया है।

# भाजपा बताए कि वह अपना विकास कर रही है या शहर का

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ( आप ) ने भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) से सवाल किया है कि गुरुग्राम में विकास कार्यों का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा बताए कि वह अपना विकास कर रही है या शहर का। भाजपा ने यहां गुरुग्राम-जयपुर हाइवे-48 किनारे प्राइम लोकेशन पर अपना पांच मंजिला आलीशान कार्यालय तो बहुत कम समय में पूरा कर लिया, लेकिन आम जनता के लिए नागरिक अस्पताल पर भाजपा सरकार एक कदम भी पूरा नहीं चल पाई है। आप कार्यकर्ता अभय जैन एडवोकेट और अशोक वर्मा एडवोकेट ने गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल और भाजपा कार्यालय को लेकर कहा है कि यह तो जनता के साथ खिलवाड़ है। शहर का यह नागरिक अस्पताल वर्ष 1975 में बनाया गया था, जिसे 44 साल बाद वर्ष 2019 में असुरक्षित घोषित किया गया। अस्पताल के कई विभागों को सेक्टर-10 में शिफ्ट कर दिया गया। इस समय गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र






में पीएचसी, सीएचसी को छोड़ दें तो बड़ा अस्पताल नहीं है। सेक्टर-10 का अस्पताल बादशाहपुर विधानसभा में आता है। बात करें पुराने नागरिक अस्पताल की तो इसे नया बनाने के लिए 2019 के बाद कई बार घोषणाएं हुई। 29 नवम्बर 2020 को गुरुग्राम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अस्पताल का विस्तार करके 500 बेड का बनाने की बात कही गई थी, जिसे बाद में घटाकर 400 बेड की बात कही गई। हालांकि यहां अभी तक आधा अस्पताल तोडने के सिवाय कुछ नहीं हुआ है। आप नेताओं का कहना है कि यह सरकार का चुनावी जुमला था। करीब एक साल पूर्व अस्पताल को तोडने की शुरूआत की गई, लेकिन आज तक इसे तोड़ा नहीं गया है। क्योंकि यहां से सीटी स्कैन और एमआरआई विभाग को शिफ्ट नहीं किया गया है। स्वास्थ्य विभाग के पास इसकी शिफ्टिंग के लिए धन की कमी है, जबकि सरकार कह रही है खजाना भरा हुआ है।

**जानकारी**

- क्या नागरिक अस्पताल से भी जरूरी था पार्टी कार्यालय
- अस्पताल की आधी बिल्डिंग टूटी, इसके बाद काम बंद है

जनता की अनदेखी कर रही सरकार

अब बात करें भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय की तो इस निर्माण बहुत तेजी से किया गया है। इसके निर्माण में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आई। रिकॉर्ड समय में पांच मंजिला बिल्डिंग खड़ी करके यहां कार्यालय शुरू कर दिया गया है। विकास के अनेक दावे इस कार्यालय के उद्घाटन पर करके गए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मनोहर लाल के एजेंडे में गुरुग्राम की जनता के लिए अस्पताल शामिल नहीं रहा। सरकार गुरुग्राम को आखिर मिलेनियम सिटी किस हैसियत से कह रही है।

## आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों के निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

गुरुग्राम। निर्धन वर्ग के छात्रों को निजी स्कूलों में प्री प्राइमरी व पहली कक्षा में प्रवेश देने की प्रक्रिया शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है। प्रदेश के शिक्षा निदेशालय ने पूर्व में आदेश जारी किए थे कि निजी स्कूल यह जानकारी उपलब्ध कराए कि उनके यहां इस वर्ग के बच्चों के लिए कितनी सीटें हैं। लेकिन अधिकांश स्कूलों ने यह जानकारी आज तक भी उपलब्ध नहीं कराई है। शिक्षा विभाग ने प्रवेश की प्रक्रिया को जारी रखते हुए अपनी कार्यवाही शुरू कर दी है। आगामी 25 अप्रैल तक उक्त कक्षाओं में आवेदन प्रक्रिया निश्चित की गई है। जिला शिक्षा विभाग का कहना है कि जिन निजी स्कूलों ने सीटों की संख्या की जानकारी नहीं दी है, वहां पर मौजूद सीटों के 25 प्रतिशत सीटों को ही इसके तहत माना जाएगा। उनका कहना है कि सभी निजी स्कूलों को आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों के लिए सीटें आरक्षित रखनी होंगी। शनिवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शिक्षा विभाग का कहना है कि आगामी 29 अप्रैल को ड्रा निकाला जाएगा और 5 मई तक निजी स्कूलों में ड्रा में शामिल बच्चे प्रवेश ले सकेंगे। प्रतीक्षा सूची 10 मई को जारी की जाएगी। निजी स्कूलों में प्रवेश को लेकर अभिभावक बड़े परेशान रहे हैं। अब नए शिक्षा सत्र में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## पंजाबी बिरादरी महासंगठन के बैसाखी मिलन समारोह को लेकर लोगों में भारी उत्साह : दलीप



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा आज रविवार को आयोजित किए जाने वाले विशाल बैसाखी मिलन समारोह को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। आयोजन के लिए संस्था के सदस्य व पदाधिकारी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं। इसी क्रम में संस्था के सह मंत्री व आरडब्ल्यूए सेंट्रल ग्राउण्ड न्यू कालोनी के संरक्षक दलीप लूथरा, चेयरमैन सतीश आहूजा, प्रधान संजय मदान, कार्यकारिणी प्रधान एडवोकेट सुभाष ग्रोवर ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा आज रविवार को न्यू कालोनी स्थित दशहरा ग्राउण्ड परिसर में सायं 5 बजे से 9 बजे तक बैसाखी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। आयोजन संस्था के प्रधान व शहर के प्रमुख समाजसेवी बोधराज सीकरी एवं वरिष्ठ उप प्रधान ओमप्रकाश कथूरिया की अगुवाई में होगा। इस आयोजन में पटौदी हरि मंदिर आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी और कार्यक्रम में शामिल लोगों को अपना आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के गृह व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज रहेंगे, जबकि अध्यक्षता करनाल के सांसद संजय भाटिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में थानेसर के विधायक सुभाष सुधा, बडकल फरीदाबाद की विधायक सीमा त्रिखा, यमुनानगर के विधायक घनश्यामदास अरोड़ा, पानीपत के विधायक प्रमोद विज, जींद के विधायक डा. कृष्ण कुमार मिड्ढा, हांसी हिसार के विधायक विनोद भ्याना, पूर्व विधायक मनीष ग्रोवर, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्षा रेणू भाटिया, हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, भाजपा जिलाध्यक्ष गुरुगाम गार्गी कक्कड़, केशवपुरम नई दिल्ली के जिलाध्यक्ष राज कुमार भाटिया, हरियाणा विद्युत बोर्ड के निदेशक व असम के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी के सुपुत्र अतुल मुखी शामिल होंगे। निमंत्रण देने वालों में जितेन्द्र मेहता, योगराज नागपाल, रजनीश आहूजा, अनिल सपडा, दिनेश बजाज, देवेन्द्र वधवा, संजय खुराना आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बैसाखी मिलन समारोह का आयोजन आज

गुरुग्राम। न्यू कालोनी स्थित दशहरा ग्राउण्ड के प्रांगण में आज रविवार को पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा करनाल के सांसद सजय भाटिया की अध्यक्षता में बैसाखी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान व हरियाणा राज्य सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने बताया कि प्रदेश के स्वास्थ्य एवं गृहमंत्री अनिल विज सहित विभिन्न क्षेत्रों के विधायक कार्यक्रम में शामिल होंगे। बोधराज सीकरी ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा, जिसको लेकर शहर के लोगों में काफी उत्साह है।

### 3 दिवसीय 69वें वार्षिकोत्सव का आयोजन 22 अप्रैल से

गुरुग्राम। भीम नगर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर के प्रांगण में श्रीसनातन धर्मसभा द्वारा 3 दिवसीय 69वें वार्षिकोत्सव का आयोजन 22 अप्रैल से किया जाएगा। संस्था के प्रधान पवन पाहूजा बंटी, सुरेश मल्होत्रा, किशोरीलाल डूडेजा ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान बंशीलाल राही, महेश गोविंद, स्वामी उमानंद, रामनारायण निमोर्ही, प्रमोद शर्मा, लेखराज चावला, ज्योति गनोत्रा, विमला तनेजा, प्रभूदयाल आदि द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतभूषण दुआ, महेश चड्ढा, कृष्ण कुमार झांब, विक्की कालरा आदि जुटे हुए हैं।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

नूंह। नूंह खंड के गांव मेवली से आकेड़ा पुलिस टीम ने मेवली गांव के चोरी की एक बाइक के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आकाश पुत्र रामकिशन के रूप में हुई है। आकेड़ा चौकी प्रभारी किशन सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी को बृहस्पतिवार की रात को गांव मेवली से गिरफ्तार किया है। आरोपी गुप्त सूचना के आधार पर घर से ही पकड़ा।

## हनुमान मंदिर में भी मनाई गई धूमधाम से हनुमान जयंती

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों स्थित मंदिरों आदि में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं तथा धर्मप्रेमियों ने भी अपने स्तर पर हनुमान जयंती को धूमधाम से मनाया। इसी क्रम में संजय ग्राम स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। मंदिर के मुख्य ट्रस्टी व भाजपा जिला किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष सीताराम सिंघल ने हनुमान जी का भव्य श्रृंगार भी पंडितों के सहयोग से किया। मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया था, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। मंदिर की महिला मंडली का भी रामायण पाठ में विशेष योगदान रहा। सीताराम सिंघल ने हनुमान जी का महत्व बताते हुए कहा कि हनुमान जी बड़े बलशाली थे। वह सीता मां की खोज में अपनी वानर सेना के साथ लंका तक पहुंच गए थे। रावण के



अहंकार को तोडते हुए लंका का दहन भी कर दिया था। भगवान श्रीराम के प्रमुख सेवकों में हनुमान जी का नाम आता है। हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से बिगड़े काम भी बन जाते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे नियमित रुप से रामभक्त हनुमान की आराधना करें ताकि उनमें आत्मबल की वृद्धि हो सके और वे मजबूती से अपना कार्य कर सकें। अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद हनुमान जी को भोग लगाकर भण्डारे प्रसाद का वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद भी ग्रहण किया।

## सेक्टर 3,5 व 6 के निवासी गंदे और बदबूदार पानी पीने को हैं मजबूर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सेक्टर 3,5 व 6 के निवासी गंदे और बदबूदार पानी पीने को मजबूर प्रमिला गजे कबलाना सीन्यर डेप्युटी मेयर व वार्ड 9 की पार्षद पिछले दो साल से सेक्टर से नदारद। दिनेश वशिष्ठ प्रेज़िडेंट आर॰डबल्यू॰ए॰ सेक्टर 3,5 व 6 ने बताया कि हमारे तिनो सेक्टरों मैं कई दिनो से पीने के पानी का प्रेशर नही मिल रहा था और अब कुछ दिनो से पीने के पानी मैं जैसे मरे हुए जानवर की बदबू आ रही है। मुझे चिन्ता है कही सेक्टर मैं गन्दे पानी व बदबूदार पानी पीने से कही सेक्टर मैं बीमारी नही फैल जाए। हमने ये जानकारी नरेश जे॰ई॰, एस॰डी॰ओ॰, एक्स॰ई॰एन॰ चीफ इंजीनियर तक दी लेकिन मौके पर अभी तक कोई अधिकारी नही आया है। हमने वॉटर वर्क्स के टैंक सफाई की भी ऐप्लिकेशन लगा रखी है जिसका टेंडर हो गया है लेकिन अभी तक संतुष्टि पूर्वक जवाब नही मिला है।आज हमने अधिकारियों का इंतजार देखकर टैंक मैं बाल्टी से पानी



निकाला और पानी पी कर चेक किया तो पीने के पानी मैं आज भी बदबू आ रही है।हमारा सेक्टर 3,5,6 वार्ड 9 मैं आता है हमारी पार्षद व गुड़गांव की सीन्यर डेप्युटी मेयर प्रमिला गजे कबलाना हैं जो पिछले दो साल से हमारे सेक्टर मैं ही नही आई है। अगर हम फोन करते हैं तो वो अपने पति पूर्व पार्षद गजे सिंह कबलाना का हवाला देती हैं की आप कोई भी काम हो आप उन्हें फोन करें अगर कोई रेजिडेंट फोन कर अपनी समस्या रखता है तो पहली बात तो फोन ही नही उठाते फोन उठाते हैं तो काम नही करवाते सेक्टर निवासी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहें हैं। क्योंकि वार्ड नम्बर 9 मैं उनका ज्यादातर एरिया एयर फोर्स डिपो 900 मीटर के दायरे मैं आता है जहाँ एम॰सी॰जी॰ कार्य नही करवा सकती हमारा सेक्टर 900 मीटर से बाहर आता हैं हमारे सेक्टर मैं तो विकास कार्यों मैं कोई रुकावट ही नही है।

## हनुमान जयंती पर विशाल भण्डारों का आयोजन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान श्रीराम के भक्त पवनपुत्र हनुमान की जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों व विशाल भण्डारों का आयोजन किया गया। प्रातः से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी दिखाई दी और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों व आश्रमों में सुंदर कांड व रामचरितमानस पाठ का आयोजन भी किया गया। हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। मदनपुरी स्थित बाबा अमरनाथ मंदिर के पुजारी शंकर शास्त्री ने बताया कि हनुमान जी से संबंधित सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की जानकारी सभी को होनी चाहिए। इनकी प्रतियां निशुल्क रुप से वितरित करनी चाहिए, ताकि आम आदमी को भी हनुमान जी से संबंधित पूरी जानकारी मिल सके। श्रद्धालुओं ने बजरंग बली की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना भी की। हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## जहां एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं लोग, वहीं लोग गाडियों व टाइल्स की धुलाई कर पानी को कर रहैं बर्बाद

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गर्मियों में पेयजल की किल्लत होना स्वभाविक है। हालांकि जिला प्रशासन, नगर निगम व जीएमडीए ने अपने स्तर पर पेयजल की आपूर्ति के लिए पूरी व्यवस्था की हुई है ताकि शहरवासियों को गर्मी के मौसम में भी निर्विघ्न रुप से पेयजल की आपूर्ति सुचारु रुप से मिल सके। लेकिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल की बबार्दी में योगदान देने वालों की भी कोई कमी नहीं है। विभिन्न कालोनियों में लोग अपने घरों के बाहर गलियों में पानी से अपनी गाडियां धोते नजर आ जाएंगे। ये लोग गाड़ी ही नहीं धोते, अपितु महिलाएं भी गलियां में लगी सीमेंट की टाइल्स को भी नियमित रुप से धोते हुए पेयजल की बबार्दी करने में लगी हैं। यदि कोई उनसे पेयजल की बबार्दी न करने का आग्रह करता है तो वे झगड़ा करने को तैयार हो जाते हैं। हालांकि नगर निगम व जिला प्रशासन ने पेयजल की बबार्दी को रोकने के



लिए पेयजल से गाडियों को धोने पर पाबंदी लगाई हुई है। यदि प्रशासन चाहे तो इनके खिलाफ कार्यवाही भी कर सकता है, लेकिन लापरवाह लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। पुराने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गाड़ी व टाइल्स धोने की परंपरा काफी समय से चली आ रही है। सडक व गलियों में जहां पानी भर जाता है, वहीं आने-जाने वाले लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। समाजसेवियों का कहना है कि एक ओर तो लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ये लापरवाह लोग गाड़ी व सडक की टाइल्स धोने में भी किसी प्रकार की कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं। नगर निगम व जिला प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए और ऐसे लापरवाह लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही भी की जानी चाहिए।

## सीमा सिंगला अग्रवाल वैश्य समाज की जिला अध्यक्ष नियुक्त

नूंह। अग्रवाल वैश्य समाज की प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सराफ द्वारा सीमा सिंगला को अग्रवाल वैश्य समाज नूंह जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी इस नियुक्ति पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सीमा सिंगला ने बताया कि अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा फतेहाबाद जिले में पूर्व से ही महिलाओं के हितों के लिए कार्य किया जाता है। संस्था द्वारा महिलाओं में कौशल व नेतृत्व पैदा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्षा सुशीला सराफ के अलावा अशोक बवानीवाला सहित अन्य पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष से प्रदेश के अन्य जिलों की भी महिलाओं को संगठन में जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी। सीमा सिंगला ने कहा कि अब जिले में वह महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य करेंगी। इसके लिए हर वर्ग की महिलाओं को साथ लेकर उनके उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। जो जिम्मेदारी मिली है उसका पूरी ईमानदारी के साथ पालन किया जाएगा।

## सरस मेले में भिवानी की जूतियां आ रही हैं लोगों को पसंद, जमकर हो रही खरीददारी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

महिलाओं के बारे में अमूमन एक धारणा है कि वे जब भी बाजार में कुछ खरीदारी करने जाती हैं तो एक जगह या दुकान से खरीदारी का मन नही बना पाती। लेकिन सरस मेले में आ रही दर्शक महिलाएं उपरोक्त धारणा को गलत साबित कर रही हैं। मेले में आ रही महिलाएं ना केवल जमकर खरीदारी कर रही है बल्कि जिस स्टाल से खरीदारी करती हैं वे उन महिलाओं के मोबाइल नंबर लेना नही भूलती ताकि भविष्य में कुछ और सामान खरीदना हो तो उनसे संपर्क किया जा सके।

कुछ ऐसा ही नजारा है सी ब्लॉक के स्टाल नंबर पांच पर, भिवानी जिला के गाँव बाडवा से आई सीमा देवी के स्टाल पर जरी की जूतियों के इतने डिजाइन है कि स्टाल के सामने से गुजरने वाली दर्शक महिलाओं के कदम बरबस ही रूक जाते हैं। सीमा



देवी ने बताया कि उन्होंने गांव की 10 महिलाओं के साथ वर्ष 2019 में बाला जी नाम से स्वयं सहायता समूह का गठन किया था। जिला प्रशासन के सहयोग से मिले प्रशिक्षण उपरान्त आज उनका समूह अपने परिश्रम के दम पर विभिन्न प्रकार की हस्तनिर्मित जूतियों का निर्माण कर अपनी आजीविका को चला रहा है। उन्होंने बताया कि उनके उत्पाद में प्योर लेदर की कई वैरायटी की जूतियां है जिन पर बड़े ही सुंदर तरीके से जरी का वर्क किया गया है।

उन्होंने बताया कि उनके स्टाल पर बी, वी व टी शेप में सभी साइज की जूतियां उपलब्ध है। जिनकी कीमत 350 से 1500 के बीच रखी गयी है। सीमा देवी बताती है कि ऐसा नही की उनके स्टाल पर केवल महिलाओं के ही उत्पाद उपलब्ध है।

## हनुमान जयंती पर हुआ कार्यक्रमों का आयोजन






गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान श्रीराम के परमभक्त अंजनिपुत्र हनुमान की जयंती के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर जहां अंजनिपुत्र की पूजा-अर्चना की, वहीं विशाल भण्डारों का आयोजन भी किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों स्थित मंदिरों, शिवालयों व आश्रमों में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा और वे पूरे विधि-विधान के अनुसार हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते दिखाई दिए। शहर के विभिन्न मंदिरों व आश्रमों में चल रहे सुंदर कांड व रामचरितमानस पाठ संपन्न हुए। हवन-यज्ञ का आयोजन भी किया गया। सैक्टर 4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में जहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान के अनुसार हनुमान जी की पूजा-अर्चना की, वहीं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिला श्रद्धालु शामिल हुई। मंदिर का संचालन करने वाली मैत्री कल्याण मंच के चेयरमैन एसएस दहिया ने बताया कि मंदिर के पुजारी पंडित प्रमोद व अतुल ने अंजनिपुत्र की विधिवत रुप से पूजा कराई। सुंदर कांड पाठ के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया। धार्मिक आयोजनों में पंडितों ने कहा कि हनुमान जी अजर-अमर हैं। वह संकटमोचन हैं तथा सभी के दुखों को हरते हैं। श्रद्धालु हर मंगलवार को हनुमान जी की पूजा-अर्चना करते हैं, जिससे उनके रुके हुए काम भी बन जाते हैं और उनका जीवन मंगलमय हो जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि हनुमान जी से संबंधित सुंदरकांड व हनुमान चालीसा की जानकारी सभी को होनी चाहिए। इनकी प्रतियां निशुल्क रुप से वितरित करनी चाहिए, ताकि आम आदमी को भी हनुमान जी से संबंधित पूरी जानकारी मिल सके।

## गर्मी के मौसम में बढ़ गई है बिजली की मांग

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

प्रदेश में बिजली संकट की आहट सुनाई देनी शुरू हो गई है। मौसम के गर्म होते ही बिजली की मांग भी बढ़ गई है। बिजली उत्पादन करने वाले प्लांटों में कोयले की कमी की खबरें भी प्रतिदिन आ रही हैं। निकट भविष्य में बिजली का संकट प्रदेश में आ जाए इससे इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि प्रदेश सरकार बिजली के इस संकट से उबरने के बड़े-बड़े दावे भी कर रही है और सरकार का कहना है कि बिजली व्यवस्था सामान्य है। बिजली को लेकर प्रदेशवासी परेशान नहीं होंगे, इसके लिए पूरी व्यवस्था की जा रही है। जानकारों का कहना है कि यदि बिजली की किल्लत बढ़ती है तो हरियाणा प्रदेश में गुडगांव ही सबसे अधिक प्रभावित होगा। क्योंकि प्रदेश में सबसे ज्यादा बिजली की खपत गुडगांव में ही होती है। गुडगांव में बड़े-बड़े औद्योगिक इकाईयां भी बड़ी संख्या में हैं। जानकारों का यह भी कहना है कि प्रदेश के पावर प्लांटों के पास केवल 15 दिन का कोयला ही बचा है। इन प्लांटों को सुचारु रुप से चलाने के लिए प्रतिदिन 15 रैक कोयले की जरुरत पड़ती है, जबकि प्रदेश को 10 रैक ही मिल रहा है। 5 रैक की प्रतिपूर्ति स्टॉक में पड़े कोयले से की जा रही है। बिजली वितरण निगम दावा कर रहा है कि घबराने की कोई बात नहीं है। अभी तक कोई बड़ी समस्या सामने नहीं आई है। मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति की जा रही है। पॉवर प्लांट की जो यूनिटें कुछ समय से बंद पड़ी थी, उन्हें भी दुरुस्त किया जा रहा है ताकि बिजली का उत्पादन सुचारु रुप से हो सके। जानकारों का कहना है कि इस समय प्रदेश में प्रतिदिन 8 हजार मेगावॉट से अधिक बिजली की मांग है। जबकि प्रदेश के सभी 6 पॉवर प्लांट से करीब 2851 मेगावॉट बिजली मिल रही है। हालांकि इन प्लांटों की उत्पादन क्षमता 4534 मेगावॉट है। प्रदेश में बिजली की सबसे अधिक खपत गुडगांव व उसके बाद फरीदाबाद में है। माना जा रहा है कि प्रदेश के कुल बिजली उत्पादन में करीब 50 प्रतिशत बिजली अकेले गुडगांव में ही खपत हो रही है।

## पर्यावरण बचाने को हम सबको बनना होगा इको फ्रेंडली: नवीन गोयल

### खुद भी वैकल्पिक तौर पर इलेक्ट्रिक स्कूटी का उपयोग करने की बात कही



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने शनिवार को यहां शीतला माता रोड पर इको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पहुंचे लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए भविष्य में ई-वाहनों के उपयोग करने की सलाह व संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ई-वाहनों कम खर्च वाले होने के साथ हमारे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं पहुंचाते।नवीन गोयल ने कहा कि हमारे गुरुग्राम का पर्यावरण अत्याधिक दूषित हो गया है। हमें अपने पर्यावरण के प्रति सचेत रहने और चिंता करने की आवश्यकता है। प्रदूषण को कम करने के लिए ई-वाहनों का इस्तेमाल अब जरूरी हो गया है, ताकि भावी पीढ़ी के लिए हम स्वच्छ पर्यावरण तैयार कर सकें। अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवागमन के लिए इस स्कूटी को उपयोग में लाकर एक सकारात्मक पहल में हिस्सेदार बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह ई-स्कूटी 3 घंटे चार्ज करने पर 70-80 किलीमीटर तक चलती है। स्कूटी को परिवार का हर सदस्य आसानी से चला सकता है। इस अवसर पर कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाली पंडित, राजपूत महासभा के उपाध्यक्ष संतोष ठाकुर, योगिता सैनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जांगड़ा समाज, पुष्पा जांगड़ा उपस्थित रहे।

# हमलावर बने बेचारे

नफरत और हिंसा का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह रामनवमी से लेकर बैसाखी के पावन त्योहारों तक जारी रहा। फिलहाल कुछ शांति है, लेकिन नफरत खत्म नहीं हुई है। अब यह सनातन-सी लगती है। ऐसी खबरें भारत के भीतर तक ही सीमित नहीं रही हैं, बल्कि अमरीका में मैत्री-संवाद के दौरान भी उठी हैं। एक पत्रकार ने अमरीकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से भारत में अल्पसंख्यकों पर किए जा रहे हमलों को लेकर सवाल किया, तो ब्लिंकन का जवाब भारत-विरोधी और एकतरफा था। अल्पसंख्यकों पर हमलों और उनके मानवाधिकारों को लेकर भारत को कटघरे में खड़ा किया गया। छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। प्रधानमंत्री मोदी और भारत को लेकर अमरीकी सीनेट में भी एक अश्वेत, महिला सांसद ने इस मुद्दे पर सवाल उठाया कि अमरीकी प्रशासन कब कारगर कार्रवाई करेगा? शब्दों का अंतर हो सकता है, लेकिन अमरीका की सरजमीं से ये सवाल बार-बार किए जाते रहे हैं कि भारत में सांप्रदायिक अल्पसंख्यकों के मानवाधिकार संकट में हैं? मुसलमानों का अस्तित्व खतरे में है! ऐसे सवाल राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा और डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकालों के दौरान भी उठाए गए। हर बार ऐसा आभास दिया गया मानो अमरीकी प्रशासन भारत सरकार को आगाह कर रहा हो कि ऐसा नहीं होना चाहिए। हालांकि हमारे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कड़ा और माकूल जवाब दे दिया है, लेकिन ये तमाम सवाल बेबुनियाद और सफेद झूठ हैं। भारत में अल्पसंख्यक जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई, पारसी आदि समुदाय हैं। उनके मानवाधिकारों पर कोई संकट नहीं है। मुसलमानों की 20 करोड़ से ज्यादा आबादी है। बहुसंख्यकों के बाद मुसलमान ही बहुसंख्यक हैं। अमरीका ने असल अल्पसंख्यकों के प्रति चिंता और सरोकार कभी नहीं जताए। मुसलमानों के प्रतिनिधि देश के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, केंद्रीय मंत्री, सांसद, खुफिया एजेंसी के मुखिया तक रहे हैं। उनका उत्पीड़ कैसे किया जा सकता है? अपवादों और पुरानी धारणाओं को तोड़ देना चाहिए और नए तथ्यों के साथ विश्लेषण किए जाने चाहिए। रामनवमी के पावन दिन पर जो नफरती उत्पात मचाया गया था, उसके कुछ ताजा वीडियो सार्वजनिक हुए हैं। सबसे ज्यादा त्रासद मप्र के शिवम शुक्ला का उदाहरण है। वह आज भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। सिर्फ 15-16 साल के उस किशोर का कसूर इतना-सा था कि वह दंगाई हिंसा का शिकार बना दिया गया। वह लगातार बेहोश रहा है। उसके सिर और मस्तिष्क के बड़े ऑपरेशन किए गए हैं। न तो वह कट्टरपंथी है, न जेहादी-सा सांप्रदायिक है और न ही किसी हिंसक संगठन का हिस्सा रहा है। यदि शिवम की मौत हो जाती है, तो उसके नागरिक मानवाधिकार जरूर कुचले जाएंगे। हमारी दुआएं हैं कि शिवम दीर्घायु हो, स्वस्थ रहे, लेकिन चिंता यह है कि कथित अल्पसंख्यकों के हाथों में तलवारें, चाकू, रॉड, बंदूक, पत्थर और पेट्रोल बम आदि हथियार अचानक कहां से आ जाते हैं? ऐसा कई सांप्रदायिक उपद्रवों और दंगों के दौरान देखा गया है कि मुस्लिम भीड़ अचानक हमलावर बनकर सामने आती है और मारो, काटो, आग लगा दो के जुमलों के साथ वे हमला करते हैं? जाहिर है कि जिन पर हमला किया जाता रहा है, वे हिंदू ही होते हैं। हमले मुसलमानों पर भी किए जाते रहे हैं, लेकिन जिस तरह सुनियोजित और लामबंद हमले मुसलमान करते हैं, वे वाकई चिंता का सबब हैं। हालिया दंगों के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी को ही सीधी गोली मार कर घायल कर दिया। वह भी अस्पताल में हैं। बड़ा दुस्साहस है अल्पसंख्यकों का! यह शोध का विषय है कि आखिर मुसलमान इतने सुनियोजित क्यों हैं? क्या उन्हें कोई निर्देश या पैसा दे रहा है? क्या कोई उनके जरिए हिंदुस्तान में साजिशें रच रहा है? बाबा अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को थी। वह हमारे संविधान के रचनाकार हैं। सवाल है कि क्या अंबेडकर के सपनों का भारत यही है? सरसंघचालक मोहन भागवत ने 15 साल बाद अखंड भारत की भविष्यवाणी की है। हमारा दावा है कि यह देश अब कभी अखंड हो ही नहीं सकता, क्योंकि यह भावनाओं और पूर्वाग्रहों के स्तर पर अंदर से ही विभाजित है। हमें तो देश की आजादी का अमृत महोत्सव भी बेमानी लगता है। उन्हें बेचारे चित्रित किया जा रहा है, जो हमलावर ही नहीं, हत्यारे भी हैं। दंगाइयों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

# कुपोषण से परेशान भारत

देवन प्रसाद राय




हमारे देश में कुपोषण दिन-दिन बढ़ रहा है। आज कुपोषण के कारण नई पीढ़ी प्रभावित हैं। कुपोषण से हर रोज कोई ना कोई अपने जीवन की कहानी समाप्त कर रहा है, जिसे लेकर वह मीडिया के जरिए सामने नहीं आता, ये बात अलग है। कुपोषण भारत की गम्भीरतम समस्याओं में एक है, फिर भी इस समस्या पर सबसे कम ध्यान दिया गया है। आज भारत में दुनिया के सबसे अधिक अविकसित (4.66 करोड़) और कमजोर (2.55 करोड़) बच्चे मौजूद हैं। इसकी वजह से देश पर बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है, हालांकि राष्ट्रीय परिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़े बताते हैं कि देश में कुपोषण की दर घटी है लेकिन न्यूनतम आमदनी वर्ग वाले परिवारों में आज भी आधे से ज्यादा बच्चे (51%) अविकसित और सामान्य से कम वजन (49%) के हैं। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि भारत में हर साल कुपोषण के कारण मरने वाले पांच साल से कम उम्र वाले बच्चों की संख्या दस लाख से भी ज्यादा है। दक्षिण एशिया में भारत कुपोषण के मामले में सबसे बुरी हालत में है। राजस्थान और मध्य प्रदेश में किए गए सर्वेक्षणों में पाया गया कि देश के सबसे गरीब इलाकों में आज भी बच्चे भुखमरी के कारण अपनी जान गंवा रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस ओर ध्यान दिया जाए तो इन मौतों को रोका जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र ने भारत में जो आंकड़े पाए हैं, वे अंतरराष्ट्रीय स्तर से कई गुना ज्यादा हैं। यद्यपि संविधान के अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद-47 भारत सरकार को सभी नागरिकों के लिये पर्याप्त भोजन के साथ एक सम्मानित जीवन सुनिश्चित करने हेतु उचित उपाय करने के लिए बाध्य करते हैं। किंतु भारतीय संविधान में भोजन के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं प्रदान की गई है। अनुच्छेद 21 के मुताबिक, किसी भी व्यक्ति को उसके जीवन अथवा निजी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जा सकता। वहीं संविधान के अनुच्छेद 47 के अनुसार, राज्य अपने लोगों के पोषाहार स्तर और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा लोक स्वास्थ्य में सुधार को अपने प्राथमिक कर्त्तव्यों के रूप में शामिल करेंगे। इस प्रकार संविधान के मूल अधिकारों से संबंधित प्रावधानों में अप्रत्यक्ष जबकि राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों से संबंधित प्रावधानों में प्रत्यक्ष रूप से कुपोषण को खत्म करने की बात की गई है। हालिया आँकड़े बताते हैं कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली कुल जनसंख्या का लगभग 25.7 प्रतिशत हिस्सा अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत कर रहा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 13.7 प्रतिशत के करीब है। यद्यपि गरीबी अकेले कुपोषण को जन्म नहीं देती, किंतु यह आम लोगों के लिये पौष्टिक भोजन की उपलब्धता को प्रभावित कर सकती है। अधिकांश भोजन और पोषण संबंधी संकट भोजन की कमी के कारण उत्पन्न नहीं होते हैं, बल्कि इसलिये उत्पन्न होते हैं क्योंकि लोग पर्याप्त भोजन प्राप्त करने में समर्थ नहीं हैं। जल जीवन का पर्याय है। पीने योग्य पानी की कमी, खराब स्वच्छता और खतरनाक स्वच्छता प्रथाओं के कारण आम लोग जल जनित बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं, जो कि कुपोषण के प्रत्यक्ष कारणों में से एक है। देश में पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण आहार के संबंध में जागरूकता की कमी स्पष्ट दिखाई देती है जिसके कारण तकरीबन पूरा परिवार कुपोषण का शिकार हो जाता है। आँकड़ों के अनुसार, भारत के 1.3 बिलियन लोगों के लिये देश में सिर्फ 10 लाख पंजीकृत डॉक्टर हैं। इस हिसाब से भारत में प्रत्येक 13000 नागरिकों पर मात्र 1 डॉक्टर मौजूद है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस संदर्भ में 1:1000 अनुपात की सिफारिश की है, यानी देश में प्रत्येक 1000 नागरिकों पर 1 डॉक्टर होना अनिवार्य है। इस प्रकार देश में स्वास्थ्य सेवाओं की अनुपलब्धता भी कुपोषण में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। बीते कुछ दशकों में जलवायु परिवर्तन से संबंधित प्राकृतिक आपदाओं जैसे- सूखा, चक्रवात, बाढ़, आदि की संख्या में काफी वृद्धि देखने को मिली है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा किये गए अध्ययन के अनुसार विश्व के 40 से अधिक विकासशील देशों में जलवायु परिवर्तन के कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि उत्पादन में हो रही गिरावट आने वाले वर्षों में भूख से पीड़ित लोगों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि कर सकती है।

# समाजवादी चंद्रशेखर का इतिहासपरक मूल्यांकन

राजा राम मोहन राय, ईश्वरचंद विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, गांधी, लोहिया और अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों-मनीषियों के सामाजिक अवदानों एवं नैतिक आदर्शों का मूल्यांकन भी उनके जाने के बाद ही हुआ। समाज की इस विचित्र अवधारणा का रहस्य और मनोविज्ञान क्या है यह तो समझना कठिन है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रुप से याद आएंगे। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी।





अरविंद जयतिलक
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरुप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदण्ड क्या होगा इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है। राजाराम मोहनराय, ईश्वरचंद विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, गांधी, लोहिया और अंबेडकर जैसे समाज सुधारकों-मनीषियों के सामाजिक अवदानों एवं नैतिक आदर्शों का मूल्यांकन भी उनके जाने के बाद ही हुआ। समाज की इस विचित्र अवधारणा का रहस्य और मनोविज्ञान क्या है यह तो समझना कठिन है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रुप से याद आएंगे। उनका संघर्ष सदैव समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में काम करने के रुप में याद किया जाएगा। दबे-कुचले वंचितों, शोषितों एवं पीड़ितों के लिए उनका सामाजिक-राजनीतिक योगदान एवं सर्वजन की चेतना को मुखरित करने की उनकी कमाल की क्षमता नई पीढ़ी के लिए मिसाल होगी। चंद्रशेखर को समझने के लिए वर्तमान समाज की बुनावट, उसकी स्वीकृतियां, विसंगतियां एवं धारणाओं को भी समझना होगा। इसलिए और भी कि उन्होंने समय की मुख्य धारा के विरुद्ध खड़ा होने और उसे बदलने के बदले में अपमानित और उत्पीड़ित करने वाली हर प्रवृत्तियों के ताप को सहा। उनके पास न तो विजेता की सैन्य शक्ति थी और न ही सत्ता का सिंहासन। एकमात्र विचारों का बल था जिसके बूते वह हाशिए पर खड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने के लिए सतत प्रयास किया। हर समाज की भेदभावपरक व्यवस्था ही व्यक्ति के विचारों को तार्किक आयाम और जोखिम उठाने की ताकत देती है। और मुठभेड़ का माद्दा भी। समाज में व्याप्त विषमता से उत्पन जिस हलाहल को डा0 लोहिया ने पीया उसकी पीड़ा को कई वर्षों बाद चंद्रशेखर ने भी पीया और जीया। लिहाजा उन्होंने समाज के गुणसूत्र को बदलने की ठान ली। उन्होंने सामाजिक गैर-बराबरी को समाप्त करने लिए परंपरागत मूल्यों और मान्यताओं को हथियार बनाने के बजाए उसे ही निशाने पर रखा। पुरातनपंथी धारणाओं पर तीव्रता से हमला बोला और व्यवस्था की सामंती ढांचे को उखाड़ फेकने के लिए राजनीति को हथियार बनाया। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की। युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रुप में स्थापित हो चुके थे। वे राष्ट्रीय व विदेशी मसलों पर खुलकर गहन-गंभीर विचार व्यक्त करते थे और युवाओं को प्रेरित करते थें वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रुझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए। 1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए। लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दिया। कहा तो यह भी जाता है कि उनकी पदयात्रा से उपजी लोकप्रियता से इंदिरा गांधी भी डर गयी। उनकी लोकप्रियता से उनके समकालीन नेता चिढ़ने लगे। जबकि वे अच्छी तरह जानते थे कि चंद्रशेखर का उद्देश्य समाजसेवा है न कि सत्ता में भागीदारी। देखा भी गया कि 1975 की इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गयी। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। लेकिन नैतिक राजनीति के पुरोधा इसके लिए शीध्र तैयार नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में शामिल होगी तभी वे सरकार का नेतृत्व करेंगे।

राजीव गांधी ने भरोसा दिया कि दो महीने बाद कांग्रेस भी सरकार में शामिल होगी। लिहाजा चंद्रशेखर सरकार बनाने के लिए तैयार हो गए। अपने वादे के मुताबिक कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई और प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को अपने इशारे पर नचाने की कोशिश की। लेकिन समाजवाद के प्रकाशस्तंभ चंद्रशेखर ने कांग्रेस के इशारे पर चलने से मना कर दिया। लिहाजा कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कांग्रेस के समर्थन वापसी से भले ही चंद्रशेखर का पद चला गया लेकिन जनमानस में उनका कद जरुर बढ़ गया। वे प्रधानमंत्री रहते हुए डिफेंस और होम अफेयर्स की जिम्मेदारियों का भली प्रकार निर्वहन किया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। दो राय नहीं कि अगर उन्हें प्रधानमंत्री पर अधिक समय तक रहने का मौका मिला होता तो उनकी गिनती भारत के महानतम प्रधानमंत्रियों में होती। उन्होंने अपने अल्प कार्यकाल में ही अयोध्या विवाद, असम समस्या, पंजाब समस्या और कश्मीर समस्या का हल निकालने का रोडमैप तैयार कर लिया था। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने अंतर्राष्ट्रीय मोर्चे पर भी सराहनीय कार्य किए। उन्होंने पांचवे सार्क शिखर सम्मेलन में शिरकत की और ठेठ हिंदी में क्षेत्रीय और वैश्विक समस्याओं को ध्वनित किया। पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ उनके भाषण से बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने उस समय अपने कार्यालय में काम कर रहे रियाज खोखड़ से कहा कि काश तुम भी मेरे लिए इतनी अच्छी तकरीर लिखते। चंद्रशेखर एक राजनेता ही नहीं बल्कि प्रखर वक्ता, विद्वान लेखक और गजब के समीक्षक थे। नवाज शरीफ ने चंद्रशेखर का इसलिए भी आभार व्यक्त किया कि उन्होंने कुछ स्वीडिश इंजीनियरों की जान बचाई थी जिनका कश्मीरी पृथकतावादियों ने गुलमर्ग में अपहरण कर लिया था। अगर उनकी जान नहीं बची होती तो फिर पूरा इल्जाम पाकिस्तान के सिर जाता। अन्य अंतर्राष्ट्रीय मसलों पर भी चंद्रशेखर की राय बेबाक और स्पष्ट थी। सामाजिक मोर्चे पर चंद्रशेखर की भूमिका का मूल्यांकन करें तो राष्ट्र-समाज व्यवस्था में बेहतर बदलाव के लिए उन्होंने सामाजिक-आर्थिक संरचना में आमूलचूल परिवर्तन की बात कही। उनका स्पष्ट कहना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डा0 लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि ह्यपूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ एक महा मानवतावादी भी थे। उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो।

# लोकतंत्र की जड़ों को खोखला कर रही है परिवारवाद की राजनीति !

असर तो होना ही था और पांच राज्यों के चुनाव में बहुत से राजनीतिक परिवारों में से टिकट चाहने वाले अभ्यार्थियों को विधायकी के टिकट से वंचित रह जाना पड़ा। कहीं मनोहर पर्रिकर के पुत्र को टिकट नहीं मिला तो कहीं रीता बहुगुणा जोषी को इस लाभ से वंचित रहीं। इस चुनाव के बाद भी प्रधानमंत्री ने न तो इस मुद्दे को छोड़ा है और न ही भुलाया है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने फिर दोहराया कि परिवारवाद की राजनीति ने देष को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने तो यह तक कहा कि यदि एक ही परिवार के लोग अलग-अलग प्रदेशों में भी हों तो भी उनके तार आपस में जुड़े ही रहते हैं। अब देखने की बात यह है कि देष से बाहर अंतराष्ट्रीय स्तर पर और उससे भी ज्यादा इस देष में विभिन्न राज्यों में ऐसी कौन सी ताकते हैं।






राजीव शर्मा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में देष के प्रधानमंत्री ने भारतीय राजनीति की एक दुखती रग को कसकर पकड़े रखा और वे देश में पनप रही परिवारवाद की राजनीति पर रह-रहकर हमला बोलते रहे। जब प्रधानमंत्री खुद इस मुद्दे पर इतना मुखर थे तो जाहिर है कि उसका असर तो होना ही था और पांच राज्यों के चुनाव में बहुत से राजनीतिक परिवारों में से टिकट चाहने वाले अभ्यार्थियों को विधायकी के टिकट से वंचित रह जाना पड़ा। कहीं मनोहर पर्रिकर के पुत्र को टिकट नहीं मिला तो कहीं रीता बहुगुणा जोषी को इस लाभ से वंचित रहीं। इस चुनाव के बाद भी प्रधानमंत्री ने न तो इस मुद्दे को छोड़ा है और न ही भुलाया है। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने फिर दोहराया कि परिवारवाद की राजनीति ने देष को बहुत नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने तो यह तक कहा कि यदि एक ही परिवार के लोग अलग-अलग प्रदेषों में भी हों तो भी उनके तार आपस में जुड़े ही रहते हैं। अब देखने की बात यह है कि देश से बाहर अंतराष्ट्रीय स्तर पर और उससे भी ज्यादा इस देष में विभिन्न राज्यों में ऐसी कौन सी ताकते हैं जिन्हें परिवारिक राजनीति का परिणाम कहा जा सकता है और देष के लोकतंत्र पर ऐसी ताकतों का क्या असर हो रहा है। असल में जब किसी एक देश या प्रदेश की राजनीति पर पूरी तरह एक अकेला परिवार ही काबिज हो जाता है तो उसके बाद वहां जो कुछ होता है उसमें देश या प्रदेश के लाभ के बजाय परिवार का फायदा ही पहली जगह ले लेता है। ऐसी परिवारवादी राजनीति के दुष्परिणाम इस देष के राज्यों ने ही नहीं, बाहर बहुत से देषों ने भी भयावह रूप से झेले हैं। हो सकता है कि परिवारवाद की राजनीति के कुछ सकारात्मक पहलू भी हों लेकिन यदि इसमें लाभ ही लाभ होता तो वंषानुगत राजतंत्र का यूं खात्मा न हुआ होता। जिस समय हम यह चर्चा कर रहे हैं उस समय इस परिवारवाद के जहर या उसके असर को समझना के लिए फिलहाल बहुत दूर जाने की जरूरत नहीं है। अपनी पड़ोसी श्रीलंका से भी हम परिवारवाद की राजनीति के विष को समझ सकते हैं। श्रीलंका में इन दिनों सत्ता पर राजपक्षे परिवार का कब्जा है और वहां के सर्वोच्च चार पदों पर जब राजपक्षे परिवार के लोग ही काबिज थे तब वहां पुराने किस्सों में सुने जाने वाले अकाल जैसे हालात पैदा हो गए हैं। जब वहां के लोगों के भूखों मरने या पलायन करने के हालात पैदा हो गए तब उसी राजपक्षे सरकार ने यह मान लिया है कि उनके पास 51 अरब डॉलर का विदेशी कर्ज चुकाने के लिए पैसा नहीं है यानी श्रीलंका एक तरह से दिवालिया देश बन गया है। इस संकट की घड़ी में भी उन्हें विदेषी कर्ज से ही उम्मीद है कि उनके दिन फिरेंगे लेकिन ऐसे देश को विदेश से कर्ज मिलना भी आसान नहीं होगा। इसी तरह हमारे पड़ोस में पाकिस्तान में भी नवाज शरीफ के कानूनी पचड़ों से बचने के लिए लंदन चले जाने के बाद अब इमरान के हटने से उनके भाई षहबाज षरीफ प्रधानमंत्री कुर्सी पर गद्दीनषीन हो गए हैं। उनकी योग्यता यह नहीं बताई जा रही कि वे पंजाब के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं उनकी योग्यता यह बताई जाती है कि बहुत बड़े व्यवसायी हैं और उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद उन पर चल रहे मनी लांड्रिंग जैसे कई केस ठंडे बस्ते में चले गए हैं। इस परिवारवादी राजनीति के झंडे तले पल रहे पाकिस्तान की माली हालत कैसी है यह किसी से छिपा नहीं है जब पाकिस्तान को अमेरिकी मदद रुक गई तो अब चीन ही उनका सबसे पक्का और सच्चा दोस्त बन गया है। पाकिस्तान का घर भी आजकल विदेषी कर्ज से ही चल रहा है। प्रधानमंत्री रहते हुए इमरान खान की कारगुजारियों ने तो उस अमेरिका और सउदी अरब को भी पाकिस्तान से दूर कर दिया जिनके वे सबसे बड़े देनदार हैं। अंतर्राष्ट्रीय जगत में परिवारवादी राजनीति के इन दो उदाहरणों के बाद अब हम अपने देष में इस परिवारवादी राजनीति के नुकसान और हानि को समझने की कोषिष करते हैं। हमारे देश में आजादी के बाद पिछले सात दषकों में सबसे ज्यादा राज कांग्रेस के नेहरू-गांधी परिवार ने ही किया है। नेहरू के बाद इस परिवार ने इस देष को कई स्थाई जख्म तो दिए ही हैं अब आजकल विपक्ष के तौर पर यही परिवार कांग्रेस के मार्फत इस देश को जो नुकसान कर रहा है वह भी कोई कम नहीं है। एक परिवार के आसरे ही चलने की जिद ने आज कांग्रेस को भारतीय राजनीति के रसातल में पहुंचा दिया है यह किसी से छिपा नहीं है। हमेषा कहा जाता है कि किसी भी लोकतंत्र में मजबूद विपक्ष का होना बहुत जरूरी है लेकिन लगातार सिमटते दायरे में जब कांग्रेस के कई दिग्गज नेहरू-गांधी नेतृत्व के खिलाफ गोलबंद हो गए हैं तब भी कांग्रेस नेतृत्व इस बात पर अड़ा हुआ है कि कांग्रेस को तो नेहरू-इंदिरा परिवार ही चलाएगा। इसका परिणाम यह है कि ज्यादातर जगहों पर मजबूत विपक्ष न होने से सत्ता पक्ष को मनमानी करते देखा जा सकता है। ऐसे ढेरों मसले आजकल रोजमर्रा के मीडिया में जगह और चर्चा पाते हैं कि यदि विपक्ष मजबूत होता तो सत्तापक्ष को यह मनमानी करने से रोका जा सकता था। नेहरू-गांधी परिवार के अलावा भी ऐसे ढेरों उदाहरण हैं जिन्हें हम अपने देष के अन्य राज्यों में भी देख सकते हैं। पंजाब में अकाली दल को एक परिवार के तीन ही लोग चलाते रहे। अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल, उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और उनकी बहु हरसिमरत कौर बादल। अभी वहां चुनाव में अकाली दल की जो दुर्गति हुई है उसे इस परिवार की राजनीति का परिणाम कहा जा सकता है। हरियाणा में कभी चैटाला परिवार का साम्राज्य था आजकल वे कहां गायब हैं यह देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेष में मुलायम सिंह यादव की जो वंशबेल अखिलेश यादव के तौर पर आगे बढ़ रही है उसने राज्य में पहली बार योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री के तौर पर लगातार दूसरी बार वापस आने का तमगा दिलाया है। महाराष्ट्र में अपनी विचारधारा से बाहर जाकर बाल ठाकरे के वंशज जिन लोगों के साथ सरकार चला रहे हैं क्या वह उन्हें यह शोभा देता है? लेकिन राजनीति में पारिवारिक कल्याण के लिए सब जायज है! शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन अपने राज्य में क्या कर रहे हैं यह राज्य में हो रहे हादसों से पता चलता है। तमिलनाडु की राजनीति में भी पारिवारिक वर्चस्व की राजनीति आज भी अपने रंग दिखा रही है।

# शिव का राजः शिव की मुक्तिः उमा का हठ. . . !

ओमप्रकाश मेहता

मौजुदा राजनैतिक माहौल में अपने आपको उपेक्षित समझ रही मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती ने एक बार फिर अपने हठयोग का प्रयोग कर रायसेन किला स्थित भगवान शिव के मंदिर के ताले खुलवाकर शिवलिंग का अभिषेक करने का संकल्प लिया है। उनका संकल्प है कि जब तक रायसेन किला स्थित शिव मंदिर के ताले खोलकर उन्हें अभिषेक नहीं करने दिया जाता है तब तक वे अन्न ग्रहण नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि रायसेन की पहाड़ी पर स्थित प्राचीन किले में सोमेश्वर महोदव का मंदिर है, जिसके ताले साल भर में एक बार महाशिवरात्रि पर शिवभक्तों के लिए खोले जाते है और उसी दिन उनका जलाभिषेक और पूजा होती है, अब उमाश्री इस मंदिर के ताले खुलवाने की जिद पर है। इस बार वे हठ जरूर कर रही है किंतु उनके स्वर शासन-प्रशासन विरोधी नहीं है, उन्होंने अपना गंगाजल पात्र ताले खुलने तक के लिए कलेक्टर को सौंप दिया है और कहा है कि ताले खुलने पर वे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के साथ यहां आकर जलाभिषेक करेगी और उसके बाद ही अन्न ग्रहण करेगी, अर्थात् कुल मिलाकर इस बार उमाश्री के तेवर तीखे नहीं है और वे धैर्य और शांति से अपनी जिद पूरी करवाना चाहती है, उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों उन्होंने सार्वजनिक रूव से शिकायत की थी कि मुख्यमंत्री शिवराज जी उनसे बात नहीं करते, किंतु जब शिवराज ने उन्हें बुलाकर उनके गिले-शिकवे सुन लिए तो फिर उमाश्री संतुष्ट हो गई। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि उमा भारती ने ही 2003 में दिग्विजय शासन के दशक को भंग कर यहाँ भाजपा की सरकार कायम की थी किंतु वे ज्यादा दिन मुख्यमंत्री नहीं रह पाई और न्यायालयीन गैर जमानती वारंट के प्रकरण में उन्हें पद से इस्तीफा देकर बाबूलाल गौर को कुर्सी सौंपना पड़ी थी गौर साहब भी अधिक समय मुख्यमंत्री नहीं रह पाए और शिवराज जी मुख्यमंत्री बन गए, अर्थात् 2015 से लेकर अब तक यदि कमलनाथ जी के शासनकाल के पन्द्रह महीनें निकाल दिए जाए तो तब से शिवराज सिंह जी ही राज्य के मुख्यमंत्री है और वे मध्यप्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। हाँ, तो बाद साध्वी उमा भारती के हठ की चल रही थी, उमाश्री के तीखे तेवरों के कारण उन्हें अग्निशलाका नैत्री (फॉयर ब्राण्ड लीडर) कहा जाता रहा है, उमा के तेवरों से अब तक मध्यप्रदेश थरार्ता रहा है, कई बार उन्होंने क्रोध में हाथ उठाने का भी कृत्य किया, जिसका उदाहरण अपने ही समर्थक अनिलराम को सार्वजनिक तौर पर मारा गया थप्पड़ है। यही नहीं उन्होंने एक बार तो बागी तेवर अपनाकर भाजपा के खिलाफ नई पार्टी का गठन भी किया था, 2013 में भाजपा में वापसी के बाद भी उमा के तेवर पूर्ववत ही रहे। केन्द्रीय मंत्री रहते 2019 में उन्होंने बिना आलाकमान की पूर्व मंजूरी के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था और अब फिर 2024 का चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उमाश्री का यह राजनीतिक इतिहास रहा है कि जब-जब उन्होंने पार्टी द्वारा अपने आपको उपेक्षित महसूस किया, तब तब उन्होंने अपने तीखे तेवर अपने दल और सरकार को दिखाये है, वे चूंकि साध्वी रहते हुए हिन्दूत्व की बड़ी पैरोकार रही है, इसलिए उनको देशव्यापी समर्थन भी प्राप्त है, उनका स्वभाव भावुक व अस्थिर है, इसलिए वे कोई भी फैसला भावुकता में बिना उसके परिणाम की कल्पना किये ले लेती है। अर्थात् कुल मिलाकर वे अन्य उन स्थापित नेताओं से अलग है जो काफी सोच समझकर भावी फैसला लेते है। वे घोषित रूप से अडवानी जी की समर्थक शिष्या रही है और अटल-अडवानी के शासनकाल में उनका राजनीतिक रूतबा काफी शीर्ष पर था, किंतु नरेन्द्र भाई मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी राजनीतिक स्तर पर पूछ-परख काफी कम हो गई, अल्पकाल के लिए वे केन्द्रीय मंत्री रही, किंतु 2019 के बाद वे अपने आपको काफी उपेक्षत महसूस कर रही है और इसी धुन में धार्मिकता की आड़ में वे राजनीतिक नेतृत्व विरोधी बयानबाजी या हठबाजी का फैसला ले लेती है, जैसाकि उन्होंने इस बार रायसेन किले स्थित सोमेश्वर मंदिर के ताले खोलने को लेकर लिया है, फिलहाल तो मुख्यमंत्री या प्रशासन की और से ताले खोलने की कोई तैयारी दिखाइ९ नहीं दे रही है, देखतें है उमाश्री कब तक सत्याग्रह जारी रखती है?

## संक्षिप्त खबरें

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

गजरौला। झारखंडी महादेव सेवक संघ के संयोजन में हनुमान जन्मोत्सव पर प्रभात फेरी निकाली गई। विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया।शनिवार को शहर के मोहल्ला बस्ती में हनुमान मंदिर में विधि विधान पूर्वक पवन पुत्र हनुमान की पूजा की गई। इसके बाद प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी मंदिर परिसर से शुरू हुई। बस्ती मार्ग, ज्ञान भारती इंटर कालेज, इंदिरा चौक आदि स्थानों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर में सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। श्रद्धालुओं ने सभी आयोजनों में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस दौरान वैभव अग्रवाल, मनोज सैनी, आकाश बंसल, विट्ठल अग्रवाल, गोपाल, लक्की, गौरव सिंघल, ईश्वरसरन अग्रवाल, श्रीश्याम मित्र मंडल के संरक्षक कपिल कुमार, अध्यक्ष राजीव शुक्ला, संगठन मंत्री कपिल सिंघल, संजय सैनी, अचित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज बस की टक्कर से घायल राहगीर की उपचार के दौरान मौत

अफजलगढ़। रोडवेज बस की टक्कर से घायल राहगीर की उपचार के दौरान मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटनाक्रम के मुताबिक धामपुर थानांतर्गत गांव नंगला भज्जावाला निवासी राजपाल पुत्र उमराव सिंह गुरूवार को गांव भज्जावाला स्थित मार्बल की दुकान के समीप रोडवेज बस की टक्कर से घायल हो गया था। जिसको गंभीरावस्था के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया था तथा परिजन उपचार के लिए अन्यत्र ले गए थे। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### अग्निशमन सप्ताह दिवस के रूप में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

नांगलसोती। क्षेत्र के ग्राम बाहीपुरां लाइट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में अग्निशमन सप्ताह दिवस के रूप में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चों ने चित्रकला प्रतियोगिता में आग से कैसे बचाव करें के संदर्भ में अनेक स्लोगन लिखकर और चित्र बनाकर प्रतिभा किया अग्निशमन नजीबाबाद कार्यालय की ओर से आए अग्निशमन अधिकारी जिन्नीसिंह जालौन ने आग बुझाने के लिए प्रयोग में आने वाले यंत्रों के बारे में भी बताया स्कूल में कक्षा 9 और कक्षा 8 की छात्र छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया स्कूल प्रधानाचार्य ने भी सहभागिता दिखाएं और सुरेंद्र सिंह विशाखा हर्ष मणि आर्या और गौरव आर्य आदि स्कूल स्टाफ के साथ प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।

### पुराने मुकदमे को लेकर कहासुनी होने के कारण 151 में पुलिस द्वारा किया चालान

मण्डावर। थाना मंडावर क्षेत्र के ग्राम भोगपुर पट्टी हरसुख उर्फ चांदपुर का मामला है। पुराने मुकदमेंबाजी में कहासुनी को लेकर सत्यवीर पुत्र धर्मपाल उम्र 30 वर्ष सोनू पुत्र प्रताप उम्र 30 वर्ष पंकज पुत्र प्रताप उम्र 36 वर्ष पुलिस द्वारा धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में गंभीरतापूर्वक सुनी समस्याएं

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**



जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में अमरोहा ब्लाक सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गम्भीरता से सुना और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।शनिवार को ब्लाक परिसर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाईन नम्बर, आई0जी0आर0एस0, थाना दिवस एवं सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक करें।निस्तारण एवं शिकायतकर्ता को भी करायें अवगत सन्तुष्ट न होने पर पुनः समीक्षा करें। उन्होंनें कहा सम्बन्धित शिकायत का शत-प्रतिशत निस्तारण करें अन्यथा डिफाल्टर होने की सूचना शासन को दी जायेगी। इसलिये गम्भीरतापूर्वक कार्य करें यह आपके हित में होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अनुपस्थित अधिकारियों के स्पष्टीकरण कॉल करने के निर्देश उपजिलाधिकारी अमरोहा को दिया।उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े जितने भी विभाग हैं सभी अधिकारी समय से कार्यालय पहुंचकर हर हाल में जनता की शिकायत को सुनें और उनका निस्तारण समय पर करें यदि शिकायत का निस्तारण नहीं हो सकता है तो शिकायतकर्ता को मौके पर ही कारण से अवगत कराया जाए उसे बार-बार दौड़ाया ना जाए परेशान न किया जाए।उन्होंने गैंहू क्रय से सम्बन्धित निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का अनाज का क्रय पहले किया जाए न कि व्यापारियों का अगर किसानों के साथ भेदभाव होता है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। कहा कि गैंहू क्रय करने के बाद समय पर उसके खाते में उसका पैसा पहुंच जाए घटतौली की शिकायत कहीं भी नहीं मिलना चाहिए। चकरोड पर अवैध कब्जा मुक्त कराने का कार्य यदि लेखपाल द्वारा नहीं किया जा रहा है तो उन्हें दंडित किया जाए। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायतें आ रही हैं उनका निस्तारण ठीक से नहीं हो रहा है आने वाली शिकायतों का निस्तारण ठीक से करें। उन्होंने विद्युत विभाग से आने वाली शिकायतों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाए। इस अवसर पर शिकायतों के निस्तारण रजिस्टर की समीक्षा कर अपडेट करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि शिकायतकर्ता को भी की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाये। समाधान दिवस के बाद समस्या को मौके पर पर जाकर निस्तारण हेतु जांच करें और उपजिलाधिकारी को जांच आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण इस तरह किया जाये कि शिकायत कर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो जाय शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय राशन कार्डों के सत्यापन में व राशन से संबंधित किसी भी शिकायत को गंभीरता से लेकर निस्तारण किया जाये।जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देकर कहा कि जो शिकायतें सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई हैं उन शिकायतों की जांच की जाये और आने वाली शिकायतों का निस्तारण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व की, पुलिस की, विकास की , आपूर्ति की, नगर पालिका, विद्युत बैंक, डूडा, उद्योग, कृषि, शिक्षा, कल्याण, पंचायत आदि अन्य विभागों की शिकायतो सहित कुल आज 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 02 शिकायत का निस्तारण मौके पर हुआ अवशेष शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होने कहा कि शिकायत कर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्टी मिलनी चाहिए, यदि शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट नही है तो वह निस्तारण निष्क्रीय माना जाता है।इस मौके अपर पुलिस अधीक्षक,जिला विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी अमरोहा,तहसीलदार अमरोहा मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्राधिकारी अमरोहा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित थाना अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाई जा रही हनुमान जयंती



धनौरा। हनुमान जयंती का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनायीं गई। हनुमान मंदिरों बालाजी महाराज का चोला बदला गया। उनका भव्य श्रृंगार किया गया है। मंदिरों में अखंड रामायण और सुंदर काण्ड पाठ चल रहा है। बालाजी महाराज की महाआरती की गई। छप्पन भोग का प्रसाद वितरण हुआ। हनुमान जयंती के चलते जिले का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।मंडी धनौरा प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर बालाजी धाम में बालाजी भक्त मंडल सोसाइटी के तत्वाधान में चल रहे पांच दिवसीय श्री बालाजी जन्मोत्सव मैं आज शनिवार को श्री बालाजी महाराज का स्वर्ण श्रंगार 56 भोग यज्ञ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि में श्री बालाजी महाराज का विशाल जागरण किया जाएगा। शहर के बाबा गंगनाथ मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर अखंड रामायण का पाठ चल रहा है।दोपहर में प्रसाद का वितरण हुआ। शाम को सुंदरकांड और प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## बालाजी जन्मोत्सव, भजन-कीर्तन एवं विशाल भंडारे का आयोजन



**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**

मोहल्ला कोट स्थित प्रसिद्ध कामनाथ महादेव मंदिर में शनिवार को बालाजी जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मंदिर में सुंदरकांड और भजन- कीर्तन तथा विशाल भंडारे का आयोजन हुआ काफी बड़ी संख्या में मंदिर में श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन में भाग लिया सुबह 8 बजे मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ 11 बजे से 1बजे तक बालाजी महाराज के भजन कीर्तन हुए मेहंदीपुर के बालाजी हमें तेरा ही सहारा है, पार ना लगोगे श्री राम के बिना राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना, मंगल मूर्ति राम दुलारे आन पड़ा अब तेरे द्वारे, अंजनी का लाला रे भक्तों का रखवाला रे, राम जी के साथ जो हनुमान नहीं होते राम जी के पूरे कभी काम नहीं होते आदि अनेकों भजनों पर भक्तगण झूम पड़े मंदिर में माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया दोपहर 1:00 बजे से मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर विजय चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, अनुज चतुर्वेदी, डॉ रमेश बंसल, दीपक, मुन्नालाल, गिरीश शर्मा, अशोक अग्रवाल, करुणेश गोयल, राज शर्मा, कपिल शर्मा डॉ आशुतोष गोयल, सौरभ अग्रवाल, नीरज अग्रवाल अतुल दीक्षित रीता दीक्षित, सुशीला चतुर्वेदी, शशि चतुर्वेदी, प्रीति चतुर्वेदी, शशि ठाकुर, मंयक शर्मा आदि अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में बढ़ती गर्मी और लू से किया जागरूक, परिसर को कराया सैनिटाइज

**बिजनौर , प्रात : किरण संवाददाता**



कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीन्यरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर के विशाल ऑडिटोरियम मे मौसम मे तेजी से गर्मी का ग्राफ बढ्ने पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज के निदेशक डा स्वतंत्र पोरवाल ने ने छात्र छात्राओं और स्टाफ सदस्यो को जागरूक करने हेतू बताया कि आजकल आज कल गर्मी का प्रकोप बड़ी तेजी से फैलने लगा है ,जो स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक साबित हो सकता है जैसे लू लगना (हीट स्ट्रोक या सन स्ट्रोक) शरीर की वह रुग्ण अवस्था है जिसमें गरमी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस (104.0 डिग्री फारेनहाइट) के पास पहुँच जाता है और मन में उलझन की स्थिति रहती है। इसके अन्य लक्षण ये हैं- लाल, शुष्क त्वचा, सिरदर्द, चक्कर आना आदि। उन्होने बताया कि लू लगने से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, आप लू से बचने के घरेलू उपाय भी कर सकते हैं, जैसे छाछ, चावल का पानी, नींबू या आम का रस, दाल का सूप का सेवन आदि भी बहुत लाभदायक होते है। ग्रुप निदेशक उमेश गुप्ता ने बताया कि आप हल्के, ढीले और पूरी आस्तीन के कपड़े पहने , सिर को हमेशा टोपी या कपड़े से ढककर रखें, गर्म कमरों में बैठने से बचें और हवादार, छायादार स्थानो पर बैठे या शरीर के बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए ठंडे पानी से स्नान करें। इस दौरान शराब और काबोर्नेटेड पेय और सूरज की किरणों से बचें। संस्था के सचिव कुँवर उदयन वीरा (पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ) व कु० रुचि वीरा ( पूर्व विधायक ) ने बताया कि गर्मी और गर्म हवाएं शरीर में अक्सर ऐसा असर डालती हैं, जिस वजह से जानलेवा स्थिति उत्पन्न हो जाती है। लू लगना भी इन्हीं स्थितियों में से एक है। धूप, गर्मी और गर्म हवा से शरीर को बचाकर ही हम इस स्थिति से बच सकते हैं। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि साल-दर-साल लू लगने से मरने वालों के आंकड़े में इजाफा होता ही जा रहा है। इसलिए, खुद को लू से बचाने के लिए लू लगना क्या होता है और इससे संबंधित अन्य सभी जानकारियों के बारे में पता होनी जरूरी है, क्योंकि, इलाज से बेहतर हमेशा बचाव होता है। संस्था निदेशक डा स्वतंत्र पोरवाल ने बताया कि हमने कॉलेज परिसर सैनिटाइज कराया है तथा इसी प्रकार साप्ताहिक रूप से सैनिटाइज की व्यवस्था जारी रहेगी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

गजरौला। क्षेत्र के गांव भीकनपुर सुमाली में जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वारदात के दौरान की गई फायरिंग में गोली लगने से बीच बचाव करा रहे दो लोग घायल हो गए थे।गांव निवासी हरकेश कुमार 13 अप्रैल की रात अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव निवासी ऋषिपाल वहां से बाइक लेकर गुजरा। ऋषिपाल से बाइक की टक्कर हरकेश के पैर में लग गई। इस पर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारपीट के बाद पथराव हो गया। फायरिंग भी की गई। आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। दोनों पक्षों के बीच बीच बचाव कराया। इस दौरान बीच बचाव करवा रहे आस मोहम्मद व अमित गोली लगने से घायल हो गए। मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की थी। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि प्रकरण में आरोपी ऋषिपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

## श्री वेंक्टेशवरा यूनिवर्सिटी में हनुमान जयंती पर महायज्ञ एवं भंडारे का आयोजन

### संकटमोचन बालाजी महाराज का दर्शन अनुकरणीय : डा0 राजीव



**गजरौला, प्रात : किरण संवाददाता**

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान मे संकटमोचन हनुमान जी के प्रकृटोत्सव के महापर्व पर महायज्ञ/सुन्दर काण्ड एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।जिसमे विश्व शान्ति, कल्याण सदभावना एवं समस्त प्राणियों के अच्छे स्वास्थय की कामना करते हुए विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।हनुमान जयन्ती के पावन महापर्व पर संस्थान/समूह चैयरमैन डा0 सुधीर गिरि ने वेंक्टेश्वरा के नये बनने वाले परिसर का विधि विधान से पूजा अर्चना कर उसकी नींव रखी।इस अवसर पर समूह चैयरमैन डा0 सुधीर गिरि ने कहा कि हनुमान जी का रामचन्द्र जी के प्रति निस्वार्थ प्रेम, समपर्ण एवं त्याग के कारण ही भगवान राम मयार्दा पुरूषोतम राम कहलाये। कलयुग मे भी बजरंग बली का दर्शन अनुकरणीय है।मुख्य पुरोहित आचार्य पं0 दीपक शर्मा ने कहा कि भगवान बालाजी महाराज बल, बुद्धि, विद्या एवं शार्य के अधिष्ठाता भगवान है। उनकी पूजा सभी के लिए विशेष रूप से विधार्थियो के लिए विशेष फलदायी है।इस अवसर पर कुलपति प्रो0 पी0 के0 भारती, कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डे, मेरठ परिसर निदेशक प्रभात श्रीवास्तव, निदेशक एडमिशन अल्का सिंह, निदेशक एडमिन डा0 राकेश यादव, डा0 राजेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य नवेन्द्र सिंह, संजीव त्यागी, शिव शंकर, सी0एफ0ओ0 विकास भाटिया, आनन्द नागर, अरूण गोस्वामी, सुनील कुमार भगवानियाॅ, पंडित रामनिवास शास्त्री, एस0एस0 बघेल, सी0ओ0 जी0डी0 कटियार एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी



**गजरौला , प्रात : किरण संवाददाता**

पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने बृजघाट व तिगरीधाम गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। सुबह से ही गंगा स्नान को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। हर-हर गंगे के उद्घोष से गंगा तट गूंज उठा। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान किया।शनिवार को पूर्णिमा के चलते गंगा स्नान के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के जिले में बृजघाट व तिगरीधाम पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। भोर की पहली किरण के साथ श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान शुरू किया। अमरोहा, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, मेरठ, बुलंदशहर, बरेली, रामपुर, हापुड़ आदि दूर दराज इलाकों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। बहुत से श्रद्धालु शुक्रवार की मध्यरात्रि ही पहुंच गए। आसपास के क्षेत्रों के लोग भी गंगा स्नान करने पहुंचे। हर-हर गंगे के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। सूर्यदेव को अर्घ्य देकर घर में सुख-शांति की कामना की। मंदिरों में विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की। धार्मिक अनुष्ठान भी करवाए। दोपहर तक गंगास्नान करने वालों का सिलसिला जारी रहा। गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। गंगास्नान व पूजा संपन्न करने के बाद श्रद्धालुओं ने जरुरतमंदों को दान देकर पुण्य कमाया।

### एनआईए अफसर तंजील अहमद के हत्यारोपी मुनीर को दस साल की सजा

बिजनौर। एनआईए अफसर तंजील अहमद के हत्यारोपी कुख्यात बदमाश मुनीर को गैंगस्टर कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनायी है। एक अन्य आरोपी रेहान को पांच साल की सजा हुई है। मुनीर पर गैंग बनाकर एनआईए के डीएसपी तंजील अहमद और उनकी पत्नी की हत्या के साथ साथ पंजाब नेशनल बैंक की कैश वैन से 85 लाख रुपए लूटने सहित लूट व अवैध हथियार रखने के अनेक मामले दर्ज हैं। थाना स्योहारा पुलिस ने मुनीर व उसके साथियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले की सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट अपर जिला जज-5 में हुई कोर्ट के न्यायाधीश डा0 विजय कुमार ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिसे शनिवार को सुनाया गया। कोर्ट ने मुनीर को गैंगस्टर एक्ट में 10 साल की सजा तथा एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है जबकि उसके एक अन्य साथी रेहान को 5 साल की सजा दी गयी है और 50 हजार का जुमार्ना किया गया है। मुनीर रामपुर जेल में बंद है। और उसे शनिवार को कडी सुरक्षा के बीच बिजनौर जिला जजी लाया गया।

## 18 से 23 तक होगा ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य एवं जनकल्याणकारी मेला का आयोजन

**अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता**



आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन18 अप्रैल से 23 अप्रैल तक किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले मेले को प्रभावी ढंग से सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वैठक का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले में कैंसर की रोकथाम का इलाज टीवी, मलेरिया ,आदि की जानकारी ,निशुल्क जांच ,निशुल्क दवाइयां स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं आयुष्मान कार्ड , टेलीकंसल्टेशन मधुमेह उच्च रक्तचाप मोतियाबिंद की जांच योग और ध्यान आदि के बारे में जनमानस को अवगत कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि इसके साथ साथ स्वास्थ्य मेलों में अन्य विभाग भी सहयोग करेंगे। इसमें,आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्रामीण एवं शहरी विकास विभाग, विकलांग कल्याण विभाग तथा आयुष्मान भारत साचीज विभाग पंचायती पशुपालन कृषि आंगनबाड़ी पूर्ति सहित अन्य विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभागों मे संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को दी जाएगी। जिससे प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में वृद्धा विकलांग विधवा के पेंशन का पंजीकरण राशन कार्ड आयुष्मान कार्ड किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिए जाएंगे । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित विभाग किसी प्रकार की लापरवाही ना बरतें उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले के आयोजन की सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली गई जाय । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेले में जिन डॉक्टरों व स्टाफ की तैनाती की जाए उनको यह सुनिश्चित किया जाए कि वह समय से अवश्य पहुंच जाएं और निर्धारित समय पूर्वान्ह 10 बजे से 04 बजे तक संबंधित केंद्र में रहकर आम जनमानस को स्वास्थ सुविधाओं का लाभ दें । उन्होंने कहा कोई भी इस प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए की डॉक्टरों की टीम अभी तक नहीं पहुंची है । उन्होंने कहा कि मेले में दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त हो यह सुनिश्चित किया जाए किसी भी मरीज को बाहर की दवा न लिखी जाए स्वास्थ्य कैंप से ही दवा उपलब्ध कराई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में कितने मरीज देखे गए इसकी रिपोर्ट शाम को प्रत्येक दिन जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि 18 अप्रैल 2022 को ब्लॉक अमरोहा में 19 अप्रैल को ब्लाक धनौरा में 20 अप्रैल को ब्लॉक गजरौला में 21 अप्रैल को ब्लॉक हसनपुर में 22 अप्रैल को ब्लॉक गंगेश्वरी में एवं 23 अप्रैल 2022 को ब्लाक जोया में ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद अमरोहा के समस्त नागरिकों से अनुरोध के साथ अपील की है कि अपने अपने क्षेत्र के नजदीक में लगने वाले स्वास्थ्य मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर स्वास्थ्य सुविधाओं व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अवश्य लें उन्होंने कहा कि मेले में दी जाने वाली सभी स्वास्थ्य सुविधाएं व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ निशुल्क होगा।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला प्रोग्राम अधिकारी जिला इम्यूनाइजेशन अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## दबंगों ने किया जूनियर हाई स्कूल का दीवार बनाकर रास्ता बंद

**मण्डावर , प्रात : किरण संवाददाता**



थाना मंडावर क्षेत्र गांव रतनपुर रियाया मैं कई वर्षों से जूनियर हाई स्कूल का रास्ता मनोज पुत्र छोटे गांव रतनपुर रियाया अपनी दबंगई पर दीवार बनाकर बंद कर दिया है इतना ही नहीं 13 जनवरी 2022 में भी इस रास्ते का बैनामा भी आपस मेंकरा लिया है यह जूनियर हाई स्कूल का रास्ता चंदक मंडावर मार्ग से जूनियर हाई स्कूल तक जाता है यह रास्ता राज्य अभिलेखों के नक्शे में भी दर्ज है जिसका नंबर 196 यह रास्ता सन 2008 में जिलाधकारी उप जिलाधिकारी नैब तहसीलदार लेखपाल के द्वारा पीएसी बल लेकर और पुलिस वल को साथ लेकर खुलवा दिया था जिसमें मनोज पुत्र छोटे ने कानून का उल्लंघन करते हुए फिर से यह रास्ता दीवार बनाकर बंद कर दिया है जिसमें स्कूल के बच्चे और टीचर दीवार को फादं कर स्कूल पहुंचते हैं कई बार ग्रामीण और टीचर इस रास्ते की शिकायत प्रशासन को भी कर चुके हैं मगर कोई भी आलाहा अधिकारी इस रास्ते की सुध नहीं लेता और दबंगों के हौसले बुलंद होते हुए जा रहे हैं इस रास्ते पर मनोज पुत्र छोटे मिट्टी डालकर अपना मकान बनाना चाहता है अगर यह प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता है तो मनोज पुत्र छोटे इस रास्ते को बिल्कुल बंद कर देगा ग्रामीणों ने इसकी सूचना लेखपाल अंकित कुमार पंचायत गांव रतनपुर रियाया और ग्राम प्रधान जगत सिंह को भी कर चुके हैं मगर ग्राम प्रधान मैं लेखपाल ने इस पर किसी प्रकार की रोक नहीं लगाई है और मनोज पुत्र छोटे मिट्टी डालकर निर्माण करना शुरू कर दिया है ग्रामीणों का कहना है कि हम प्रशासन आला अधिकारियों से निवेदन करते इस रास्ते को दबंगों से मुक्त कराया जाए टीचर और बच्चे सुरक्षित स्कूल पहोच सके।

### एसपी ने किया विभाग में बड़ा फेरबदल

बिजनौर। एसपी डा0 धर्मवीर सिंह ने 12 चैकी प्रभारियों सहित 20 दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। पुलिस कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभिलाष प्रधान प्रभारी चैकी दौलतपुर थाना नूरपुर को प्रभारी चैकी फायरिंग रेंज थाना हीमपुर दीपा, चंद्रवीर सिंह प्रभारी चैकी फायरिंग रेंज थाना हीमपुर दीपा को प्रभारी चैकी जलालाबाद थाना नजीबाबाद आषीश कुमार प्रभारी चैकी जलालाबाद थाना नजीबाबाद को थाना नगीना देहात, संदीप कुमार प्रभारी चैकी बास्टा थाना चांदपुर को प्रभारी चैकी जाब्तागंज थाना नजीबाबाद, ललित मोहन शर्मा प्रभारी चैकी चैधरी चरण सिंह थाना हल्दौर को प्रभारी चैकी बास्टा थाना चांदपुर, टेकराम सिंह प्रभारी कस्बा थाना अफजलगढ को प्रभारी चैकी दुष्यंत कुमार थाना नांगल, अशोक कुमार प्रभारी कस्बा थाना स्योहारा को थाना नगीना देहात, सुभाश सिंह थाना स्योहारा को प्रभारी चैकी सहसपुर श्रीपाल यादव को थाना नगीना देहात को एएचटीयू, शेर सिंह थाना नगीना देहात को थाना मण्डावर तथा नीरज कुमार प्रभारी चैकी दुष्यंत कुमार थाना नांगल को पुलिस लाइन में भेजा गया है।

## ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में अग्नि सुरक्षा सप्ताह दिवस मनाया

**बिजनौर , प्रात : किरण संवाददाता**



ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह दिवस के अंतर्गत डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह की देखरेख में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशनलाल ने कहा कि अग्निशमन सप्ताह का मुख्य आम नागरिकों, बच्चों को अग्निकांड से होने वाली क्षति के प्रति जागरूक करना और अग्निकांड को रोकने एवं अग्नि से बचाव के उपायों के संबंध में शिक्षित करना है। इसके साथ ही सुरक्षित मार्ग की व्यवस्था, अग्निशामक उपकरणों का प्रयोग, आग की स्थिति में बचाव के उपाय, उत्पादकता क्षेत्र जैसे जंगल-जमीन उद्योगों में अग्नि सुरक्षा और सावधानियां, विद्युत अग्नि सुरक्षा और सावधानी बहुमंजिले भवनों में अग्नि सुरक्षा, विकलांग व्यक्तियों के लिए अग्नि सुरक्षा सहित अन्य के बारे में जागरूक किया जाएगा। इन बातों का ध्यान रखें लोग फायर आफिसर ओमपाल सिंह ने कहा कि विभाग की ओर से लोगों से अपील की है कि आग के प्रति सचेत रहें। खाना बनाने और घर छोड़ने के बाद यह सुनिश्चित करें कि गैस का रेगुलेटर और बिजली के सभी उपकरण बंद हैं। निबंध प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में हिमांशु कुमार प्रथम मो०अदनान द्वितीय एवं हर्ष कुमार तृतीय व जूनियर वर्ग प्रशांत सिंह प्रथम विशेष कुमार द्वितीय मो० फरहान तृतीय स्थान पाया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ वीएस चैहान सुधांशु वत्स सुधीर कुमार सुभाष राजपूत लक्षेस अलका रानी मीना सिंह रश्मि चैहान रेशू शर्मा मनोज यादव विनोद यादव, भूपेंद्र चैधरी आदि उपस्थित रहे।

### बाइक सवार को बचाने पर कार अनियंत्रित होकर खड्ढ में पलटी

नगीना। बाइक सवार को बचाने पर कार अनियंत्रित होकर खड पलट जाने से सीबीआई अधिकारी समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से जो घायलों को बिजनौर रेफर किया गया है घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी है घटना से घायलों के परिजनों में कोहराम मचा है। ठाकुरद्वारा निवासी कपिल वर्मा पुत्र रघुनंदन 32 वर्ष, संजय कुमार, अनुज कुमार पुत्र रणवीर सिंह 50 वर्ष जो सीबीआई में अधिकारी भी हैं विपिन कुमार आदि शुक्रवार को कार द्वारा ठाकुरद्वारा से किरतपुर जा रहे थे जब वह रायपुर बायपास रोड स्थित पेट्रोल पंप से कुछ दूरी पर आ गया भूल गए तभी अचानक सामने जा रहे एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार चालक अपना काबू खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर खड्डू में पलट गई कार में सवार उपरोक्त चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए सभी घायलों को राहगीरों की मदद से 108 एंबुलेंस द्वारा उपचार हेतु यहां सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कपिल वर्मा को चिंताजनक हालत में बिजनौर रेफर किया गया।

## ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन के नगर महामंत्री बने अभिषेक शर्मा व महिला प्रकोष्ठ की नगर महामंत्री पूर्णिमा शर्मा

**बिजनौर , प्रात : किरण संवाददाता**



ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन उत्तर प्रदेश शाखा बिजनौर की एक आवश्यक मीटिंग यम्मी रैस्टौरेंट, आइ एस एच प्लाजा शक्ति चैक बिजनौर मे आहूत की गई, जिसमे नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया ,जिसकी अध्यक्षता पवन शर्मा एडवोकट ने की, जिसमे श्री अभिषेक शर्मा निवासी नियर डी एम कम्पाउण्ड बिजनौर के फाउंडेशन के प्रति आस्था व ब्राह्मण समाज को जोड़ने हेतु किए गए प्रयासो से प्रभावित होकर ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन का नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। और इसी प्रकार ब्राह्मण महिलाओ मे जागृति लाने व उन्हे जोड़ने हेतु श्री मति पुर्णिमा शर्मा निवासी चैधरी पुरम को नगर महामंत्री (ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ ) मनोनीत किया गया , तथा दोनों ही पदाधिकारिओ से आशा की गई कि वह ब्राह्मण उत्थान व संगाठित करने हेतू निरन्तर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर मुख्य अतिथि ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष डा पंकज भारद्वाज ने कहा कि हमारी फाउंडेशन का विस्तार नगर, ब्लॉक, तहसील ,से होकर उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जिलो मे शीघ्र किया जाएगा , तथा ब्राह्मण विकास, एकता हेतू अनेक योजनाओ का किर्यान्वयण किया जाएगा। इस अवसर पर ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य कुलश्रेष्ठ शर्मा को बैंक ऑफ बरोदा के प्रबन्धक पद से सेवानिव्रत होने पर फाउंडेशन की ओर से उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनके स्वास्थ्य की कामना की गई और आशा की गई की वह अब ब्राह्मण जागृति हेतु और अधिक समय देकर सेवा करेंगे। कार्यक्रम मे मण्डल मंत्री क्रांति शर्मा, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा एडवोकट,जिला महामंत्री सुनील भारद्वाज, संस्थापक सदस्य विपिन शर्मा, डा मोहित शर्मा, शरद शर्मा , वरिष्ठ सदस्य विनोद शर्मा, विनोद कौशिक मयंक पाराशर, नूतन भारद्वाज , डा गजेंद्र शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, मनीराम शर्मा, दीपक वशिष्ठ , श्रीमती मनीषा शर्मा, विकशी गौड़, पुर्णिमा शर्मा आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### फायर स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा जनता को मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया

नगीना। अग्नि सुरक्षा सप्ताह के चलते फायर स्टेशन के कर्मचारियों द्वारा जनता को मॉक ड्रिल का अभ्यास करा कर अग्नि से सुरक्षा के उपाय बताये गए। शुक्रवार को एफ. एस .ओ अनुराग तोमर के नेतृत्व में एल एफ एम जयप्रकाश शर्मा व फायर स्टेशन कर्मी सैनिश कुमार , यशपाल सिंह की यूनिट द्वारा एल. आर.एस. डिग्री कॉलेज की छात्राओं सहित पुलिस पिकेट ,पेट्रोल पंप , होटल आदि स्थानों पर लोगों को मॉक ड्रिल का अभ्यास करा कर अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए गए और पंपलेट वितरित कर अग्नि सुरक्षा के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया।

### जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनीं



नजीबाबाद। जिलाधिकारी बिजनौर उमेश मिश्रा व पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतें सुनी। एसडीएम मनोज कुमार ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले विभागीय अधिकारियों को कतई बर्दाश्त न करने एवं लम्बित व नई शिकायतों का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। तहसील परिसर के ड्वाकरा हिल में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में पहुंचे डीएम उमेश मिश्रा एवं एसपी डॉ धर्मवीर सिंह, एसडीएम नजीबाबाद मनोज कुमार, तहसीलदार गोपेश तिवारी, सीएमओ ने फरियादियों की फरियादें सुनी और सभी फरियादियों को गंभीरता से लेकर उनका कम समय में निस्तारण करने के विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। तहसील दिवस में कानून, राजस्व विभाग, शिक्षा, स्वास्थ विभाग समेत आदि की समस्याये रखी व दर्ज कराई गई।

# कोरोना के बढ़ते मामले देख योगी का एनसीआर क्षेत्र के शहरों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश

## कोविड टीकाकरण का हमारा महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है : सीएम

**लखनऊ, एजेंसी**



कोरोना संक्रमण काल में बेहतर प्रबंधन के लिए विश्व भर में प्रशंसा पाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते चार दिन में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले देख एनसीआर क्षेत्र वाले प्रदेश के जिलों को अलर्ट मोड पर रखने का निर्देश दिया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड प्रबंधन के लिए गठित टीम 09 के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे कुछ राज्यों में बीते कुछ दिनों से कोविड के केस में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। एनसीआर के जिलों में भी इसका असर है। गौतमबुद्ध नगर में 70 और गाजियाबाद में 11 नए केस की पुष्टि हुई है। वर्तमान परिस्थितियों के दृष्टिगत पूरे एनसीआर को अलर्ट मोड में रखा जाए। उन्होंने कहा कि अब से गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में कोविड पाजिटिव मिले लोगों के सैम्पल लेकर जीनोम सिक्वेंसिंग कराई जाए। इसके साथ ही शासन स्तर से इन दोनों जिलों के डीएम व सीएमओ से संवाद कर स्थिति की गहन समीक्षा की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रदेश में वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 507 है। बीते 24 घंटों में 73 हजार 881 कोरोना टेस्ट किए गए, जिसमें 106 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 37 लोग उपचारित होकर कोरोना से मुक्त भी हो गए हैं। यह स्थिति को देखते हुए हमें पूरी सावधानी और सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संचारी रोग और दस्तक अभियान को पूरी तत्परता के साथ संचालित किया जाए। बरेली मंडल में मलेरिया पर फोकस रखें तो आगरा, लखनऊ मंडलों में डेंगू से बचाव के प्रति जागरूकता बढ़ाएं। पूर्वांचल में इंसेफेलाइटिस के लिए घर-घर लोगों से संपर्क कर जागरूक करें। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रदेश के सभी विकास खंडों में विशेष स्वास्थ्य मेलों का आयोजन प्रारंभ हो रहा है। ध्यान रहे 18 से 23 अप्रैल तक मेलों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहे।

कोविड वैक्सीनेशन का अभियान सफल : सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड टीकाकरण का हमारा महत्वपूर्ण अभियान सफलतापूर्वक चल रहा है। 30 करोड़ 56 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण के साथ ही अब तक 103 से ज्यादा वयस्क आबादी को टीके की पहली डोज लग चुकी है, जबकि 86 प्रतिशत लोगों को दोनों खुराक मिल चुकी है। 12 से 14 और 15 से 17 आयु वर्ग के टीकाकरण की प्रगति संतोषप्रद है। इसे और तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को बूस्टर डोज देने के कार्य में तेजी की अपेक्षा है। अब 700 निजी टीकाकरण केन्द्र पर बूस्टर डोज लगवाया जा सकता है। इन टीकाकरण केन्द्रों और बूस्टर डोज की महत्ता के बारे में आमजन को जागरूक किया जाए। प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए कि एक भी नागरिक टीकाकवर से वंचित न रहे।

## दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह मनाया गया

संभल। संभल में सेवा मण्डल सरायतरीन द्वारा दो दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह के प्रथम दिन श्री बालाजी सेवा मण्डल सरायतरीन के ततवाधान में प्राचीन महामृतुन्जय तीर्थ सरायतरीन के परिसर में संकट मोचन यज्ञ किया गया। महामृतुन्जय तीर्थ के महंत प. नरेदव शर्मा ने मंत्रोचारण के साथ मुख्य यजमान गौरव सर्राफ एवं सौरभ वार्ष्णेय सहित सभी श्रद्धालओं से विधिविधान पूर्वक यज्ञ में आहूतियां प्रदान कराई। इसके साथ ही सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए भारत राष्ट्र एवं हिन्दू धर्म तथा धर्म प्रेमियों की सुख-समृद्धि व रक्षा के लिए प्रार्थना की। इससे पूर्व हनुमान बाबा की चोला सेवा करते हुए उनका भव्य श्रंगार किया गया। अंत में संकट मोचन वीर हनुमारन बाबा की महाआरती की गई। इसके उपरान्त संकट मोचन बजरंग बली को भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सुरेश चन्द्र अटल, गणेश शर्मा, पुनीत सर्राफ, गिरिराज कुमार आढती, ला. विष्णु कल्लू, गोपेश गुप्ता, सुमित श्याम, मनीष सर्राफ, सुनीत उर्फ बोबी, प्रखर उर्फ राजा, रूचित, अर्पति, बासु आदि उपस्थति रहे।

# निरंतर घट रही है कम्पोजिट विद्यालय नाहिली की छात्र उपस्थिति

**मैनपुरी, प्रात : किरण संवाददाता**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक जिला मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह के आवास पर हुई बैठक में घिरोर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय नाहिली में अधिकारियों एवं शिक्षकों की हठधर्मिता से विद्यालयी शिक्षा पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने कहा कि विगत तीन महीने से शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षक की आपसी अहम की लड़ाई का असर विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पर पड़ रहा है जिससे विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था पटरी से उतर गई है उन्होंने बताया कि कभी शत-प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले इस विद्यालय में शनिवार को कुल नामांकित 284 बच्चों में से मात्र 104 बच्चे ही उपस्थित हुए वहीं जिन कक्षा 6में छात्र संख्या 38के सापेक्ष 12, कक्षा 7 में 43 के सापेक्ष 14,कक्षा 8में 42के सापेक्ष 12 छात्र ही उपस्थित हुए जो किचिंता का विषय है उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार शिक्षा अधिकारियों को छात्र हित में विचार कर समस्या का हल निकालना चाहिए घिरोर ब्लॉक अध्यक्ष महेश आर्य ने कहा कि जिले में अपनी अलग पहचान रखने वाला नाहिली विद्यालय आज शिक्षा अधिकारी के गैर जिम्मेदाराना रवैये से बबार्दी के कगार पर पहुंच गया है उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवंशिक्षा अधिकारी के टकराव से छात्रों का नुकसान हो रहा हैजिला कोषाध्यक्ष हरिओम दुबे ने कहा कि बीएसए द्वारा प्रकरण पर संवेदनशीलता न दिखाकर निजी प्रतिष्ठा से जोड़ लिया गया और उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पटाक्षेप हो चुके प्रकरण को पुनः जीवित किया गया जो कि निंदनीय है।

वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डा.कमलेश कुमार ने कहा कि जहां एक ओर सरकार परिषदीय विद्यालय छात्र संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर बीएसए शिक्षकों के आपसी विवाद को तूल देकर विद्यालय का बेड़ा गर्क करने पर तुले हुए हैं बैठक में डा कमलेश सत्यवीर सिंह के पी सिंह महेश आर्य दिन दयाल मेघसिंह शाक्य दिलीप कुमार योगेश कुमार देवेंद्र सिंह दिनेश यादव मनोज शाक्य डा आलोक शाक्य हरगोविंद सिंह चौहान दलवीर कठेरिया कौशल गुप्ता व्योम सक्सेना हर्षेंद्र राजपूत प्रबल चौहान अवलेंड्र प्रदीप कुमार जितेंद्र कुमार वैभव अभय चौधरी अमित बेस आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नवागंतुक डीएम की अध्यक्षता में हुआ तहसील गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**संभल, प्रात : किरण संवाददाता**



जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज नवागंतुक जिलाधिकारी महोदय श्री मनीष बंसल की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर में किया गया। तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी विभाग बार अधिकारियों से परिचय किया एवं दिशा निर्देश दिए कि सरकार की मंशा के अनुरूप अपना अपना कार्य लक्ष्य के सापेक्ष कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अध्यक्षता करते हुए जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुनने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है। इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबका दायित्व है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस/किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। और उन्होंने सभी विभागों को एक टीम के रूप में कार्य करने के निर्देश दिए और उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए जब तक फरियादी शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए यही हमारा उद्देश्य भी होना चाहिए। निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी विभाग में समय से पहुंचकर अपना अपना कार्य करना सुनिश्चित करें किसी भी दशा में लापरवाही ना की जाए।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस गुनौर में राजस्व विभाग से 22, पुलिस विभाग से 23, विकास विभाग से 04, चकबंदी विभाग से 04, विद्युत विभाग से 03, आपूर्ति 02, समाज कल्याण विभाग से 01, कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का जिलाधिकारी के माध्यम से मौके पर निस्तारण कराया गया।

## दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

संभल। जनपद संभल के कैला देवी पुलिस ने दो अभियुक्तों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है थाना कैलादेवी प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार राठी ने दो अभियुक्तों को पकड़कर अवैध शराब के साथ कामयाबी हासिल की है पुलिस अधीक्षक चक्रेश में चुके कुशल निर्देशन जनपद संभल में चलाए जा रहे अभियान में कथा क्षेत्राधिकारी बहजोई राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार राठी भ्रमण पर निकले हुए थे तभी मुखबिर की सूचना पर ग्राम सिसौना के पास से निसार पुत्र नत्थू तेली निवासी शोधन वीरेश पुत्र हरी सिंह निवासी दौलतपुर थाना गन्नौर के रहने वाले हैं इनके पास से दो जरी के 50 50 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है दोनों अभियुक्तों पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं इनके पास से चार पहिया गाड़ी यूपी 38 एडब्ल्यू 9664 बरामद कर मुकदमा पंजीकृत किया गया है गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार राठी थाना कैलादेवी जनपद संभल उप निरीक्षक अमित कुमार थाना कैलादेवी जनपद संभल कांस्टेबल आदित्य कुमार थाना कैलादेवी जनपद संभल कॉन्स्टेबल श्याम चौधरी थाना कैलादेवी जनपद संभल कांस्टेबल अनिल कुमार थाना कैलादेवी जनपद संभल आदि मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश ने 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए की बैठक

**संभल, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उ०प्र०राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश पर राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। माननीय जनपद न्यायाधीश, सम्भल श्री भानुदेव शर्मा द्वारा जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक की गयी। बैठक में श्री चन्द्रमणि मिश्र, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश सम्भल, श्री निर्भय नारायन राय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(रेप एड पॉक्सो एक्ट), सम्भल, श्री कमल दीप, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सम्भल, श्रीमती बविता पाठक सिविल जज(सी०डि०)/नोडल अधिकारी लोक अदालत सम्भल, श्री मयंक त्रिपाठी सिविल जज(सी०डि०)/ ए०सी०जे०एम०, चंदौसी, श्री विरेक अग्रवाल, ए०सी०जे०एम०,चंदौसी व श्री विजय प्रकाश सिविल जज (जू०डि०),सम्भल व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहें व श्री पीयूष मूलचन्दानी, सिविल जज(जू०डि०) वाह्य न्यायालय गुन्नौर , श्रीमती शिवानी सिविल जज(जू०डि०), बाह्य न्यायालय सम्भल व श्री श्वेतांक चौहान सिविल जज(जू०डि०), बाह्य न्यायालय सम्भल वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश ने दिनांक 14.05.2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का सुलह व समझौते के आधार पर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया तथा शमनीय आपराधिक मामलों, घरेलू हिंसा के विवादों तथा धारा 138 एन. आई एक्ट के विवादों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में नोडल अधिकारी लोक अदालत बबिता पाठक ने कहा कि दिनांक 14 मई 2022 को मुख्यालय परिसर, राजस्व न्यायालयों, बाह्य न्यायालय सम्भल एवं गुन्नौर तथा तहसील परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। दोनों पक्षों की सहमति से सूचीबद्ध किये गये मुकदमों का निस्तारण किया जाएगा। लंबित मुकदमों को समझौते से निपटाया जाएगा। जिस अदालत और विभाग से जितने मुकदमे सूचीबद्ध किये जाएंगे उनका प्रभावी तरीके से निस्तारण किया जाएगा।

# अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय में बनाया गया वर्ल्ड वॉइस डे

**मैनपुरी, प्रात : किरण संवाददाता**



डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय औडन्य पडरिया मैनपुरी में प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप के कुशल दिशा निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव के संयोजन में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व आवाज दिवस (वर्ल्ड वाइस डे) 16 अप्रैल कार्यक्रम आयोजित कर, मनाया गया। प्राचार्य डॉ. पुष्पा कश्यप ने कहा कि सभी अपने दैनिक जीवन में आवाज का महत्व, जागरूकता एवं ज्ञान के प्रसार, वृद्धि कर, लोगों को जागरूक व प्रेरित करने आवश्यकता पर बल देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राम बाबू ने कहा कि अपने जीवन में आवाज के महत्व को समझें एवं अपनी भाषा, बोली द्वारा दूसरे के हृदय को ठेस ना पहुंचाएं,उन्होने विस्तार से अपने अनुभव साझा करते हुए जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि ह्यऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोय, औरन को शीतल करें, आपहु शीतल होयह्ल कबीर का यह दोहा आज के दौर की प्रासंगिकता है। विश्व आवाज दिवस पर विस्तार से बताते हुए कहा कि 16 अप्रैल 1999 ब्राजील में स्वास्थ्य पेशेवरों, चिकित्सकों द्वारा इसकी शुरूआत की गई। तत्पश्चात पुर्तगाल, अर्जेंटीना में यह राष्ट्रीय आवाज दिवस के रूप में मनाया गया। 2002 में अमेरिकन एकेडमी ऑफ ओटोलरींगोलाजिस्ट-हेड एंड नेक सर्जरी ने विश्व आवाज दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की। आज लोगों की मिठास कहीं गुम होती जा रही है। वर्चुअल सोशल लाइफ पर अपने आप को सबसे ज्यादा बेहतर दिखाने की होड़, भागमभाग लाइफ, तनाव, चिंता, तेज म्यूजिक सुनना, प्रेशर हार्न का प्रयोग, स्पीड बाइक चलाना, तेज आवाज में बोलना इत्यादि, छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आदि कारण है। इसे दूर करना होगा। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राम बाबू डॉ. एस पी सिंह श्री जगजीवन राम श्री प्रमोद कुमार डॉ. गीता देवी श्री विजय आनंद गौतम डॉक्टर तनु जैन विजेंद्र कुमार शिवनंदन सिंह यादव अजीत अनामिका रिया उत्सवी आदि लोग मौजूद रहे।

## सात साल के नन्हें बच्चे ने पहला रोजा रखकर की इबादत



मैनपुरी/भोंगाव। नेअमतों व बरकतों के पाक माह रमजान में कोई भी सवाब कमाने का मौका छोडना नहीं चाहता। गर्मी के बावजूद बच्चें भी रोजा रखने में पीछे नहीं हैं। नगर में शुक्रवार को मोहल्ला प्रेमचिरैया निवासी सभासद मास्टर साकिर के पुत्र सात वर्षीय रिहान ने अपनी जिदंगी का पहला रोजा रखा। रिहान के पिता मास्टर साकिर ने बताया कि बच्चा कब से ही रोजा रखने का बोल रहा था। शुक्रवार को पहला रोजा रख इन्होंने इबादत करते हुए पांचों समय की नमाज पढ़ी इससे बढ़कर खुशी और क्या हो सकती है। और उन्होंने बताया कि बच्चे ने रोजा रखने की प्रेरणा अपनी मां से ली। मां का कहना है कि अब उनका विचार बच्चें को सभी रोजे रखवाने का है। रिहान का कहना है कि पहला रोजा रखकर काफी खुशी महसूस हुई।

# प्रयागराज से दौड़ते हुए लखनऊ पहुंची नन्ही धावक को सीएम ने किया सम्मानित

**लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता**



एथलीट बनने का सपना देखने वाली प्रयागराज की नन्ही 10 वर्षीय धावक काजल मुख्यमंत्री से मिलने प्रयागराज से लखनऊ की 200 किलोमीटर की दूरी को दौड़ते हुए तय करके पहुंची। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस नन्ही धावक को दुलारकर उपहार एवम् आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री से इस सम्मान को पाकर नन्ही धावक बहुत खुश हुई। जनपद प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के ललितपर गांव के निवासी नीरज कुमार निषाद की 10 वर्षीय पुत्री काजल कक्षा चार की छात्रा है। काजल ने सीएम को बताया कि उसने प्रयागराज में एक स्थानीय स्पर्धा में भाग लिया एवम् उसे पूरा भी किया था लेकिन वहां उसे उचित सम्मान नहीं मिला। जिस कारण वह काफी निराश हुई थी। इसी बात को लेकर काजल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उनसे मिलने की इच्छा जताई। एथलीट बनने का सपना देखने वाली यह नन्ही धावक सीएम से मिलने के लिए 10 अप्रैल को प्रयागराज से लखनऊ के लिए दौड़कर ही निकल पड़ी। वह लखनऊ तक का सफर 5 दिन में पूरा करते हुए 15 अप्रैल को लखनऊ पहुंची। मुख्यमंत्री ने इस नन्ही धावक के लगन एवम्‌ समर्पण को पूरा सम्मान दिया। सीएम ने शनिवार को काजल को अपने आवास 5 कालिदास मार्ग पर दुलारा एवम् जूते, ट्रैक सूट और खेल किट का उपहार देकर आशीर्वाद दिया एवम् आगे भी इसी तरह दौड़ में एक नया मुकाम हासिल करने की प्रेरणा व हौंसला दिया। मुख्यमंत्री से उपहार व सम्मान पाकर काजल बहुत खुश हुई। इसके साथ ही बाबू बनारसी दास खेल अकादमी ने काजल की प्रतिभा का सम्मान करते हुए उसको आगे की तैयारी के लिए उम्र भर खेल किट और जूते देने की पूरी जिम्मेदारी ली।

## सम्राट महापदम नंद ने सभी शक्तिशाली राजाओं को हराकर एक रात की पदवी हासिल की थी

नजीबाबाद। नंद वंश के संस्थापक प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महापदम नंद को भारत का प्रथम साम्राज्य निमार्ता कहा गया है सम्राट महापदम नंद ने सभी शक्तिशाली राजाओं को हराकर एक रात की पदवी हासिल की थी सम्राट महापदम नंद से सर्वप्रथम कलिंग जैसे शक्तिशाली साम्राज्य को जीतकर मगध में मिला लिया और वहां से विजेता के रूप में जैन प्रतिमा ले आए थे सम्राट महापदम नंद ने सर्वप्रथम अधिकारियों की नियुक्ति कर के साम्राज्य को सुव्यवस्थित किया सम्राट महापदम नंद को केंद्रीय शासन पद्धति का जनक भी कहा गया है सम्राट महापदम नंद ने सर्वप्रथम नेहरे खुदवायीं जिससे सिंचाई के लिए आसानी हो सकी और किसानों को उनकी फसल का उचित लाभ मिल सका सम्राट महापदम नंद ने सर्वप्रथम पक्की सड़कों और सबसे लंबी सड़कों का निर्माण कराया था ऐसे महान एवं शक्तिशाली सम्राट महापदम नंद की जयंती पर उन्हें शत शत नमन किया जाता है।

# कटिया डालने का विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट

**बिछ्वा, प्रात : किरण संवाददाता**



थाना क्षेत्र के गांव इमायदपुर में एक महिला ने गांव के एक युवक से कटिया डालने के विरोध को लेकर कहासुनी हो गई इस बात को लेकर घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर दी जिसमें उसके सिर में गंभीर चोट आई है साथ ही बचाने आए उसके परिवार के कई लोगों के साथ मामले की तहरीर थाना पुलिस को दी गई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। गांव इमायदपुर निवासी राजन श्री पत्नी हेतराम ने तहरीर देते हुए बताया कि उसने गांव निवासी खुशीराम आदि लोगों से कटिया डालने को लेकर विरोध किया तो इसी बात को लेकर खुशी राम पुत्र शंकरलाल विवेक पुत्र संतोष रमेश पुत्र शंकरलाल संतोष पुत्र मातादीन एक राय होकर घर में घुस आए उसे लाठी-डंडों से मारा जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है साथ ही बचाने आई उसकी बहू सुमन पत्नी राजीव पति हेतराम पुत्र बाबूराम पुत्र राजीव सुबोध को भी मारा पीटा है साथी जान से मारने की धमकी दी है पुलिस ने घायल महिला का मेडिकल कराया है साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# फेसबुक पोस्ट से नगर में आग लगाने की कोशिश

**कुरावली, प्रात : किरण संवाददाता**



कुछ दिनों से देश के अलग अलग स्थानों पर सम्प्रदायक घटनाए देखने को मिल रही है। जिस पर सरकार द्वारा सख्त कार्यवाही भी देखने को मिल रही है। इन्ही सब के बीच कुरावली में सोशलमीडिया एप फेसबुक पर गैर समुदाय के युवक द्वारा हिंदू समाज की भावनाएं आहत करनी वाली एक पोस्ट डालकर कस्बा का साम्प्रदायिक महौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। पोस्ट देखने के साथ हिंदूवादी नेताओ में उवाल आ गया। पोस्ट पड़ने के साथ कई तरह की चर्चाए होने लगी। हिंदूवादी नेताओ ने एकत्र होकर आक्रोश व्यक्त करते हुए थाने में तहरीर दी। जिसके बाद कुरावली एस एच ओ ने तहरीर ले कर छापा मारी शुरू कर दी। छापेमारी में एक युवक पुलिस के हत्ते चाड गया। सूत्रों से पता चला कि ये युवक अपराधी प्रव्रत्ति का है। पहले से ही इस भाइयो पर कई केस चल रहे है।

फेसबुक पर शुक्रवार को किसी मोहम्मद मुजाहिद नाम के युवक के द्वारा धामिर्क भावनाएं भड़काने वाली एक पोस्ट डाल दी। पोस्ट के वायरल होने के बाद हिंदू धर्म के लोगो में आक्रोश व्याप्त हो गया। हिंदूवादी लोग युवक को फेसबुक पर टिप्पणी करने लगे। यह जानकारी जब नगर के हिंदूवादी नेताओ को हुई, हिंदू युवा वाहिनी के नगर अध्यक्ष कुलदीप राठौर सहित दजर्नो हिंदूवादी लोगो ने युवक के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कोतवाली में पहुंचकर तहरीर दी है। लोगो ने इंस्पेक्टर से कहा कि नगर के मोहल्ला सराय निवासी मोहम्मद मुजाहिद नाम की फेसबुक आईडी से धामिर्क भावनाएं भड़काने व सामाजिक वैमनस्यता फैलाने वाला पोस्ट किया गया है। जिससे हिंदू धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हुई है। लोगो ने युवक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस मौके पर आकाश गुप्ता, रितिक भटनागर, अंकित गुप्ता, सचिन पचौरी, अश्वनी गुप्ता, अमन गुप्ता, काका गुप्ता, ध्रुव गुप्ता, विशाल दिवाकर, मोहन कश्यप, संदीप गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रज्वल वर्मा, दीपक पाल आदि मौजूद रहे है।

## एसपी सिटी ने थाना परिसर में नगर के व्यापारियों के साथ की आवश्यक बैठक आयोजित

नजीबाबाद। एस पी सिटी डा प्रवीन रंजन सिंह ने शुक्रवार की शाम थाना परिसर में नगर के व्यापारियों के साथ आवश्यक बैठक करते हुए सुरक्षा की दुष्टि से अपने प्रतिष्ठानों पर कैमरे लगाने,अपराध को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। एसपी सिटी प्रवीन रंजन ने कहा कि अपराध रोकने के लिए जनता का सहयोग जरूरी होता है। उन्होने व्यपारियों से आहवान किया कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने प्रतिष्ठानों एंव मकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाएं तथा बाहर की लाईटें खोलकर रखे। अतिक्रमण एंव ई रिक्शा के सम्बंध में लोगो ने एसपी सिटी को अवगत कराते हुए समस्या के समाधान के प्रयास किये जाने की बात रखते हुए चैक बाजार से चैक जगन्नाथ तक वन वे करने को कहा जिसको प्रशासन ने मान लिया और दो तीन दिनों में ही फ्लैक्सी लगवाकर तथा ऐलान कर जरिए प्रशासन द्वारा बता दिया जायेगा। बैठक मे एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेन्द्र सिंह पाल, थाना प्रभारी दिनेश गौड़, के अलावा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ, तसनीम सिददीकी, राजीव गांधी, आदि मौजूद रहे।

# हनुमान अवतरण दिवस पर किया गया भंडारा

**बिछ्वा, प्रात : किरण संवाददाता**

हनुमान जन्म दिवस पर क्षेत्र के विभिन्न संकट मोचन मंदिरों में सुबह से ही बजरंगबली प्रतिमाओं पर चोला चढ़ाने के साथ वस्त्र चढ़ाएं गए साथी विभिन्न मंदिरों में 56 भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथी प्रसाद का भंडारा भी वितरण किया गया। पावन धाम अंजनी मंदिर पर सुबह से स्वामी हरिदास महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कर यज्ञ में आहुतियां दिलाई साथ ही सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के आने का ताता लगा रहा शाम को विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद आरती कराई गई साथ ही संकट मोचन मंदिर औरंध पर सत्यपाल सिंह चौहान के साथ गुड्डी देवी टीटू पंडित आदि लोगों ने पूजा-अर्चना कराई साथ ही छप्पन भोग कार्यक्रम भी संपन्न कराया साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया वहीं संकट मोचन मंदिर विछवा संकट मोचन मंदिर जैली जिरौली के साथ र



विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित किए गए साथी सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी संपन्न कराया गया।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

नई दिल्ली, रविवार, 17 अप्रैल, 2022



## संक्षिप्त खबर

### नगर निगम दस्ता ने की नहर पार जबरदस्त तोडफोड़

फरीदाबाद। ओल्ड फरीदाबाद नगर निगम के तोडफोड़ दस्ते ने शनिवार को नहर पार के कई इलाकों में अवैध रूप से बनाई जा रही निमार्णाधीन दुकानों को तोड़ने की कार्यवाही को अंजाम दिया। इसके लिए नगर निगम ने दो अर्थमूवर मशीनें लगाई हुई थी और कोई पुलिसबल इस दौरान मौजूद नहीं रहा। नगर निगम के एसडीओ महेन्द्र रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि नहरपार वार्ड नं. 28 के अंतर्गत आने वाले वजीरपुर, खेड़ी, तिगांव रोड पर तोडफोड़ की गई है। आज की तोडफोड़ में निमार्णाधीन दुकानें, बेसमेंट, मकानें और दुकानों के आगे बने रैम्प को तोड़ा गया है। इस तोडफोड़ की कार्यवाही में बिल्डिंग इंसपैक्टर सतेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

### हनुमान जयंती पर खेड़ी चौपटा धरने पर समाजसेवी सुशील उगालन ने लगाया भंडारा

नारनौंद। खेड़ी चौपटा उपतहसील पर चल रहे किसानों के धरने पर शनिवार को हनुमान जयंती पर एक भंडारे का आयोजन किया गया। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एडवोकेट सुशील उगालन द्वारा लगाया था। जिसमें हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। सुशील उगालन ने अपने हाथों से भक्तों को लड्डू, बूंदी, खीर, पूरी-सब्जी का प्रसाद परोसा। उन्होंने कहा कि कहा कि जनता से बड़ा कोई पद नहीं है। हर व्यक्ति को अपने निजी कार्यो के साथ साथ समाजसेवा व पुण्य के कामों में भी भाग लेना चाहिए। प्रसाद वितरण करने के बाद उन्होंने खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। वहीं किसानों का धरना 32 वें दिन भी जारी रहा। किसान नेता सुरेश कोथ, सुशील उगालन, राजकुमार राखी, रमेश श्योराण, रामनिवास खेड़ी, दिनेश श्योराण, रणधीर मिलकपुर व पाल कोथ इत्यादि ने बताया कि सरकार आंख बंद करके बैठी हुई है और किसान अपने हकों की लड़ाई लड़ने के लिए इस गर्मी के मौसम में खुले आसमान के नीचे बैठे हुए हैं। किसानों ने हमेशा आंदोलन कुबार्नी देकर जीते हैं। हम सामने वालों को राम-राम तो कर सकते हैं लेकिन झुक नहीं सकते। हमारा हक लेना जानते हैं और यह हमने दिल्ली में करके भी दिखाया है। सरकार को किसानों ने पीछे हटा कर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को झुकने का काम किया है। उन्होंने तीनों कृषि के कानून वापिस लेने पड़े।

### 11 वर्ष पूर्व मुकदमा के भगोड़ा आरोपी को किया गिरफ्तार

नूंह। नूंह सदर थाना पुलिस ने वर्ष 2011 के एक मुकदमें के भगोड़ा आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी की पहचान सीस पुत्र सोराब गांव फिरोजपुर नमक के रूप में हुई है। नूंह सदर थाना प्रभारी अजयबीर भड़ाना ने बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ वर्ष 2011 में 279 व 411 की धारा के अलावा अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद आरोपी कोर्ट में कभी पेश नहीं हुआ। जिससे आरोपी को पुलिस ने भगोड़ा घोषित किया। इसके बाद पुलिस द्वारा बार बार आरोपी को पकड़ने के लिए नोटिस दिए गए लेकिन आरोपी ने कभी थाने में पेश नहीं हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस को आरोपी की काफी समय से तलाश थी। शुक्रवार को पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी को घर से दबोच लिया। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### हनुमान जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल द्वारा हवन पूजन और प्रसाद वितरण

गुरुग्राम। हनुमान जन्मोत्सव पर अखिल भारतीय हिन्दू क्रान्ति दल द्वारा माता रोडस्थित अतुल कटारिया चौक पर संस्था के कैम्प कार्यालय हनुमान मन्दिर प्रांगन मे आज हवण पूजन और प्रसाद वितरण किया गया। दल के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चेतन शर्मा के संचालन मे आयोजित इस कार्यक्रम मे आज सुबह से ही साफ सफाई कराकर हवणवेदी तैयार कराई गई। पण्डित विनोद शास्त्री जी द्वारा मन्दिर को सजाकर विधिवत मंत्रोचार कर हवण सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम मे कार्यकताओं ने जय श्री राम के उदघोष भी लगाए। आयोजन उपरान्त प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन मे मुख्य रूप से संयुक्त हिन्दू संघर्ष समिति हरियाणा से प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रहम प्रकाश कौशिक, प्रदेश प्रवक्ता और हिक्रान्द के राष्ट्रीय प्रभारी राजीव मित्तल, अमरजीत, मनजीत कटारिया, ब्रजेश सिंह, सोनू मिस्त्री, जितेन्द्र शर्मा, किरण, रेखा, अजय कुमार, सरोज यादव समेत अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### धनकोट में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

गुरुग्राम। धनकोट स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। हवन-यज्ञ के समापन अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।

# आम आदमी पार्टी अपने किए सभी वायदों को करती है पूरा : चौधरी

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



● नगर निगम चुनावों को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार : धर्मबीर भड़ाना

आम आदमी पार्टी जिला कार्यकारिणी एवं विधानसभा के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को गुडगांव-बडखल रोड स्थित जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से हरियाणा के सहप्रभारी महेंद्र चौधरी एवं साउथ जोन के अध्यक्ष वीर सिह सरपंच ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान धर्मबीर भड़ाना ने की। बैठक को सबोधित करते हुए महेंद्र चौधरी ने सभी जिला एवं विधानसभा कार्यकताओं से पार्टी के विस्तार एवं नीतियों को लेकर विचार-विमर्श किया और उनके सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद नगर निगम चुनावों को लेकर आम आदमी पार्टी पूरी तरह से तैयार है पार्षद एवं मेयर के चुनाव सिंबल पर लड़े जाएंगे। जिसके लिए सभी कार्यकर्ता कमर कस लें और लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। इसके साथ-साथ सह प्रभारी महेन्द्र चौधरी ने पार्टी के उन कार्यकताओं को स्पष्ट संदेश दिया, ऐसे कार्यकताओं व पदाधिकारियों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा, जो मीडिया व सोशल मीडिया में जाकर पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास करते हैं या एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति करते हैं। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष धरमबीर भड़ाना ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि नगर निगम चुनागों में पार्टी बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। हरियाणा में आम आदमी पार्टी की शुरूआत फरीदाबाद नगर निगम से ही होगी और जो कार्य दिल्ली की गरीब जनता के लिए किए हैं, वही सारे कार्य हरियाणा की जनता के लिए भी किये जायेंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी पूरी तैयारी के साथ मजबूती से पार्टी सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर मंजू गुप्ता, बृजेश नगर, भीम यादव, विनोद भाटी, सुनील ग्रोवर, ओ पी वर्मा, मुलकराज भड़ाना, डी एस चावला, कुलदीप चावला, मनीष भाटिया, तेजवंत सिंह बिट्ठ, जोगिंदर चंदेला, राजेश कुमार, रघुवर दयाल, राकेश कुमार, हरिदत्त शर्मा, रोशन झा, राम गौर, संदीप राव, राजकुमार, मेहर चंद हरसाना, राकेश भडाना, ओमपाल टोंगर, नीरज प्रेमी, बॉबी मावी, इंदिरा सिंह, सुगन चंद जैन, मंजीत कालिया, कुलदीप चपराना, लक्ष्मीनारायण सैनी, समीर गुप्ता, शिव नारायण दूबे, अमन गोयल, हरेंद्र भाटी, खैमी ठाकुर, गौरव शारदा, नरेंद्र सरोहा, के एल बंसल, मनीष शर्मा, हंसराज दायमा, अजय खटाना, राजेंद्र शर्मा, जय भारत, समसुद्दीन, मुश्किल प्रधान, अफरोज, परमजीत कौर, हैप्पी सिंह, बलवंत सिंह, सुरेंद्र यादव, परविंदर राजपाल, दक्ष कसाना, विक्रांत भाटी, सलमा खान, जोगिंदर चंदीला आदि मौजूद रहे।

# 51 लाख की लागत से गांव फतेहगढ़ के कुश्ती हॉल का अधूरा निर्माण होगा पूरा

चरखी दादरी, एजेंसी



श्री हनुमान जयन्ती के पावन अवसर पर गांव फतेहगढ के हनुमान अखाड़े में विशाल कुश्ती दंगल और भंडारे का आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल में जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिकस्त की। गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला का ढोल-नगाड़ो व फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और गांव की मान-सम्मान सूचक पगड़ी उनके सिर पर रखी। ग्रामीणों ने अजय सिंह चौटाला के सम्मुख हनुमान अखाड़े में खिलाड़ियों के लिए जरुरी सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने की मांग की। अखाड़ा परिसर में खिलाड़ियों और गांव वासियों को संबोधित करते हुए डॉ अजय चौटाला ने कहा कि कुश्ती हमारे ग्रामीण परिवेश का खेल है। इस खेल में हरियाणा प्रदेश की अपनी एक अलग पहचान है। हम सब को मिलकर हमारे प्राचीन खेलों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करने चाहिए। जजपा अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने खिलाडियों की सभी माँगों को पूरा करवाने के लिए 51 लाख रुपए की ग्रांट जारी करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने हनुमान अखाड़ा परिसर में बने अधूरे कुश्ती हाल का निर्माण कार्य जल्द पुरा करवाने का आश्वासन दिया। इसके साथ-साथ एक जीम हाल भी बनाने की घोषणा की। अजय चौटाला ने अखाड़ा परिसर में ओपन शैड बनवाने का भी वायदा किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान, नरेश द्वारका, राजेश फौगाट समसपुर, राजेश सांगवान झोझ्रु, रमेश कोच, सज्जन कोच, विकास सांगवान कोच, कर्षण पहलवान, भुपेंद्र बौंद, रविंद्र चरखी, संजीव चरखी, धर्मराज फौगाट, प्यारेलाल लांबा, पं. मनफुल शर्मा, भुपेंद्र कलियाणा, भुप मांढी, विजय गोपी, धर्मेन्द्र घीकाडा, सुरेन्द्र पैंतावास, मंजीत फौगाट, संदीप, नरेश, दिनेश पहलवान, प्रवीण पहलवान, असीन सांगवान, हजारी पहलवान इत्यादि उपस्थित थे।

# किसानों को 50 हजार रुपये एकड़ मुआवजा दे सरकार : राम भगत



नारनौंद, प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार को बास गांव में लगी भीषण आग ने करीब दर्जनों किसानों के बच्चों के मुंह से निवाला छीन लिया है। काफी परिवार ऐसे हैं जिनके पास उनकी गेहूं की फसल जलने के बाद एक दाना अनाज का उनके बच्चों के लिए नहीं बचा है। इसलिए सरकार किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे ताकि किसान अपने परिवार का पेट पाल सकें। उक्त शब्द पूर्व विधायक प्रोफेसर रामभगत शर्मा ने बास गांव में आग से जली गेहूं की फसल का जायजा लेते समय पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।उन्होंने बताया कि किसान के लिए यह बहुत दुख की घड़ी है कि उसके खून पसीने, महंगे बीज, खाद, तेल से दिन रात एक करके तैयार की गई फसल एक पल में जलकर राख हो गई। फसल के साथ ही किसानों के अरमान भी जले हैं। पिछली धान व कपास की फसल भी बारिश से खत्म हो गई थी। अब दर्जनों किसानों की करीब 70 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल आग लगने से पूर्ण रूप से जल गई है ऐसे में किसान अपने परिवार का पेट कैसे भरेगा। किसान के लिए फसल उसकी 6 महीने की कड़ी मेहनत के बाद तैयार होती है। इसलिए सरकार को इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जिन किसानों की गेहूं की फसल जली है उनको तुरंत 50 हजार रुपये प्रति एकड़ का मुआवजा देकर उनको मरहम लगाने का काम करें। इस अवसर पर दिलबाग मोर, पूर्व सरपंच तीर्थ, रोशन सरपंच, इंद्रसिंह, शमशेर नम्बरदार, रामनिवास, दयानन्द शर्मा, कृष्ण मोर, सुभाष, भगत सिंह, रजत व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# कोरोना की चौथी लहर का सामना करने के लिये युद्ध स्तर पर तैयारियां करे सरकार : दीपेन्द्र हुड्डा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



● हनुमान जयंती पर आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे दीपेन्द्र हुड्डा

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा आज गुरुग्राम में हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दी और कहा कि महाबली संकटमोचन हनुमान जी की कृपा सदा हम सभी पर बनी रहे। दीपेन्द्र हुड्डा ने गुड़गांव में तेजी से कोरोना केस बढ़ने पर चिंता जताते हुए कहा कि चौथी लहर का सामना करने के लिये सरकार को युद्ध स्तर पर तैयारियां करनी चाहिए ताकि हॉस्पिटल बेड, ऑक्सीजन, दवाईयों की कमी न हो। कोरोना की पिछली जानलेवा लहरों से सबक लेकर सरकार समय रहते पूरे प्रबंध करे। अस्पतालों में बेड, ऑक्सीजन, दवाईयों का पर्याप्त इंतजाम कराए, ताकि मरीजों को इलाज के लिये दर-दर की ठोकर न खानी पड़े।दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हमने काफी कोशिश करके यूपीए सरकार के समय पूरे हरियाणा में चारो ओर कई बड़े प्रोजेक्ट मंजूर कराए थे। उसी में २००९ में बाढसा एम्स-२ के ३०० एकड़ वाले परिसर में हृष्टढ्ढ के अलावा१० राष्ट्रीय संस्थान बनने की भी घोषणा भूमि पूजन के समय हुई थी और एम्स के वर्किंग प्लान में भी इन्हें शामिल किया गया था। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि २०१४ में देश और प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद हरियाणा सरकार के उपेक्षापूर्ण और भारत सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये के कारण कई सारे प्रोजेक्ट हरियाणा से चले गये। उन्होंने हरियाणा सरकार से नाराजगी जताते हुए कहा कि ये इतनी कमजोर सरकार है कि क्क्र सरकार के समय उनके द्वारा मंजूर कराए गए हरियाणा से सारे महत्त्वपूर्ण संस्थान एक के बाद एक हरियाणा से जाते रहे और इस सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार ने विधानसभा में बहुत बड़ा झूठ बोला है कि कोरोना की लहर के समय ऑक्सीजन की कमी से कोई मौत नहीं हुई। जबकि सच्चाई पूरा देश और प्रदेश जानता है कि ऑक्सीजन और बेड की कमी से सड़कों पर तड़प-तड़प कर मरते रहे।

# रमजान हमें दूसरे लोगों से मोहब्बत करना सिखाता है : शौकत हुसैन

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता



● शौकत हुसैन निजामपुर ने बताया कि रमजान के महीने को खुदा की इबादत का महीना कहते हैं। इस महीने के दौरान जो रोजा रखता है, उसे सत्तर गुणा खुदा की इबादत का लाभ मिलता है

रमजान के महीने को सब्र का महीना कहते हैं। यह पवित्र महीना हमें अल्लाहताला की इबादत करना सिखाता है। रमजान हमें दूसरे लोगों से मोहब्बत करना सिखाता है। इस माह में जितना हो सके सभी को दूसरे लोगों की सेवा करनी चाहिए। इसके साथ सभी बुरें कार्यों को तौबा करनी चाहिए। आज युवाओं को भी रमजान के माह में रोजे रखकर अल्लाह की इबादत करनी चाहिए। रमजान माह से अल्लाह का नूर बरसाता है। रमजान सिखाता है कि लोगों से मोहब्बत करें। अगर इस माह में कोई भी बुरे काम करता है तो अल्लाह का उस पर कहर गिरता है। इस महीने में गरीबों लोगों की हर मुसलमान को मदद करनी चाहिए। शौकत हुसैन निजामपुर ने बताया कि रमजान के महीने को खुदा की इबादत का महीना कहते हैं। इस महीने के दौरान जो रोजा रखता है, उसे सत्तर गुणा खुदा की इबादत का लाभ मिलता है। हर रोजे रखने वाले को कड़े संकल्प के साथ रोजा रखना चाहिए। रमजान के मुताबिक निर्धारित समय में कुछ न खाना और न ही कुछ पीना होता है। इससे स्वास्थ्य के ऊपर अच्छा प्रभाव पड़ता है। आज के दौर में हर युवा को अल्लाह की इबादत करने के साथ अपने देश प्रदेश की उन्नति के लिए भी कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान माह से अच्छी सीख लेकर अपने जीवन में धारण करनी चाहिए। तभी जाकर हम एक अच्छे व्यक्ति बन सकते हैं।

# कंपनी से लूट के आरोपियों की धरपकड़ करने वाले एसएचओ एवं एएसआई को मंत्रियों ने किया सम्मानित

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



● लूट के मामले को सुलझाने वाले सेक्टर 58 के इंस्पेक्टर भारतेंदु और एएसआई मकसूद खान को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने शाल भेंट कर सम्मानित किया

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर एवं कैबिनेट मंत्री हरियाणा सरकार मूलचंद शर्मा के जानकार सैक्टर-25 स्थित कंपनी फरीदाबाद स्टील मोगर्स प्राइवेट लिमिटेड में ड्राइवर से हुई लूट के मामले का खुलासा करने वाले सेक्टर 58 के थाना प्रभारी भारतेन्दू एवं एएसआई मकसूद को सम्मानित किया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा, केंद्र व हरियाणा की सरकार आम आदमी के साथ-साथ सभी व्यापारी और उद्योगपतियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रखती है। ज्ञातव्य है कि 28 मार्च, 2022 को फरीदाबाद स्टील मोगर्स कंपनी, सेक्टर 25 से लगभग 50 लाख रुपए की एक लूट हो गई थी, जिसमें संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी सैक्टर-58 भारतेन्दू एवं एएसआई मकसूद ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी ड्राइवर को पकड़ लिया और उससे लूट के पैसों की रिकवरी भी कर ली। लूट के मामले को सुलझाने वाले सेक्टर 58 के इंस्पेक्टर भारतेंदु और एएसआई मकसूद खान को केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचन्द शर्मा ने शाल भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उद्योगपति योगेश गुप्ता मौजूद रहे। उद्योगपति योगेश गुप्ता ने दोनों मंत्रियों का उनकी कंपनी पहुँचने पर स्वागत लिया और मंत्रियों द्वारा व पुलिस प्रशासन द्वारा की गई मदद के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उद्योगपतियों की समस्याएं सुनी और उन्हें आश्वासन दिलाया कि केंद्र व हरियाणा की सरकार आम आदमी के साथ साथ सभी व्यापारी और उद्योगपतियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी रखती है। इस मौके पर लोहा मंडी के द्वारा बिल्लू कालरा, शिवालिक प्रिंट्स के मालिक नरेंद्र अग्रवाल, संदीप सिंघल, प्रदीप सिंघल, अजय जुनेजा, सुनील गुलाटी, मनोज टाटिया, अजय गुप्ता, एसके बत्रा, सुनील गर्ग, देवेंद्र गर्ग, संजीव अग्रवाल, मुकुंद गुप्ता सहित समस्त उद्योगपति मौजूद रहे।शहर के दोनों मंत्री एक प्राईवेट कंपनी में लूटपाट करने वाले ड्राइवर को पकड़े जाने पर पुलिस इंसैक्टर एवं एएसआई को सम्मानित करने उद्योगपति योगेश गुप्ता की कंपनी फरीदाबाद स्टील मोगर्स प्राइवेट लिमिटेड, सैक्टर-25 पहुंचे और पुलिस अधिकारियों की हौसलाफजाई की।

# गरीबों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार कर रही है बेहतर नीतियों का क्रियान्वयन : कृष्णपाल

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता




केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। गरीबों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार बेहतर नीतियों का क्रियान्वयन कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री शनिवार को सेक्टर-87 के एसआरएस रेजीडेंसी में असंगठित श्रमिक सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 29 गरीब परिवारों को 68 लाख 50 हजार रुपये की धनराशि वितरित करने के उपरांत संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर उन्हें क्रियान्वित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों को समर्पित सरकार हैं। गरीबों के उत्थान के लिए वर्ष में मात्र 12 रुपए की राशि पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दुर्घटना अथवा बीमारी से मौत होने पर 200000 रुपए की आर्थिक सहायता परिवार को दी जाती है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत मात्र 330 रुपए के सालाना प्रीमियम पर भी 200000 रुपए की अन्य सहायता राशि परिवार को सहायता के तौर पर प्रदान की जाती है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 29 परिवारों में 68 लाख 50000 रुपये की धनराशि घर के निर्माण के लिए लोगों को दी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में घर के नवीनीकरण पर 165000 रुपये की धनराशि दी जाती है और जबकि शहरी क्षेत्र में यह यह राशि ढाई लाख रुपये प्रदान की जाती है। जिसका सर्वे प्रदेश में किया जा रहा है। सर्वे के उपरांत हरियाणा की 40 प्रतिशत आबादी आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क में इलाज करवा पाएगी।

### रेडक्रॉस सोसायटी ने 26 प्रवासी मजदूरों को दी हाइजीन किट

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

टीआई प्रोजेक्ट जिला रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम कार्यालय में प्रवासी मजदूरों के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 26 मजदूरों को हाइजीन किट विकास कुमार सचिव रेडक्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम द्वारा बांटी गई। इस अवसर पर सचिव विकास कुमार ने टी आई के कार्यो की काफी प्रशंसा की।

कार्यक्रम में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केशव द्वारा टीबी और एचआईवी एड्स के विषय पर सभी को समझाया के किस प्रकार एचआईवी फैलता है या हो सकता है। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. केशव द्वारा कुछ मजदूरों को हाइजीन किट दी गई।

सिविल हॉस्पिटल आईसीटीसी विभाग से काउंसलर डॉ. शिखा गर्ग, डॉ. अमित एआरटी सेंटर काउंसलर द्वारा आईसीटीसी और एआरटी सेंटर की सुविधाओं, एचआईवी की जांच, काउंसलिंग एवं एआरटी लिंकेज के बारे में समझाया। इस कार्यक्रम में टीआई प्रोजेक्ट से रजनी कटारिया, प्रियंका, नितेश एवं कामकाजी महिला आवास से कविता सरकार मौजूद रहे।

# अवैध हथियार रखने वाले आरोपियों को भेजा जेल

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



डीसीपी क्राइम नरेन्द्र कादियान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने दो अवैध हथियार रखने वाले आरोपियो को अलग अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपी देवेंन्द्र स्थाई रुप से उत्तर प्रदेश के हापुड़ का रहने वाला है तथा अस्थाई रुप से बल्लबगढ के उंचा गांव में रहता है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सेक्टर-62 के आशियाना से गिरफ्तार किया है। चैकिंग के दौरान आरोपी से एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना आदर्श नगर में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।दूसरा आरोपी संजय बल्लबगढ के मलेरना रोड पर रहने वाले को क्राइम ब्रांच टीम ने चन्दावली पुल से गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बटनदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदाम दर्ज कर लिया गया है।पूछताछ में आरोपी देवेन्द्र से पता चला कि देसी कट्टे को वह 4000/- रुपए में बल्लबगढ रेलवे स्टेशन किसी अंजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था। तथा आरोपी संजय से पता चला कि आरोपी बल्लबगढ़ बस स्टैंड किसी अंजान व्यक्ति से बटनदार चाकू को 500/-रुपए में खरीद कर लाया था।दोनो आरोपियो को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# बैंकों और एटीएम की सुरक्षा को लेकर थाना प्रबंधक एवं चौकी प्रभारियों ने बैंक मैनेजरों से की मीटिंग

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



डीसीपी एनआईटी नीतिश अग्रवाल ने बैंकों और एटीएम की सुरक्षा को लेकर सभी थाना प्रबन्धक को निर्देश दिए की बैंक मैनेजर से मीटिंग कर बैंक और एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसी कड़ी में कोतवाली थाना प्रबंधक,दुर्गा शक्ति टीम व डीसीपी के रीडर एएसआई सुंदर ने थाना कोतवाली क्षेत्र के बैंको का निरीक्षण कर बैंक मैनेजर और उनके स्टाफ को सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सावधानी बरतने बारे जरूरी टिप्स दिए। बैंक मैनेजर को हिदायत दी गई है कि वह स्वयं या अनस्टॉप के द्वारा सीसीटीवी कैमरा दोबारा कवर किए गए दृश्यो / फुटेज निगरानी रखें कैश काउंटर व लोगों की गतिविधियों को कॉल करने वाले फुटेज को अपने कंप्यूटर स्क्रीन पर जूम करके रखें ताकि संदिग्ध लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। अक्सर देखा गया है कि ठगी करने वाले लोग बैंक में आक(र बैठ जाते है और लोगों से पैसे हड़पने की फिराक में रहते है। कुछ भोले और कम पढ़े लिखे लोगो को मदद करने के नाम पर, ऐसे ठग अपना शिकार बनाते हैं। कई बार बैंककर्मी पैसे जमा करने आए व्यक्ति को एटीएम मशीन में पैसा जमा कराने भेज देते हैं अपने शिकार की तलाश में बैंक में मौजूद कुछ ठग ऐसे व्यक्तियों को पैसा जमा कराने की मदद के नाम उनके साथ हो लेते हैं और एटीएम मशीन में पैसा व्यक्ति के खाते में जमा ना करके अपने खातों में जमा कर लेते हैं और भोले लोगों को अपने ठगी का शिकार बना लेते है। बैंक में उपस्थित ठग मशीन में पैसे जमा करने वाले व्यक्तियों को बीच रास्ते में ही अपने जाल में फसा लेते है।थाना प्रबन्धक ने इस वारदात से बचने के लिए कहा कि आप लोगो को मशीन में पैसे जमा करने के लिए भेजते समय गार्ड को बुलाकर उनके साथ भेजे ताकि किसी के साथ इस तरह की वारदात ना हो सके। एटीएम पर उपस्थित सुरक्षा गार्डों को बताया कि एटीएम मशिन पर एक समय में एक व्यक्ति होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरा नाइट विजन अच्छी क्वालिटी के होने चाहिए। बैंक मैनेजर , बैंक की मुख्य जगह नोटिस बोर्ड पर पुलिस कंट्रोल व नजदीकी थाना और साइबर फ्रॉड के संबंध में 1930 नंबर डिस्प्ले करना सुनिश्चित करें

### रासकला ग्रुप द्वारा रेजांगला की शौर्य गाथा का किया जाएगा सजीव चित्रण

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

प्रधानमंत्री के आह्वान व प्रदेश सरकार के तत्वावधान में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत सेक्टर 29 स्थित लेजर वैली ग्राउंड में सोमवार को वर्ष 1962 के भारत - चीन युद्ध के उन बहादुर वीरों की शौर्य गाथा पर आधारित नाटक का सफीदों के रासकला ग्रुप द्वारा विशेष मंचन किया जाएगा, जिन्होंने रेजांगला पोस्ट पर 125 की संख्या होने के बावजूद करीब 1300 चीनी सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के संयुक्त निदेशक (एनसीआर) रणबीर सिंह सांगवान ने बताया कि किसी भी देश में वहाँ का समाज, सभ्यता व संस्कृति तभी तरक्की कर सकते हैं जब तक उस देश की सीमाएं सुरक्षित है और सीमाएं तभी सुरक्षित रह सकती है जब उस देश का निर्भीक सैनिक अपने प्राणों की परवाह किए बगैर, हथियारों के नष्ट हो जाने के बावजूद अपनी अंतिम सांस तक दुश्मनों का डटकर सामना करता रहे।

## संक्षिप्त खबरें



### यूजर्स ने मस्क से ट्विटर के बजाय श्रीलंका को खरीदने के लिए कहा

नई दिल्ली। ट्विटर उपयोगकर्ता चाहते हैं कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क 43 बिलियन डॉलर में माइक्रोब्लॉगिंग साइट के बजाय श्रीलंका का अधिग्रहण कर लें, क्योंकि देश अपनी आजादी के बाद से सबसे खराब आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। मंच पर कई यूजर्स ने अपने विचार साझा किए और अरबपति से कर्ज में डूबे देश को उबारने के लिए कहा। एक यूजर ने लिखा, एलन मस्क, अगर आप कुछ खरीदना चाहते हैं तो श्रीलंका खरीद लें। ट्विटर को छोड़ दें। एक अन्य यूजर ने लिखा, एटदरेट एलन मस्क, क्या आप श्रीलंका को 43 बिलियन डॉलर में खरीदना चाहेंगे? हमारे पास बोगला में आपके टेस्ला के लिए भी दुनिया का सबसे अच्छा ग्रेफाइट है। हाल ही में मस्क ने ऐलान किया था कि उन्होंने ट्विटर को खरीदने का ऑफर दिया है।

### रूस ने गूगल पर लगाया 1,44,000 डॉलर का जुर्माना

मॉस्को। मॉस्को की एक अदालत ने अवैध सामग्री को हटाने में विफल रहने पर दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल पर 1,44,000 डॉलर का जुमार्ना लगाया है। अदालत ने कहा कि रूसी प्रशासनिक अपराध संहिता के अनुच्छेद 13.41 के भाग 2 के तहत गूगल के खिलाफ दो प्रशासनिक प्रोटोकॉल मिले। इस आधार पर गूगल पर यह जुमार्ना लगाया गया। इससे पहले दिसंबर, 2021 में मॉस्को की टैगांस्की जिला अदालत ने स्थानीय कानून द्वारा प्रतिबंधित सामग्री को हटाने में विफल रहने पर गूगल पर लगभग 10 करोड़ डॉलर का जुमार्ना लगाया था। टैगांस्की जिला अदालत ने फैसला सुनाया था कि गूगल ने बार-बार प्रतिबंधित सामग्री को हटाने के निर्देश की उपेक्षा की। इस पर गूगल ने कहा था कि वह अदालत के आदेश का अध्ययन करेगा और उसके बाद अपने अगले कदम पर फैसला करेगा। रूसी अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग, हथियारों और विस्फोटकों से संबंधित सामग्री को हटाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार दबाव बढ़ाया था।

### जेनेरिक दवाओं में आत्मनिर्भर बने उद्योग : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने घरेलू फार्मा उद्योग से जेनेरिक दवाओं में मजबूत बनने और कच्चे माल व उत्पादन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने को कहा है। गोयल ने इंडियन ड्रग मैन्यूफैक्चरर्स एसोसिएशन (आइडीएमए) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए शुक्रवार को कहा कि फार्मा उद्योग को ग्लोबल सप्लाई चेन से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए एक दीर्घकालिक योजना बनानी चाहिए। इस क्षेत्र में पिछले एक दशक के दौरान आई तेजी को बरकरार रखने का मंत्र देते हुए गोयल का कहना था कि फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनने के लिए यह जरूरी हो गया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सप्लाई चेन के बारे में पूवार्नुमान लगाना लगातार बेहद चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

# पद्मश्री डॉ. बी. के. एस. संजय को मिला लाइफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड

**देहरादून, प्रात: किरण संवाददाता**




देश के जाने-माने गिनीज एवं लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर देहरादून के ऑर्थोपीडिक एवं स्पाइन सर्जन पद्म श्री से सम्मानित प्रो. डॉ. बी. के. एस. संजय को एक और सम्मान मिला। उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन एवं उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक कॉन्फ्रेंस के द्वारा डॉ. बी. के. संजय को हल्द्वानी में कॉन्फ्रेंस के शुभारंभ समारोह में ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन एवं कॉन्फ्रेंस के पदाधिकारियों ने डॉ. संजय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। गौरतलब है कि डॉ. संजय उत्तराखंड एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष हैं। उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन की स्थापना डॉ. संजय के मार्गदर्शन में जौलीग्रांट, देहरादून उत्तराखंड में आज से लगभग 21 साल पहले 25 मार्च 2001 को, की गई थी। इस स्थापना का विधिवत संचालन उस समय के इंडियन ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के उपाध्यक्ष डॉ. एस. एम. शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. शिशिर रस्तोगी और उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी डॉ. अतुल बहादुर के मार्गदर्शन में की गई थी। पिछले 21 साल में उत्तराखंड एसोसिएशन के सदस्यों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है।

डॉ. बी. के. एस. संजय ने न केवल पिछले 20 सालों में अपना नाम कमाया बल्कि अपने साथ उत्तराखंड एसोसिएशन का झंडा पूरी देश-दुनिया में फैलाया। डॉ. बी. के. संजय को देश-विदेश की बहुत सी आथोपीडिक संस्थाओं तथा सामाजिक संस्थाएं सम्मानित कर चुकी हैं। डॉ. संजय ने प्राथमिक ऑर्थोपीडिक सर्जरी की ट्रेनिंग कानपुर, पी.जी.आई. चंडीगढ़ एवं दिल्ली से ली तथा उच्च ऑर्थोपीडिक प्रशिक्षण स्वीडन, स्वीटजरलैंड, जापान, यू.एस.ए., ऑस्ट्रेलिया तथा रसिया से ले चुके हैं। डॉ. संजय दुनिया के लगभग 45 देशों में अपने अनुभव का आदान प्रदान कर चुके हैं। इनके लेख दुनिया के सर्वश्रेष्ठ शोध पत्रिकाओं में छप चुके हैं। डॉ. बी. के. एस. संजय की ऑर्थोपीडिक एवं सामाजिक सेवाओं को देखते हुए पिछले साल 9 नवंबर 2021 को भारत के राष्ट्रपति द्वारा देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया जा चुका है। 15 अप्रैल 2022 को हल्द्वानी में आयोजित उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके साथ ही देहरादून के ऑर्थोपीडिक सर्जन डॉ. गौरव संजय ने सी.पी. से होने वाले विकलांग बच्चों की किये गई सर्जरी के अपने अनुभव को हल्द्वानी में उत्तराखंड ऑर्थोपीडिक एसोसिएशन के दौरान बेस्ट पेपर अवार्ड के सेशन में साझा किया।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 604.004 अरब डॉलर हुआ

नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन संकट के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार पांचवें हफ्ते गिरावट आई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 08 अप्रैल, 2022 को समाप्त हफ्ते में 2.471 अरब डॉलर घटकर 604.004 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार देररात जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। आरबीआई के जारी साप्ताहिक आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 28.5 अरब डॉलर घट चुका है। इससे पहले 01 अप्रैल को यह रिकॉर्ड 11.173 अरब डॉलर घटकर 606.475 अरब डॉलर पर आ गया था। आंकड़ों के मुताबिक 25 मार्च, 2022 को यह 2.03 अरब डॉलर घटकर 617.648 अरब डॉलर रहा था। वहीं, 18 मार्च को 2.597 अरब डॉलर घटकर 619.678 अरब डॉलर पर आ गया था, जबकि 11 मार्च को यह 9.646 अरब डॉलर घटकर 622.275 अरब डॉलर रह गया था। रिजर्व बैंक के मुताबिक 8 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) में आई कमी की वजह से आई है, जो कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान एफसीए 10.7 अरब डॉलर घटकर 539.727 अरब डॉलर रह गया।

## डकडक-गो ने कथित तौर पर अपने सर्च परिणामों से पाइरेट साइटों को हटाया




**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**

प्राइवेसी-फोकस्ड सर्च इंजन डकडकगो ने कथित तौर पर कई लोकप्रिय पाइरेट साइटों को सर्च परिणामों को हटा दिया है। इन साइटों में द पाइरेट बे, 1337 एक्स और एफमूवीस शामिल हैं। टोरेंटफ्रीक की रिपोर्ट के अनुसार, कई यूट्यूब रिपिंग सेवाएं भी गायब हो गई हैं और यहां तक कि ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर यूट्यूब-एमपी3 का होमपेज भी अनुपलब्ध है। 2008 में लॉन्च किया गया, सर्च इंजन डकडकगो इंटरनेट यूजर्स के लिए एक गो-टू सेवा है जो अपनी गोपनीयता को महत्व देते हैं।

कई प्रतिस्पर्धियों के विपरीत, साइट यूजर्स के आईपी पते या अन्य संवेदनशील जानकारी का रिकॉर्ड नहीं रखती है। हाल के वर्षों में, साइट गूगल जैसे प्रतिस्पर्धियों की तुलना में क्लीनर परिणाम लौटाकर भी बाहर खड़ी हुई, जो सक्रिय रूप से पाइरेटस साइटों को नीचा दिखाने के लिए अपने एल्गोरिदम को बदल देती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक बिंदु पर, गूगल ने यूजर्स को डकडकगो की ओर इशारा किया, जब उन्होंने पाइरेट बे प्रॉक्सी की खोज की।

हाल ही में, सर्च इंजन ने बीटा में मैकओएस के लिए एक बिल्कुल नया ब्राउजर लॉन्च किया है। कंपनी ने कहा था कि अपने मोबाइल ऐप की तरह, मैक के लिए डकडकगो बिना किसी जटिल सेटिंग्स के रोजमर्रा की ब्राउजिंग के लिए एक ऑल-इन-वन प्राइवेसी समाधान है।

## आईफोन 15 पेरिस्कोप कैमरे के लिए एलजी, जावा के पार्ट्स का उपयोग करेगा एप्पल

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी**



टेक दिग्गज एप्पल कथित तौर पर आईफोन 15 के लिए अफवाह वाले पेरिस्कोप जूम कैमरा मॉड्यूल के लिए न केवल नए आपूर्ति भागीदार जाहवा इलेक्ट्रॉनिक्स से बल्कि लंबे समय से आपूर्तिकर्ता एलजी से आपूर्ति किए गए पार्ट्स का उपयोग करेगा। बुधवार को, दक्षिण कोरिया स्थित जाहवा इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि वह नई ऑप्टिकल इमेज स्थिरीकरण एक्ट्यूएटर बनाने में सक्षम नई सुविधाओं के निर्माण के लिए 191 अरब वोन (155 मिलियन डॉलर) खर्च करेगा।

द इलेक के अनुसार, जाहवा के ओआईएस सेंसरों को एलजी इनोटेक को उनके स्वयं के फोल्ड किए गए कैमरा जूम मॉड्यूल में उपयोग के लिए भेज दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि एलजी अपने उपकरणों में फोल्डेड जूम कैमरा लाने की एप्पल की योजना में प्राथमिक भागीदार है। एलजी और जाहवा के पुर्जे पेरिस्कोप कैमरा सेटअप से संबंधित होने की संभावना है, जो एप्पल को आईफोन पर ऑप्टिकल जूम क्षमताओं को बढ़ाने की अनुमति देगा।

पेरिस्कोप लेंस या फोल्डिंग लेंस पर आधारित एक सिस्टम कैमरा सेटअप के आकार में उल्लेखनीय वृद्धि किए बिना डिवाइस पर उपलब्ध ऑप्टिकल जूम की मात्रा को बढ़ाता है। इलेक ने पहले भविष्य के फोन में पेरिस्कोप सिस्टम लाने की एप्पल की स्पष्ट योजनाओं की सूचना दी थी। एप्पल के फ्लैगशिप को पेरिस्कोप-आधारित लेंस सिस्टम मिलने की अफवाहें 2020 के बाद से कभी-कभी सामने आई हैं।

### कायन्स टेक्नोलॉजी की आईपीओ के जरिए 650 करोड़ रुपये जुटाने की योजना

नई दिल्ली। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम एवं डिजाइन विनिर्माण सेवा क्षेत्र की कंपनी कायन्स टेक्नोलॉजी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये वित्त जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं। मसौदा रेड हेरिंग प्रारूप (डीआरएचपी) के मुताबिक इस आईपीओ के तहत 650 करोड़ रुपये मूल्य के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और एक प्रर्वतक एवं एक मौजूदा शेयरधारक की तरफ से 7.2 करोड़ इक्विटी शेयरों की खुली बिक्री पेशकश (ओएफएस) की जाएगी। ओएफएस के तहत प्रर्वतक रमेश कुन्हीकण्णन 37 लाख इक्विटी शेयरों और शेयरधारक फ्रेंजी फिरोज 35 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश करेंगे। निर्गम में 1.5 करोड़ रुपये तक के शेयर पात्र कर्मचारियों के लिए आरक्षित रखे जाएंगे। आईपीओ से इकट्ठा होने वाली राशि में से करीब 130 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर्ज चुकाने और 98.93 करोड़ रुपये का उपयोग मैसुरु और मानेसर में विनिर्माण केंद्र के लिए पूंजीगत व्यय में किया जाएगा।

## विमान ईंधन की कीमत में 0.2 फीसदी की बढ़ोतरी, रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में जारी तेजी के बीच विमानों में ईंधन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले एटीएफ की कीमतें भी शनिवार को 0.2 प्रतिशत बढ़ा दी गईं। यह एटीएफ की कीमतों में हुई इस साल की लगातार आठवीं बढ़ोतरी है। सार्वजनिक तेल कंपनियों की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक एटीएफ के दाम में 277.5 रुपये प्रति किलोलीटर यानी 0.2 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इस मूल्य वृद्धि के बाद राजधानी दिल्ली में एटीएफ के भाव 1,13,202.33 रुपये प्रति किलोलीटर हो गए हैं। इस तरह एटीएफ की कीमत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।

इस बीच पेट्रोल एवं डीजल के दाम लगातार दसवें दिन अपरिवर्तित बने रहे। इसके पहले करीब दो हफ्ते में पेट्रोल और डीजल दोनों के दामों में 10-10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी। विमान ईंधन की कीमतों में हरेक महीने की पहली और 16वीं तारीख को संशोधन किया जाता है जबकि तेल कंपनियों को पेट्रोल और डीजल की कीमत में दैनिक आधार पर बदलाव करने की छूट है। एटीएफ की कीमतों में 16 मार्च को 18.3 फीसदी की भारी वृद्धि की गई थी। उसके बाद एक अप्रैल को भी इसके दाम में दो फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी।

बहरहाल कीमत में ताजा बढ़ोतरी के बाद मुंबई में एटीएफ की कीमत अब 1,11,981.99 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है जबकि कोलकाता में इसकी कीमत 1,17,753.60 रुपये और चेन्नई में 1,16,933.49 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। अपनी तेल जरूरतों को पूरा करने के लिए 85 फीसदी आयात पर निर्भर भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में हुई हालिया बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम में दर्ज की गई वृद्धि का नतीजा है। इसके अलावा महामारी से उबर रही अर्थव्यवस्था में तेल की मांग भी बढ़ रही है। किसी विमानन कंपनी की परिचालन लागत में करीब 40 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाले एटीएफ की कीमत भी इस साल लगातार बढ़ी है। इस साल अब तक हुई आठ मूल्य वृद्धि में एटीएफ के दाम 39,180.42 रुपये प्रति किलोलीटर तक बढ़ चुके हैं।

### सैमसंग जल्द ही रोलेबल क्यूडी-ओएलईडी टीवी कर सकता है लॉन्च

सोल, 16 अप्रैल (वेब वार्ता)। दक्षिण कोरियाई तकनीकी दिग्गज सैमसंग अपने स्वयं के रोल करने योग्य क्यूडी-ओएलईडी टीवी को लॉन्च करने की योजना बना रही है क्योंकि सैमसंग डिस्प्ले ने अपने क्वांटम डॉट (क्यूडी) -ओएलईडी पैनल के पतले वर्जन का विकास शुरू कर दिया है। द इलेक की रिपोर्ट के मुताबिक, इसका मकसद ग्लास सबस्ट्रेट्स के इस्तेमाल को मौजूदा दो से घटाकर एक करना है। सूत्रों ने कहा कि अगर दक्षिण कोरियाई डिस्प्ले पैनल सफल होता है, तो क्यूडी-ओएलईडी का नया वर्जन भी रोल करने योग्य होगा। पिछले साल के अंत में उत्पादन शुरू करने वाला सैमसंग डिस्प्ले का क्यूडी-ओएलईडी पैनल के पहले कमर्शियल वर्जन में थिन-फिल्म ट्रांजिस्टर (टीएफटी) के लिए एक ग्लास सब्सट्रेट और दूसरा क्यूडी कलर रूपांतरण लेयर के लिए है। सैमसंग डिस्प्ले की नई परियोजना का लक्ष्य शीर्ष पर क्यूडी रंग रूपांतरण परत ग्लास सब्सट्रेट को हटाना है।

## व्हाइटहैट जूनियर को 1,690 करोड़ रुपये का हुआ नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




बायजूस के स्वामित्व वाले ऑनलाइन कोडिंग प्लेटफॉर्म व्हाइटहैट जूनियर ने वित्तीय वर्ष 2021 में 1,690 करोड़ रुपये का भारी नुकसान किया है, जबकि इसी अवधि में 484 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व अर्जित किया है। कंपनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) के पास दाखिल अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में कंपनी की बैलेंस शीट से पता चलता है कि वित्तीय वर्ष 21 में परिचालन राजस्व 483.9 करोड़ रुपये था, जबकि वित्त वर्ष 2020 में यह 19 करोड़ रुपये था। हालाँकि, प्लेटफॉर्म का घाटा वित्त वर्ष 2020 में 69.7 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2021 में आसमान छू गया और इसका खर्च 2,175 करोड़ रुपये तक पहुँच गया।

कोडिंग प्लेटफॉर्म ने भारत के बाजार से 226 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया (वैश्विक स्तर पर इसकी कुल बिक्री का 46.7 प्रतिशत) जबकि अमेरिकी बाजार ने 197.2 करोड़ रुपये के राजस्व में 40.8 प्रतिशत का योगदान दिया। इस अवधि के दौरान मंच ने पाठ्यक्रम सामग्री की बिक्री से 3.36 करोड़ रुपये और अन्य परिचालन राजस्व के रूप में 2.27 करोड़ रुपये कमाए। अगस्त 2020 में बायजूस ने मुंबई स्थित लाइव ऑनलाइन कोडिंग प्रदाता व्हाइटहैट जूनियर को 300 मिलियन डॉलर (लगभग 2,246 करोड़ रुपये) के नकद सौदे में हासिल किया।

करण बजाज ने 2018 में व्हाइटहैट जूनियर की स्थापना बच्चों को इसके निष्क्रिय उपभोक्ता होने के बजाय प्रौद्योगिकी के निमार्ता बनाने की धष्टि से की। अगस्त 2021 में, बजाज ने अपने जीवन के अगले अध्याय की शुरूआत करने का फैसला किया और व्हाइटहैट जूनियर का नेतृत्व करने के लिए ग्राहक अनुभव और वितरण प्रमुख तृप्ति मुखर्जी को नियुक्त किया गया। व्हाइटहैट जूनियर न केवल एक गणित और कोडिंग सीखने का मंच है, बल्कि इसने 1:1 ऑनलाइन संगीत कक्षाओं में भी प्रवेश किया है और 10 लाख छात्रों को पढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय स्कूलों में एक फिजिकल-डिजिटल मिश्रित कोडिंग पाठ्यक्रम लाया है।

## एचडीएफसी बैंक का शुद्ध लाभ 23 फीसद बढ़ा, कुल आय बढ़कर 41085 करोड़ हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**




एचडीएफसी बैंक की चौथी तिमाही के वित्तीसय नतीजे आ गए हैं। बैंक ने शनिवार को जारी कारोबारी नतीजों में बताया कि मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका स्टैंडअलोन शुद्ध लाभ 22.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10,055.2 करोड़ रुपये हो गया है। देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने पिछले वित्त वर्ष की इसी चौथी तिमाही में 8,186.50 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कराधान के लिए 2,989.5 करोड़ रुपये निकालने के बाद बैंक ने 10,055.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही से 22.8 प्रतिशत ज्या1दा है। एचडीएफसी बैंक ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि वित्त वर्ष 22 की चौथी तिमाही के दौरान कुल आय (स्टैंडअलोन) बढ़कर 41,085.78 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की अवधि में 38,017.50 करोड़ रुपये थी। मार्च में समाप्त तिमाही के लिए शुद्ध राजस्व (शुद्ध ब्याज आय और अन्य आय) 7.3 प्रतिशत बढ़कर 26,509.80 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 24,714.10 करोड़ रुपये था। रिपोर्ट की गई तिमाही के लिए शुद्ध ब्याज आय (ब्याज अर्जित ब्याज घटाकर) एक साल पहले की तुलना में 10.2 प्रतिशत बढ़कर 18,872.70 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एसेट क्वालिटी के मोर्चे पर बैंक ने कहा कि सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 31 मार्च, 2022 को सकल अग्रिमों का 1.17 प्रतिशत थी, जो एक साल पहले 1.26 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए (या बेड लोन) 0.40 प्रतिशत की तुलना में शुद्ध अग्रिमों का 0.32 प्रतिशत रहा। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही के दौरान अन्य आय शुद्ध राजस्व का 28.8 फीसदी बढ़कर 7,637.1 करोड़ रुपये पर पहुंच गई, जबकि बीते साल की इसी अवधि में यह 7,593.9 करोड़ रुपये थी।

# आईपीओ में निवेश करने से पहले खुदरा निवेशकों को इन गलतियों से बचना चाहिए

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

पूंजी बाजार के डिजिटलीकरण के बाद से भारत में खुदरा निवेशकों की भागीदारी में भारी वृद्धि दर्ज हुई है। कुल निवेशकों में से, अब अधिकतम लोग पहली बार निवेश करने वाले निवेशक हैं जिनकी उम्र 18-35 वर्ष के बीच है। हालांकि, यह युवा निवेशकों के लिए एक रोमांचक समय है, लेकिन जब बात आईपीओ की आती है, तो उन्हें भी सावधान रहने और कुछ बुनियादी निवेश गलतियों से बचने की जरूरत है। भारतीय शेयर बाजार में पिछले साल आईपीओ में तेजी देखी गई। यह रुझान इस साल भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, सार्वजनिक होने वाली कई कंपनियों के साथ एक और नया चलन उभरकर सामने आया कि हमें निवेशकों के बीच आईपीओ की लोकप्रियता में काफी वृद्धि देखने को मिली। इनमें से ज्यादातर निवेशक युवा हैं।

इसलिए, सार्वजनिक बाजार निवेशकों के रूप में यहां कुछ सामान्य गलतियों का जिक्र किया गया है, जिसके होने की अधिक संभावना है और इससे बचना चाहिए:

**कंपनी के कारोबारी मॉडल को नहीं समझना**

कंपनी के कारोबारी मॉडल को समझने के लिए और आईपीओ की कीमत किस वैल्यूएशन पर रखी गई है, यह समझने के लिए आईपीओ में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी के फंडामेंटल को देखते हुए आईपीओ का कम या ज्यादा मूल्यांकन किया जाता है। दुनिया के सबसे सफल निवेशकों में से एक वॉरेन बफे ने बिना किसी स्पष्ट व्यावसायिक मॉडल वाली कंपनियों में निवेश करने के खिलाफ चेतावनी दी है। यदि आप किसी कंपनी के शेयरों में निवेश कर रहे हैं, तो कंपनी के व्यापार मॉडल को समझना और भविष्य में इसकी वृद्धि का निर्धारण करना महत्वपूर्ण है। उस विश्लेषण के आधार पर उसमें निवेश करें। विविध पोर्टफोलियो बनाकर आप इस गलती को करने से भी बच सकते हैं।

**कंपनी के नाम के झांसे में आना**

हाल ही में, हमने देखा है कि पेटीएम और जोमैटो जैसी नई युग की कंपनियों को लेकर निवेशकों का क्या शानदार रुख रहा। इन आईपीओ को लेकर मिलेनियल्स और जेनरेशन जेड के निवेशकों के बीच उन्माद की स्थिति का कारण क्या इन कंपनियों की लोकप्रियता नहीं थी। निवेशकों के लिए एक गणनात्मक कदम के बजाय भावनात्मक लगाव के कारण कंपनियों में अपना पैसा लगाना आम बात है। निवेशकों को निवेश करते समय फर्क समझने और अपनी भावनाओं को अलग रखने की जरूरत है।

**बाजार में प्रवेश करने का समय**

अनुभवी निवेशकों के लिए भी बाजार को समय देना एक निरर्थक प्रयास हो सकता है। मानवीय व्यवहार के नेतृत्व में, निवेशक कीमतों में गिरावट के साथ बाजार छोड़ देते हैं। वे ऐसे समय में बाजार में निवेश करने को लेकर सतर्क हैं। निवेशकों को बाजार में विश्वास हासिल करने में लंबा समय लगता है और कीमतों में सुधार होने पर वे वापस लौट आते हैं। इसलिए, निवेशकों को लंबी अवधि पर ध्यान देना चाहिए और छोटी अवधि में होने वाले उतार-चढ़ाव को गुजर जाने देना चाहिए।

**विविधीकरण करने में विफल**

निवेशकों को कभी भी अपना सारा पैसा एक निवेश फंड में नहीं लगाना चाहिए। पोर्टफोलियो के विस्तार के साथ विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों जैसे जिंसों, संपत्ति, शेयरों और बांडों को धन आवंटित करने की आवश्यकता उत्पन्न होती है। जैसे ही वे अपने निवेश करियर में शुरूआती कदम उठाते हैं, उन्हें एक वैश्विक फंड चुनना चाहिए। विविधीकृत पोर्टफोलियो सुनिश्चित करने का एक तरीका यह है कि एक फंड में 10% से अधिक शामिल न करने के नियम का पालन किया जाए। विविधीकरण हासिल करने का एक और तरीका म्युचुअल फंड है। निवेशक अलग-अलग निवेश लक्ष्यों के साथ कई म्युचुअल फंड में निवेश करके भी अपना जोखिम के दायरे को कम कर सकते हैं।

**निर्णय लेने में अपनी भावनाओं को हावी न होने दें**

यह पूंजी बाजार का सच है कि यहां भय और लालच बाजार पर राज करते हैं। एक निवेशक के रूप में, आप डर को निर्णयों को नियंत्रित करने की अनुमति नहीं दे सकते। बड़ी तस्वीर पर ध्यान दें। हमेशा याद रखें कि शेयर बाजार का रिटर्न कम समय सीमा में भारी विचलन पैदा कर सकता है। लंबे समय में, लार्ज-कैप शेयरों के ऐतिहासिक रिटर्न में औसतन 10% की संभावना होती है।

### पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार 10वें दिन स्थिर

नई दिल्ली। तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले 10 दिनों में कोई परिवर्तन नहीं किया है, जिसके कारण शनिवार को भी इंधन की कीमतें स्थिर रहीं। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लंदन ब्रेंट क्रूड आज 111.70 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.54 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 24 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है।

## निवेश ने भारत के अंदरूनी क्षेत्रों में म्युचुअल फंड में निवेश को बढ़ावा दिया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

2020 के लिए वेल्थटेक 100 में जगह बनाने में सफल रहा निवेश.कॉम दूरदराज के क्षेत्रों में म्युचुअल फंड की पहुंच बनाने के अपने प्रयासों में सफल रहा है। ग्रामीण भारत में ब्रांड के नेटवर्क को विकसित करने के निरंतर प्रयासों के साथ, डिजिटल-फर्स्ट प्लेटफॉर्म उपनगरीय क्षेत्रों में स्वतंत्र म्युचुअल फंड वितरकों को अत्याधुनिक तकनीक के साथ अपने एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) को विकसित करने में सक्षम बनाता है।

डिजिटल-फर्स्ट प्लेटफॉर्म निवेश.कॉम ने टियर-2 और टियर-3 शहरों में अपना नेटवर्क स्थापित कर लिया है। कंपनी ने बताया है कि भारत में म्युचुअल फंड, कॉरपोरेट एफडी, बीमा इत्यादि जैसे वित्तीय उत्पादों की बेहद कम पहुंच है और देश में ऐसे 19.5 करोड़ परिवार हैं, जो इन उत्पादों की पहुंच से दूर हैं। निवेश के लिए संगठन ने देश के दूरदराज के हिस्सों और छोटे शहरों तक पहुंचने के लिए अथक प्रयास किया है, क्योंकि उनका मानना है कि म्युचुअल फंड वितरक छोटी टाउनशिप और उससे आगे वित्तीय उत्पादों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। घरेलू संपत्ति का लगभग 50% हिस्सा यानी लगभग 170 लाख करोड़ रुपये बैंक जमा के रूप में है। निवेश का मानना है कि यह एक बड़ा अवसर है, क्योंकि वित्तीय जागरूकता ऐसे निवेशकों को यह समझने में मदद करती है कि बैंकों में पैसा रखना महंगाई के लिहाज से नुकसानदेह कदम है।

निवेश की सफलता इसकी संख्या में भी झलकती है। आज, इसके ग्राहक पूरे भारत में 3,000 से अधिक पिन-कोड क्षेत्रों में स्थित हैं। 60 प्रतिशत ग्राहक और 50 प्रतिशत एयूएम शीर्ष 30 शहरों से बाहर के हैं। जबकि उद्योग के स्तर पर एयूएम का 20% से कम हिस्सा इस सेगमेंट से आता है।

निवेश.कॉम के संस्थापक और सीईओ अनुराग गर्ग ने कहा, एक ब्रांड के रूप में हमने यह धारणा स्थापित की है कि हमारा मंच सभी के लिए है। जब हमने शुरूआत की, तो महानगरों और अन्य छोटे शहरों या दूरदराज के इलाकों के बीच निवेश की संख्या में बहुत स्पष्ट असमानता थी। हमने इस अंतर को खत्म करने की दिशा में अथक प्रयास किया है और अब हम इसके सकारात्मक परिणाम देख रहे हैं। निकट भविष्य में, म्युचुअल फंड उद्योग के ट्रिलियन-डॉलर का उद्योग बनने की उम्मीद है, और निवेश में हमें उम्मीद है कि इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शीर्ष 30 शहरों से आगे के निवेश से आएगा, और हम इसमें सबसे आगे होंगे।

निवेश के पार्टनर के रूप में, असम के तिनसुकिया के रत्नजीत भट्टाचार्जी ने अपने अनुभव के बारे में बताया, मुझे आज भी वे दिन याद हैं जब मैं एक डाकघर एजेंट के रूप में काम करता था, और अब मैं निवेश.कॉम का पार्टनर हूं। मेरे जीवन में जो बदलाव आया है वह बहुत बड़ा है। लंबे समय से वित्तीय उत्पादों में रुचि रखने के कारण, मैं एक म्युचुअल फंड सलाहकार बनना चाहता था, लेकिन ग्राहकों तक पहुंचना कोई आसान काम नहीं था। निवेश से जुड़ना मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक वरदान रहा है, क्योंकि अब मैं सब कुछ ऑनलाइन होने के कारण अधिक ग्राहकों तक पहुंच सकता हूं।

## संक्षिप्त खबरें

### सोसिडाड ने स्पेनिश लीग में बेटिस से ड्रा खेला

मैड्रिड। रियाल सोसिडाड और रियाल बेटिस के बीच स्पेनिश लीग मुकाबला गोलरहित ड्रा पर छूटा। लेकिन मैच के दौरान दोनों टीमों के प्रशंसक आपस में भिड़ गये जिससे बेटिस के समर्थक घायल हो गये। स्पेनिश मीडिया ने कहा कि सोसिडाड के एक प्रशंसक ग्रुप ने करीब दो दर्जन भर बेटिस प्रशंसकों पर हमला कर दिया जिससे चार मामूली रूप से घायल हो गये। पुलिस ने इस घटना के बाद दो लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों क्लबों ने हिंसा की निंदा की है।

### मिलान ने जिनोआ को हराकर दो अंक की बढ़त कायम रखी

मिलान। एसी मिलान ने जिनोआ पर 2-0 की जीत से सीरी ए में अपनी बढ़त कायम रखी। मिलान के लिये राफाएल लियाओ और जूनियर मेसियास ने गोल किये जिससे टीम इंटर पर दो अंक की बढ़त बरकरार रखने में सफल रही। गत चैम्पियन इंटर ने कुछ घंटे पहले स्पेजिया पर 3-1 की जीत हासिल की थी। इंटर ने मिलान से एक मैच कम खेला है क्योंकि उसे बोलोग्ना के खिलाफ स्थगित मैच अभी खेलना बाकी है। मिलान की दोनों टीमें इटैलियन कप के सेमीफाइनल के दूसरे चरण में मंगलवार को एक दूसरे से भिड़ेंगी।

### त्रिपाठी के साथ बल्लेबाजी करना आसान हो गया था : मार्कराम

मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल के मैच में ताबड़तोड़ पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार तीसरी जीत दिलाने वाले एडेन मार्कराम ने कहा कि सामने राहुल त्रिपाठी जैसा बल्लेबाज फॉर्म में हो तो बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है। जीत के लिये 176 रन का लक्ष्य सनराइजर्स ने 13 गेंद और सात विकेट बाकी रहते हासिल कर लिया। त्रिपाठी ने 37 गेंद में 71 और मार्कराम ने 36 गेंद में 68 रन बनाये। मैच के बाद मार्कराम ने कहा, जब त्रिपाठी जैसा बल्लेबाज फॉर्म में हो तो काम आसान हो जाता है। आखिर तक रूककर मैच खत्म करना अच्छा रहा।

### अदिति अशोक संयुक्त 29वें स्थान पर खिसकी

ओआहु (अमेरिका)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां लोटे चैम्पियनशिप के तीसरे दौर में खराब कार्ड के कारण बीती रात के संयुक्त सातवें स्थान से संयुक्त 29वें स्थान पर खिसक गयीं। अदिति ने तीसरे दौर में चार ओवर 76 का कार्ड खेला। इससे वह इवन पार के स्कोर से संयुक्त 29वें स्थान पर चल रही हैं। तीसरे दिन भी तेज हवायें चलती रहीं जिसमें अदिति ने तीन बर्डी, पांच बोगी और एक डबल बोगी लगायी। कोरिया की हयो जू किम ने इवन पार 72 का कार्ड खेला लेकिन वह फिर भी बढ़त बनाये हैं।

### बीसीसीआई चार साल बाद फिर आईपीएल क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करेगा

नई दिल्ली। आईपीएल 2022 के मुकाबले 26 मार्च से शुरू हो चुके हैं। टी20 लीग में कुल 10 टीमें उतर रही हैं। फाइनल मुकाबला 29 मई को होना है। 2018 के बाद से टी20 लीग में ओपनिंग और क्लोजिंग सेरेमनी नहीं हो रही है। लेकिन इस साल बोर्ड ने क्लोजिंग सेरेमनी आयोजित करने का फैसला किया है। बोर्ड ने बाकायदा इसके लिए निविद भी मंगाई है। कोरोना के कारण हालांकि मौजूदा सीजन में ओपिनंग सेरेमनी आयोजित नहीं की गई थी। इस बार गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स के रूप में 2 नई टीमें उतर रही हैं। इस बार कुल 60 की जगह 74 मुकाबले खेले जाएंगे।

### लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से दी मात

# मुंबई ने लगाया हार का 'सिक्सर'

**मुंबई, एजेंसी**

केएल राहुल की शतकीय पारी के बाद अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराकर अपनी चौथी जीत दर्ज की। मुंबई की छह मैचों में यह लगातार छठी हार है। अब उसका प्लेऑफ में पहुंचना मुश्किल हो गया है।

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल के 26वें लीग मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 18 रनों से हराकर छह मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। दूसरी ओर मुंबई की लगातार यह छठी हार है। मुंबई का प्लेऑफ में पहुंचना अब मुश्किल हो गया है। मुंबई इंडियंस को अब 3 गेंदों पर 19 रन की जरूरत है। मुरुगन अश्विन 2 गेंदों पर 6 रन बनाकर रनआउट हुए। इससे पहले जयदेव भी रनआउट हुए थे। फैबियन ऐलन 7 गेंदों पर आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। ऐलन का विकेट मुंबई ने पारी 18वें ओवर ओवर की चौथी गेंद पर गंवाया। आवेश खान ने ऐलन को चमीरा के हाथों कैच कराकर ऐलन को पवेलियन की राह दिखाई। मुंबई को 12 गेंदों पर अब 43 रनों की जरूरत है। मुंबई इंडियंस को पांचवां झटका रवि बिश्नोई ने दिया। बिश्नोई के आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर सूर्यकुमार ने बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की। स्थानापन्न खिलाड़ी के गौतम ने सूर्यकुमार का कैच लपककर उनकी 37 रन की पारी का अंत किया। मुंबई ने 16 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस को चौथा झटका जेसन होल्डर ने दिया। होल्डर ने तिलक वर्मा को 26 के निजी स्कोर पर बोल्ड कर दिया। मुंबई ने अपन चौथा विकेट पारी के 15वें ओवर की दूसरी गेंद पर गंवाया। तिलक ने सूर्यकुमार के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। इस समय सूर्यकुमार का साथ देने आए हैं कायरन पोलार्ड। मुंबई ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 125 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियंस ने 13 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 116 रन बना लिए हैं। मुंबई के बल्लेबाजों सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के इस ओवर में कुल 12 रन बटोरे। मुंबई को जीत के लिए 42 गेंदों पर 84 रनों की जरूरत है जबकि उसके सात विकेट बाकी हैं। मुंबई इंडियंस को सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा से अब उम्मीदें हैं। टीम इस समय मुश्किल में है। उसके सामने 200 रनों का बड़ा लक्ष्य है। मुंबई ने 11 ओवर में 93 रन पर तीन विकेट गंवा दिए हैं। मुंबई को जीत के लिए अभी भी 54 गेंदों पर 107 रनों की जरूरत है। मुंबई इंडियंस ने शुरूआती 9 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 80 रन बना लिए हैं। सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई की पारी को धीरे धीरे आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों के बीच 21 रन की नाबाद साझेदारी हो चुकी है। मार्कस स्टोइनिस ने अपने दूसरे ओवर में 8 रन दिए।

मुंबई को झटके पर झटका लगा है। टीम अभी ब्रेविस के झटके से उबरी भी नहीं थी कि ईशान किशन को मार्कस स्टोइनिस ने अपने पहले ओवर की दूसरी ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। मुंबई ने 57 के कुल स्कोर पर अपना तीसरा विकेट गंवाया। ईशान 17 गेंदों पर 13 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई इंडियंस के पचास रन पूरे हो गए हैं। मुंबई ने अपने छठे ओवर में अर्धशतक पूरे किए।



**शतक**

- केएल राहुल का धमाका, 100वें मैच में जड़ दिया शतक

**स्कोरकार्ड**

लखनऊ 199/4 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| लोकेश राहुल<br>नाबाद | 103 | 60 | 9 | 5 |
| क्विंटन डी कॉक<br>एल बी डब्ल्यू बोल्ड फेबियन ऐलन | 24 | 13 | 4 | 1 |
| मनीष पांडे<br>बोल्ड मुरुगन अश्विन | 38 | 29 | 6 | 0 |
| मार्कस स्टोइनिस<br>कॉट रोहित शर्मा बोल्ड जयदेव उनादकट | 10 | 9 | 0 | 1 |
| दीपक हुडा<br>कॉट ईशान किशन बोल्ड जयदेव उनादकट | 15 | 8 | 1 | 1 |
| क्रुणाल पंड्या<br>नाबाद | 1 | 1 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 8 रन (B: 0, LB: 3, WD: 5, NB: 0) | | | |
| कुल | 199/4 20.0(RR: 9.95) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W |
|---|---|---|---|---|
| तिलक वर्मा | 1 | 0 | 7 | 0 |
| जयदेव उनादकट | 4 | 0 | 32 | 2 |
| मुरुगन अश्विन | 4 | 0 | 33 | 1 |
| जसप्रीत बुमराह | 4 | 0 | 24 | 0 |
| टाइमत मिल्स | 3 | 0 | 54 | 0 |
| फेबियन ऐलन | 4 | 0 | 46 | 1 |

# मुझे खुद को साबित करने की जरूरत थी : उमेश यादव

**मुम्बई, एजेंसी**



पिछले दो आईपीएल में सिर्फ. दो मैच खेलने वाले तेज गेंदबाज उमेश यादव ने इस सीजन बेहतरीन वापसी की है और अपने आप को कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में स्थापित किया है। उमेश को लगता है कि उन्हें दूसरों से अधिक खुद को साबित करने की जरूरत थी कि उनके पास क्षमता है और वह टी20 में भी बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने इस सीजन में यह क्षमता दिखाई और अब तक वह कोलकाता के लिए सर्वाधिक विकेट (10) लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने इस सीजन में पावरप्ले में विकेट लिए हैं, जो नई गेंद को दोनों तरफ स्विंग करवाने की उनकी क्षमता को दशार्ता है। उमेश ने क्रिकइंफो से बातचीत में कहा, ₹मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी को साबित करने की जरूरत है।

हां, लेकिन मुझे खुद को साबित करना था कि मेरे अंदर यह क्षमता है और मैं अपने आप को और बेहतर कर सकता हूं। मैं अपने अंदर बचे क्रिकेट के द्वारा अपनी टीम और अपने देश की सेवा करना चाहता हूं।₹ इस साल की नीलामी उमेश के लिए अच्छी नहीं रही थी। पहले दो दौर की नीलामी में उन्हें किसी भी फ्रैंचाइजी ने नहीं खरीदा। हालांकि अंतिम दौर में उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने उनके आधार मूल्य दो करोड़ रुपये में खरीद लिया। यह उमेश के लिए एक तरह से घर-वापसी जैसा था। वह इस टीम के लिए इससे पहले 47 मैच खेल चुके थे। वह 2014 की आईपीएल जीत के दौरान भी केकेआर का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, ₹जब आप दो-तीन राउंड में नहीं बिक पाते हैं, तो आपको नहीं पता होता है कि आगे क्या होने वाला है।

पहले राउंड में मेरे ग्रुप के सभी तेज गेंदबाज बिक गए थे, सिर्फ. मैं ही बाकी था। तब मुझे लगा था कि शायद मुझे इस सीजन में खेलने का मौका नहीं मिलेगा। लेकिन फिर मुझे मेरी पुरानी टीम ने खरीदा, जिनके साथ मेरा पुराना अनुभव बहुत अच्छा था।₹ उमेश ने इस सीजन के दूसरे मैच में ही पंजाब किंग्स के खिलाफ चार विकेट लिए और इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

# बैंगलोर ने दिल्ली को दिया 190 रन का लक्ष्य, दिनेश कार्तिक और मैक्सवेल ने दिखाया कमाल

**मुंबई, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल के मौजूदा सीजन का 27वां मैच खेला गया। मुंबई के वानखेडे। स्टेडियम में इस मुकाबले के लिए टॉस दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने जीता और बैंगलोर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया।

बैंगलोर टीम के 2 विकेट जल्दी गिर गए। अनुज रावत को दूसरे ही ओवर की पहली गेंद पर शार्दुल ठाकुर ने पवेलियन भेजा जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी (8) को अगले ओवर में खलील अहमद ने अक्षर पटेल के हाथों कैच करा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 189 रन बनाए जिससे दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 190 रन का लक्ष्य मिला। टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने सबसे ज्यादा 66 रन का योगदान दिया और नाबाद लौटे। ग्लेन मैक्सवेल ने 34 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्के लगाते हुए 55 रन बनाए। शाहबाज अहमद ने 21 गेंदों पर 3 चौकों और 1 छक्के की मदद से 32 रन बनाए और नाबाद लौटे। दिल्ली के लिए शार्दुल ठाकुर, खलील अहमद, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 1-1 विकेट लिया।



शार्दुल ठाकुर के अंतिम (पारी के 19वें) ओवर में कुल 12 रन बने। दिनेश कार्तिक ने तीसरी गेंद पर लॉन्ग ऑन दिशा में छक्का जड़ा और आखिरी गेंद पर शाहबाज अहमद ने डीप स्क्वायर लेग दिशा में चौका लगाया। बैंगलोर ने 19 ओवर में 5 विकेट खोकर 172 रन बना लिए हैं। कार्तिक 30 गेंदों पर 59 जबकि शाहबाज अहमद 19 गेंदों पर 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मुस्ताफिजुर रहमान के आखिरी (पारी के 18वें) ओवर में दिनेश कार्तिक ने खूब रन बटोरे।

शुरूआती 3 गेंदों पर कार्तिक ने चौके जड़े और फिर अगली 2 गेंदों पर लगातार छक्के लगाए। ओवर की अंतिम गेंद पर भी कार्तिक ने चौका लगाया। इस ओवर में कुल 28 रन बने। कार्तिक का अर्धशतक भी 26 गेंदों पर पूरा।

# इशान किशन इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था : वाटसन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आस्ट्रेलिया के पूर्व आल राउंडर और दिल्ली कैपिटल्स के मौजूदा सहायक कोच शेन वाटसन ने मुंबई इंडियंस की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी में इशान किशन पर 15 करोड़ रुपए की राशि खर्च करने के लिये आलोचना करते हुए कहा कि यह प्रतिभाशाली सलामी बल्लेबाज इतनी राशि में खरीदने लायक नहीं था।



वाटसन ने साथ मुंबई इंडियंस की चोटिल जोफ्रा आर्चर को इतनी बड़ी राशि में खरीदने के लिये आलोचना की। मुंबई इंडियंस अभी तक पांच मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी है जिसने किशन को खरीदने के लिये 15.25 करोड़ रुपए और आर्चर को खरीदने के लिये आठ करोड़ रुपए खर्च किये थे। आर्चर अभी भी कोहनी की चोट से उबर रहे हैं। पांच बार की चैम्पियन ने रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और कीरोन पोलार्ड को रिटेन किया था। वाटसन ने द ग्रेड क्रिकेटर पोडकास्ट में बातचीत में कहा, मुंबई इंडियंस तालिका में निचले स्थान पर है, मुझे इसमें कुछ हैरानी नहीं हो रही क्योंकि उन्होंने नीलामी में हैरानी भरे फैसले किये। उन्होंने कहा, इशान किशन को खरीदने में इतनी सारी राशि खर्च करना। वह काफी प्रतिभाशाली खिलाड़ी है लेकिन वह इतनी सारी राशि खर्च करने लायक खिलाड़ी नहीं है। वाटसन ने कहा, फिर जोफ्रा आर्चर के बारे में पता नहीं था कि वह खेलने आयेगा या नहीं।

# राहुल और मारक्रम ने मैच जिताऊ साझेदारी की : विलियम्सन

**मुम्बई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन, ने कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज करने के बाद कहा कि यह एक कदम आगे बढ़ना हुआ। हमने लगातार विकेट लिए और फिर राहुल और मारक्रम ने मैच जिताऊ साझेदारी की। विलियम्सन ने कहा, यह सभी मायनों में एक अच्छा प्रदर्शन था। यानसन और मारक्रम हमारे लिए बड़े खिलाड़ी हैं। नई गेंद से यानसन के बाउंसर कमाल के हैं। वहीं उमरान मलिक एक शानदार प्रतिभा हैं और 150 की स्पीड से लगातार गेंदबाजी करते हैं। वह लगातार सुधार भी कर रहे हें। वास्तव में, हमारे सभी खिलाड़ी लगातार मेहनत कर रहे हैं और लगातार सुधार भी कर रहे हैं। प्लेयर ऑफ द मैच बने राहुल त्रिपाठी ने कहा, मुझे काफी मजा आया। वरुण पर मैंने लगातार शॉट लगाए ताकि वह दबाव में आ सके। पिछले कुछ दिनों से मेरी तबियत खराब थी लेकिन हैदराबाद की टीम ने लगातार मेरा समर्थन किया। अगर कठिन दिन हैं, तो अच्छे दिन भी आते हैं। मुझे बहुत खुशी है कि आज मैं यह पारी खेल पाया। एडन मारक्रम, ने कहा, त्रिपाठी (राहुल) ने बेहतरीन बल्लेबाजी की और उन्होंने मेरे लिए खेल को आसान बनाया। वह एक आक्रामक बल्लेबाज हैं, जिससे आपको बिना दबाव के पिच पर टिकने में मदद मिलती है। मैं खुश हूं कि मैं अंत तक टिका रहा और मैच को खत्म किया। मैंनें परिस्थितियों को देखा-परखा और अपनी पारी को आगे बढ़ाता गया। मुझे यही टीम प्रबंधन से भी निर्देश मिला है कि मैं परिस्थितियों के अनुसार ही पारी को आगे बढ़ाऊं।

# सनराइजर्स हैदराबाद की निगाहें पंजाब किंग्स को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर

**नवी मुंबई, एजेंसी**

शानदार तरीके से वापसी करने वाली सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश अपनी तीन मैचों की जीत की लय बरकरार रखने की होगी। कुछ टीमें छह छह अंक जुटा चुकी हैं लेकिन हैछराबाद और पंजाब की टीम प्लेऑफ की दौड़ में खुद को आगे रखने के लिये दो अहम अंक जुटाना चाहेंगी।

सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अभियान दो मैच में हार के साथ शुरू किया था लेकिन टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स, गुजरात टाइटन्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ लगातार तीन जीत के साथ वापसी की और वह अपने प्रदर्शन में सुधार बरकरार रखना चाहेगी। पंजाब किंग्स ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस पर मनोबल बढ़ाने वाली 12 रन की जीत दर्ज की और सनराइजर्स हैदराबाद निश्चित रूप से जानती है कि मयंक अग्रवाल की अगुआई वाली टीम को हराना मुश्किल होगा जो तीसरे स्थान पर काबिज है। सनराइजर्स की सभी तीन जीत लक्ष्य का पीछा करते हुए आयी है और हर बार उन्हें एक नया नायक मिला। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ मैच विजयी पारियां खेलने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और कप्तान केन विलियमसन हालांकि कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ विफल रहे। लेकिन कई तरह के शॉट खेलने में माहिर बायें हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आक्रामक शुरूआत करने का लक्ष्य बनाये होंगे। राहुल त्रिपाठी ने शुरूआत हासिल करने के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 37 गेंद में 71 रन की पारी खेली और ऐसा ही ऐडन मार्कराम के साथ हुआ जिनकी 36 गेंद में नाबाद 68 रन की पारी की मदद से टीम ने जीत हासिल की। वहीं अगर निकोलस पूरन पूरी फॉर्म में हो तो वह खतरनाक साबित हो सकते हैं जिससे सनराइजर्स बड़ा लक्ष्य दे सकती है और बड़े लक्ष्य को हासिल भी कर सकती है। राहुल, पूरन और मार्कराम को फिर से मध्यक्रम की जिम्मेदारी कंधो पर उठानी होगी।



**सहयोग**

- रबाडा को भी हालांकि वैभव अरोड़ा और तेजी से सुधार कर रहे अर्शदीप सिंह के सहयोग की जरूरत होगी

लेकिन वे पंजाब के ऐसे विविधतापूर्ण और मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ होंगे जिसकी अगुआई दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा कर रहे हैं। रबाडा को भी हालांकि वैभव अरोड़ा और तेजी से सुधार कर रहे अर्शदीप सिंह के सहयोग की जरूरत होगी। पंजाब के आक्रमण की कमजोर कड़ी स्पिनर राहुल चाहर हैं जिन्होंने 44 रन लुटा दिये थे। लेकिन अब सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों के खिलाफ उन्हें अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# सीएसके और गुजरात टाइटन्स के बीच भिड़ंत में होगी नये कप्तानों की परीक्षा

**पुणे, एजेंसी**

गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम जब आज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स से भिड़ेगी तो यह दो नये कप्तान रविंद्र जडेजा और हार्दिक पंड्या के बीच उनके रणनीतिक कौशल की भी परीक्षा होगी। दोनों कप्तान ही अपने हरफनमौला प्रदर्शन के लिये मशहूर हैं और दोनों ही भारतीय क्रिकेट के लिये शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं।

लेकिन आज जब दोनों टीमें पिछले मैच की जीत की लय को बरकरार रखने के लिये एक दूसरे के सामने होंगी तो दोनों कप्तानों के बीच तकनीकी श्रेष्ठता की जंग भी होगी। सीएसके ने इस सत्र में जडेजा को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है जबकि मुंबई इंडियंस पंड्या को रिटेन नहीं कर सकी क्योंकि वह फिटनेस से जूझ रहे थे लेकिन गुजरात टाइटन्स ने इस आल राउंडर को नेतृत्व का जिम्मा सौंपा।



पंड्या ने भी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए नयी टीम को शानदार शुरूआत करायी जिससे उसने पांच में से चार मैचों में जीत दर्ज की। गुजरात टाइटन्स को एकमात्र हार सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली लेकिन टीम ने गुरूवार को राजस्थान रॉयल्स पर 37 रन की जीत से वापसी की। जडेजा को हालांकि टीम के साथ मुश्किल दौर का सामना करना पड़ा जिसमें टीम ने अपने पहले चार मैच गंवा दिये थे लेकिन टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पर 23 रन की जीत से खाता खोला। गेंदबाजी सीएसके के लिये चिंता का विषय रही है लेकिन पूर्व चैम्पियन ने पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन किया जिसमें महीश तीक्षणा और कप्तान जडेजा की स्पिन जोड़ी ने मिलकर सात विकेट झटके।

लेकिन तेज गेंदबाज मुकेश चौधरी सीएसके के मुख्य गेंदबाज दीपक चाहर की अनुपस्थिति में अच्छा नहीं कर सके हैं। चाहर पीठ की चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गये हैं। क्रिस जोर्डन और ड्वेन ब्रावो ने हालांकि चीजों को नियंत्रित करने में कुल मिलाकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

# हमारे गेंदबाजों के लिए यह एक बुरा दिन था : श्रेयस अय्यर

**मुंबई, एजेंसी**

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुक्रवार को सात विकेट से मिली हार का सामना करने के बाद, कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनके गेंदबाजों के लिए यह एक बुरा दिन था। राहुल त्रिपाठी (71) और एडेन मार्करम (नाबाद 68) के शानदार अर्धशतकों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद को शुक्रवार को यहां ब्रेबोर्न स्टेडियम में 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स पर सात विकेट से आसान जीत दर्ज की। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, मैं बहुत थका हुआ महसूस कर रहा था। मुझे लगा कि यह एक अच्छा स्कोर है। ईमानदारी से कहूं तो त्रिपाठी आए और उन्होंने मैच बदल दिया और हमें व्यवस्थित नहीं होने दिया। उनके गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया क्योंकि गेंद सीम कर रही थी। अय्यर ने कहा, बल्लेबाजों के रूप में, हमने पावरप्ले के अंत में अच्छा प्रदर्शन किया और एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में एक अच्छा प्रयास किया था। हालांकि एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमारा दिन खराब था। बता दें कि राहुल त्रिपाठी (71) और एडन मार्करम (नाबाद 68) की बेहतरीन पारियों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के 25वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 175 रन बनाए।

# दानिश ओपन : साजन प्रकाश को स्वर्ण, वेदांत माधवन ने रजत पदक जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शीर्ष भारतीय तैराक साजन प्रकाश ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में दानिश ओपन तैराकी प्रतियोगिता में पुरूष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर सत्र की जीत से शुरूआत की।

इस साल अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे प्रकाश ने शुक्रवार की रात 1.59.27 सेकेंड का समय निकालकर पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले केरल के इस तैराक ने हीट में 2.03.67 सेकेंड का समय निकालकर ए फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। दो बार के ओलंपियन प्रकाश ने कहा, इस महीने हमारे कुछ टूनार्मेंट हैं। हम धीरे धीरे राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिये शीर्ष पर आने की कोशिश करेंगे। वहीं युवा वेदांत माधवन ने भी सकारात्मक शुरूआत करते हुए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार किया और पुरूष 1500 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। भारतीय अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने 10 तैराकों के फाइनल में 15.57.86 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया। सोलह साल के इस खिलाड़ी ने मार्च 2021 में लातविया ओपन में कांस्य पदक जीता था।



उन्होंने पिछले साल जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप में भी प्रभावित करते हुए सात पदक (चार रजत और तीन कांस्य) जीते थे। शक्ति बालकृष्णन महिला 400 मीटर मेडले के बी फाइनल में दूसरे और ओवरआल आठवें स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भाग ले रहे चौथे भारतीय तैराक तनीष जॉर्ज मैथ्यू 50 मीटर फ्रीस्टाइल में 29वें स्थान पर रहे।

# रूट की जगह कप्तान बनाए जा सकते हैं स्टोक्स : एथरटन

**लंदन, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन ने जो रूट की जगह पर हरफनमौला बेन स्टोक्स को नामित किया है, जिन्होंने एशेज में अपमानजनक हार और हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद शुक्रवार को टेस्ट कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। इंग्लैंड के महान खिलाड़ी ने यह भी कहा कि 30 वर्षीय स्टोक्स टेस्ट टीम का नेतृत्व कर सकते हैं, क्योंकि रूट ने अपनी मर्जी से पद छोड़ दिया था और दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। एथरटन ने स्काई स्पोर्ट्स पर कहा, उनके अलावा कई विकल्प नहीं हैं। आपको टीम में उनकी जगह के लायक किसी को चुनना होगा। उन्होंने आगे कहा, बेन स्टोक्स स्पष्ट रूप से कप्तान के लिए एकमात्र विकल्प हैं और रूट ने अपनी मर्जी से पद छोड़ दिया है, वह मदद करते रहेंगे।

बेन स्टोक्स रूट के प्रति बहुत वफादार हैं और अगर रूट के कदम रखने की पेशकश की जाती है तो वह काम लेने के बारे में बहुत आसान महसूस करेंगे। स्टोक्स को रूट की जगह पर देखा जा रहा है, क्योंकि उन्हें टीम में जगह की गारंटी है यदि वे फिट हैं और वर्तमान में टेस्ट टीम के उपकप्तान हैं। 54 वर्षीय एथरटन ने यह भी महसूस किया कि ऑस्ट्रेलिया में एशेज में हार के बाद रूट को कप्तानी छोड़ देनी चाहिए थी।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran


## संक्षिप्त खबरें

### आयुष निवेश सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अप्रैल को गुजरात के गांधीनगर में वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। आयुष मंत्रालय ने यहां बताया कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिखर सम्मेलन में पारंपरिक दवाओं और प्रणालियों को बढ़ावा देने के तरीकों पर विचार-विमर्श करने के लिए उद्योगपतियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की भागीदारी होगी। सम्मेलन में पांच पूर्ण सत्र, आठ परिचर्चा, छह कार्यशालाएं और दो संगोष्ठी आयोजित होंगी। इसके अलावा 90 प्रख्यात वक्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे और 100 प्रदर्शक उपस्थित रहेंगे। दूतावासों, उद्योगों और शीर्ष कॉरपोरेट्स के प्रतिनिधि और राजनयिक भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को विश्व में वैश्विक आयुष केंद्र के रूप में बनाने के लिए निवेश आकर्षित करना है।

### कोविड टीकाकरण अभियान में 186.38 करोड़ टीके लगे

नई दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 186.38 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 186 करोड़ 38 लाख 31 हजार 723 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 975 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 366 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 796 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख सात हजार 834 कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 918 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 83 करोड़ 14 लाख 78 हजार 288 कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं।

### कीव के महापौर ने राजधानी में धमाके की खबर दी

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लित्श्चको ने एक ऑनलाइन पोस्ट में बताया कि राजधानी का पूर्वी जिला दारनित्स्की शनिवार को युद्ध से घिर गया और वहां धमाके हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी व चिकित्सा स्टाफ मौके पर मौजूद है और पीड़ितों की जानकारी बाद में दी जाएगी।

# पंजाब असेंबली में हंगामा, पीटीआई सदस्यों ने विधानसभा के डिप्टी स्पीकर को जड़ा थप्पड़

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के सबसे बड़े सूबे पंजाब विधानसभा में आज जमकर हंगामा हुआ। ये हंगामा उस वक्त हुआ जब सूबे का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए विधानसभा सत्र बुलाया गया था। समा टीवी के मुताबिक असेंबली में डिप्टी स्पीकर दोस्त मुहम्मद मजारी पर लोटस फेंके गए। बौखलाए पीटीआई सदस्यों ने उन्हें थप्पड़ भी मारा। बाद में वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी दोस्त को अपने साथ सुरक्षाघेरे में लेकर बाहर चले गए।

पाकिस्तान के अखबार डान के मुताबिक इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पीएमएल-एन के सदस्यों के आने की वजह से पंजाब विधानसभा का सत्र जबरदस्त हंगामें में बदल गया। ये सत्र नए मुख्यमंत्री के चुनाव करने के लिए सुबह 11:30 बजे शुरू होने वाला था। लेकिन हंगामे की वजह से इसको निलंबित कर दिया गया। विधायिका के अंदर हंगामे के बाद विलंबित हो गया है। दोनों पक्षों की तरफ से एक-दूसरे के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इसके बाद पीटीआई सदस्यों ने विपक्षी बेंच पर लोटे फेंके गए। अखबार की खबर के मुताबिक जब डिप्टी स्पीकर सरदार दोस्त मुहम्मद मजारी ने विधानसभा में प्रवेश किया, तो ट्रेजरी बेंच के सदस्यों ने उन पर हमला किया। उनके ऊपर चीजें फेंकी गई और विपक्ष ने उन्हें घेरने की कोशिश की। मजारी को असेम्बली गार्ड्स ने फौरन उनके चेंबर में शिफ्ट कर दिया। इस घटना के बाद स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पंजाब के एसएसपी आपरेशंस, पुलिस अधिकारियों की एक बड़ी टुकड़ी के साथ सिविल कपड़ों में विधानसभा में पहुंच गए। डान की तरफ से इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई वीडियो में असेंबली में मचे हंगामे और हाथपाई को साफतौर पर देखा जा सकता है। डान की खबर के मुताबिक परवेज इलाही ने इस हंगामे के लिए पीएमएल-एन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि पीएमएल-एन अपने साथ पुलिस को लेकर आई जो कि असेंबली के नियमों का उल्लंघन है। पीएमएल-क्यू के सदस्यों का कहना है कि विधानसभा में जो कुछ हुआ उसके लिए इंस्पेक्टर जनरल को तलब किया जाना चाहिए और उन्हें कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

हंगामे के बाद पंजाब विधानसभा के बाहर प्रेस से बात करते हुए पीएमएल-एन के नेता अताउल्लाह तरार ने असेंबली में जो कुछ हुआ उसके लिए परवेज इलाही और उनके अन्य साथियों को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने इन सदस्यों को गैंगस्टरों का समूह करार दिया। उन्होंने कहा कि आज जो हुआ वह कानून और संविधान का उल्लंघन था। आज, डिप्टी स्पीकर पर हमला किया गया। उन्होंने इस घटना को आतंकवादी घटना करार देते हुए कहा कि चौधरी परवेज इलाही एक या दो लोगों की हत्या करवाना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाही ने अपने सदस्यों को हमले के लिए उकसाया। तरार ने लाहौर उच्च न्यायालय से इस पूरी घटना का स्वतः संज्ञान लेने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वो और उनकी पार्टी के दूसरे सदस्य यहां से नहीं जाने वाले हैं।

# संजय राउत का इशारों-इशारों में राज ठाकरे पर निशाना



मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के लाउडस्पीकर वाले बयान के बाद यहां की राजनीति में हलचल मची हुई है। नेताओं की बयानबाजी भी जारी है। इसी बीच शिवसेना पार्टी के नेता संजय राऊत ने इशारों इशारों में राज ठाकरे पर निशाना साधा है। उन्होंने राज ठाकरे का नाम नहीं लेते हुये तंज कसा कि अब महाराष्ट्र मे भी नये हिंदू ओवैसी बने हैं। राउत ने कहा कि बीजेपी ने यूपी में ओवेसी का जैसे इस्तेमाल किया वैसा ही प्लान अब बीजेपी महाराष्ट्र में भी आजमाना चाहती है। लेकिन हमें कोई टेंशन नहीं है। पब्लिक सब जानती है, सह लेती है, जवाब देती है। एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए शिवसेना के सीनियर नेता संजय राउत ने मनसे चीफ राज ठाकरे को ओवैसी बता दिया। संजय राउत के इस बयान के बाद शनिवार सुबह मनसे के कार्यकर्ता सामना अखबार के ऑफिस के बाहर पहुंचे और राज ठाकरे की तस्वीर वाला एक पोस्टर लगा दिया। शिवसेना के अखबार सामना के ऑफिस के सामने मनसे (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) के कार्यकताओं ने राज ठाकरे की तस्वीर वाला एक बड़ा पोस्टर लगाया है। पोस्टर के जरिए मनसे की ओर से शिवसेना के सीनियर नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को चेतावनी दी गई है। कहा गया है कि कुछ साल पहले मनसे के कार्यकताओं ने संजय राउत की कार को पलट दिया था। मनसे की ओर से पोस्टर के जरिए पूछा गया है कि क्या इसे दोहराया जाना चाहिए? इस पोस्टर में लिखा गया है कि संजय राउत अपना लाउडस्पीकर बंद करें नहीं तो मनसे अपने स्टाइल में इसे बंद कराएगी।

# नायडु ने पत्नी संग की बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना

वाराणसी, एजेंसी



उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडु ने शनिवार को यहां श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी एम.उषा नायडु मौजूद थीं। अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति ने मंदिर परिसर में भारत माता के आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपना शीश नवाया। दर्शन पूजन के लिए पहुंचे राष्ट्रपति एवं उनकी पत्न ी श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर को देख अभिभूत हुए। उपराष्ट्रपति ने बाबा से देश में सुख शान्ति और लोक कल्याण की कामना की। दरबार में दर्शन पूजन के बाद उपराष्ट्रपति ने काशी विश्वनाथ धाम के नव्य और भव्य विस्तारित स्वरूप का अवलोकन भी किया। इस दौरान धाम की छटा और सुंदरता देख उपराष्ट्रपति और उनकी पत्नी आह्लादित नजर आए। नायडु ने मौजूद अफसरों से धाम के बारे में जानकारी ली और कहा कि अकल्पनीय है धाम। इस दौरान उपराष्ट्रपति को बाबा श्री काशीविश्वनाथ के प्रतिमा का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। तत्पश्चात उपराष्ट्रपति ने काशी के कोतवाल श्री काल भैरव मंदिर में भी विधिवत दर्शन पूजन किया बाबा की आरती उतारी।

इसके बाद उपराष्ट्रपति पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन पहुंचे और वहां पर स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय के गगनचुंबी विशाल प्रतिमा की चरणों पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की।

इस अवसर पर उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने स्मृति उपवन के थ्रीडी मॉडल एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र पर आधारित थ्रीडी पिक्चर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा को स्मृति चिन्ह के रूप में भेट किया गया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में अपना संदेश भी लिखा। इस दौरान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र ह्यदयालुह्न समेत कमिश्नर दीपक अग्रवाल, जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा भी मौजूद रहे।

## कांग्रेस विधायक के बेटे की दादागिरी ट्रक चालक और सिपाही से की मारपीट

रायगढ़, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में शनिवार को एक पुलिस थाने के अंदर एक पुलिसकर्मी और ट्रक चालक के साथ मारपीट करने के आरोप में कांग्रेस विधायक के बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना कोटरारोड थाने में शुक्रवार रात करीब एक बजे हुई, जिसके बाद पीड़ितों की शिकायत के आधार पर रायगढ़ से कांग्रेस विधायक प्रकाश नायक के बेटे ऋतिक नायक (24) के खिलाफ दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि कोटरारोड बाईपास पर ऋतिक और उसके सहयोगियों के साथ ट्रक चालक मुलायम यादव का विवाद हो गया। ट्रक ड्राइवर का आरोप है कि ऋतिक नायक के साथ पांच-छह सहयोगी थे।

# कीव के आसपास के इलाकों में करीब 900 लोगों के शव मिले

कीव, एजेंसी

रूसी क्षेत्र में यूक्रेन के लगातार जारी हमलों और काला सागर में रूसी युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होकर डूबने से भड़के मॉस्को ने कीव पर नए सिरे से मिसाइल हमले करने की धमकी दी है। वहीं, यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा है कि राजधानी के बाहरी इलाकों में 900 से अधिक आम लोगों के शव मिले हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें से अधिकांश लोगों को गोली मारी गई थी।

रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन में नए सिरे से हमले की तैयारी तेज कर दी है, जबकि दक्षिणी बंदरगाह शहर मारियुपोल में लड़ाई जारी है, जहां स्थानीय लोगों ने रूसी सैनिकों को शवों को खोदकर निकालते देखे जाने की सूचना दी है।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के अनुसार, उत्तर-पूर्वी शहर खारकीव में एक आवासीय इलाके पर गोलाबारी में सात महीने के एक शिशु सहित सात लोगों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। यूक्रेन की राजधानी कीव के महापौर विताली क्लित्श्चको ने एक ऑनलाइन पोस्ट में बताया कि राजधानी के पूर्वी जिले दारनित्स्की की शनिवार को घेराबंदी की गई और वहां धमाके हुए। उन्होंने बताया कि बचावकर्मी व चिकित्सा कर्मी मौके पर मौजूद हैं और पीड़ितों की जानकारी बाद में दी जाएगी। उन्होंने निवासियों से अपील की है कि वे सायरन की आवाज पर ध्यान दें और जो लोग राजधानी छोड़ चुके हैं, वे सुरक्षा कारणों से अभी न लौटें। राजधानी के क्षेत्रीय पुलिस बल के प्रमुख एंड्री नेबितोव ने कहा कि कीव के आसपास शवों को सड़कों पर छोड़ दिया गया या अस्थायी रूप से दफनाया दिया गया था। उन्होंने पुलिस के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 95 प्रतिशत लोगों की मौत गोली लगने से हुई है। नेबितोव ने कहा, हमें लगता है कि रूसी कब्जे के दौरान इन लोगों को यूं ही अकारण गोली मार दी गई। उन्होंने कहा कि हर दिन मलबे के नीचे और सामूहिक कब्रों से शव मिल रहे हैं तथा सबसे ज्यादा 350 से अधिक शव बुचा में बरामद हुए हैं।

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

पुन्हाना नगरपालिका से चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशी जुबेर खान पार्षद की ओर से
रमजान माह की
हार्दिक शुभकामनाएं
जुबेर खान

LIC health insurance car insurance
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

HIRA INTERNATIONAL SCHOOL
A CBSE Affiliated Sr. Secondary School
ISO 9001 • Certified Category 'A' School by C.B.S.E.
ADMISSION OPEN 2022-23
Classes Nursery to 12th
Campus:- Dhanaura - Chandpur Road, Mandi Dhanaura

ADMISsION OPEN 2022-23
Blue Birds INTERNATIONAL SCHOOL
curriculum changes as per New Education Policy
Regular classes starting from 21 March 2022
Amroha Road, Near Wave Industries, Mandi Dhanaura.
05924-275521, 275522, 8958964272
www.bbisdnr.in bbisrahul@gmail.com, bbisdhanaura@gmail.com
Transport Facility Available

M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS HOLSET Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

M.S. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
Affiliated to C.B.S.E. Delhi
Translating your dreams into reality
ADMISsION OPEN 2022-23
STREAMS ARE AVAILABLE: P.C.M • P.C.B. • Commerce & Art
Hostel is Available in School Campus.

मो.: 7404229610, 8218481886
बी.एस.डी. एकेडमी
अमरोहा रोड, मण्डी धनौरा (अमरोहा)
ADMISsION OPEN 2022-23
अपने सपनों में भरिए रंग B.S.D. Academy Dhanaura के संग

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106

राष्ट्रीय इंटर कॉलेज
धनौरा (अमरोहा)
प्रवेश प्रारम्भ
MOON Degree College
Behind Mandi Samiti Dhanaura (Amroha)
ADMISsION OPEN 2022-23
Cont. 9897444882
8077630505

SCHOLARS HOME
World Class School
Class NURSERY to XII
ADMISsION OPEN 2022-23
Streams:- Science, Commerce & Arts

ADMISSION OPEN 2022-23
Courses:- B.A, B.Com, B.SC, M.A, M.Sc, M.Com
No.1- in Education, Discipline Net Qualified Staff
N.C.C N.S.S
अमर सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज
एम.जे.पी रूहेलखण्ड बरेली से सम्बन्ध
शेरपुरा रोड, मण्डी धनौरा (अमरोहा)
अशोक सैनी प्रबंधक
Contact:- 7464812340, 9639777455, 9837060250
Web-http://amarsinghcollege.in, E-mail:- asmdcdhanaura@gmail.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129